वार्षिक रिपोर्ट 2015-16
ANNUAL REPORT 2015-16

स्पाइसेस बोर्ड भारत

स्पाइसेस बोर्ड भारत
SPICES BOARD INDIA

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
Ministry of Commerce & Industry
भारत सरकार
Government of India
कोचिन / Cochin – 682 025

स्पाइसेस बोर्ड
भारत

स्पाइसेस बोर्ड

वार्षिक रिपोर्ट
2015-16

स्पाइसेस बोर्ड

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

भारत सरकार

सुगंध भवन, पी.बी. नं. 2277, कोचिन - 682 025

दूरभाष : 0484-2333610-616, 2347965

इ. मेइल : mail@indianspices.com

वेबसाइट : www.indianspices.com

संकलन और संपादन

1. **श्री. एम.एस. रामलिंगम**

   सहायक निदेशक

2. **श्रीमती आज़रा नहास**

   सहायक निदेशक

3. **डॉ. जी. उषाराणी**

   सहायक निदेशक

तकनीकी समर्थन

1. **श्रीमती एम. एन. गीता**

   वैयक्तिक सहायक

2. **श्री एन. अनिलकुमार**

   वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक

3. **श्रीमती भावना जेसवानी**

   संपादक

4. **श्री आर. जयचंद्रन**

   ई डी पी सहायक

विषय सूची

	कार्यकारी सारांश	5
1.	संघटन और प्रकार्य	8
2.	प्रशासन	11
3.	वित्त और लेखा	15
4.	निर्यातोन्मुख उत्पादन	17
5.	निर्यात विकास एवं संवर्धन	33
6.	व्यापार सूचना सेवा	40
7.	प्रचार एवं संवर्धन	47
8.	कोडेक्स कक्ष और हस्तक्षेप	52
9.	इ-स्पाइस बाज़ार	57
10.	गुणवत्ता सुधार	58
11.	निर्यातोन्मुख अनुसंधान	63
12.	सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक आँकडा प्रक्रमण	68
13.	सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन	70
	अनुबंध - 1 बोर्ड के सदस्यों की सूची, जैसेकि 31-03-2016 को है।	71

कार्यकारी सारांश

वर्ष 2015-16 के दौरान भारतीय मसालों के निर्यात ने मूल्य के तौर पर अपना बढता रुख जारी रखा। वित्तीय वर्ष के दौरान, मूल्य में डोलर के तौर पर दो प्रतिशत और रुपयों के तौर पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 2014-15 के ₹ 14899.68 करोड (2432. 84 दशलक्ष यूएस डोलर) मूल्यवाले 8,93,920 टन के मुकाबले में देश से ₹ 16238.23 करोड (2482.83 दशलक्ष यूएस डोलर) मूल्यवाले कुल 8,43,255 टन मसालों व मसाले उत्पादों का निर्यात किया गया। निर्यात के परिमाण के मामले में छः प्रतिशत की गिरावट है, जो मुख्यतः जीरे के निर्यात में हुई कमी के कारण है।

वर्ष 2015-16 के दौरान मसालों के कुल निर्यात ने परिमाण एवं मूल्य के तौर पर लक्ष्य पार किया। वित्तीय वर्ष 2015-16 केलिए लक्ष्यीकृत ₹ 14014.00 करोड (2260 दशलक्ष यू एस डोलर) मूल्यवाले 8,08,000 टन की तुलना में, परिमाण के हिसाब से लब्धि 104 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से लब्धि रुपयों में 116 प्रतिशत और डोलरों में 110 प्रतिशत है।

वर्ष 2014-15 की तुलना में, परिमाण एवं मूल्य की दृष्टि से वर्ष 2015-16 के दौरान कालीमिर्च, इलायची (छोटी), हल्दी, सेलरी, बडी सौंफ, मेथी, लहसुन एवं हींग, इमली आदि जैसे अन्य मसालों के निर्यात में वृद्धि दशाई गई। करी पाउडर/पेस्ट एवं मसाले तेल व तैलीराल जैसे मूल्यवर्द्धित उत्पादों के निर्यात में भी वर्ष 2014-15 की अपेक्षा परिमाण व मूल्य दोनों ने वृद्धि दर्शाई है।

मसालों के निर्यातोन्मुख उत्पादन एवं कटाई पश्चात् सुधार, निर्यात विकास और संवर्धन, निर्यातोन्मुख अनुसंधान, गुणवत्ता सुधार एवं मानव संसाधन विकास व कार्य के उप घटकों के साथ, बोर्ड की बारहवीं प्लान योजना "मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादन, निर्यात विकास एवं संवर्धन" का कार्यान्वयन जारी रखा गया। वर्ष के दौरान ऊपर की योजना के कार्यान्वयन हेतु ₹ 95.00 करोड के कुल वित्तीय परिव्यय के खिलाफ, लब्धि ₹ 98.77 करोड की थी।

निर्यातोन्मुख उत्पादन के अंतर्गत, वर्ष 2015-16 के दौरान इलायची (छोटी) के पुनरोपण के अधीन 958.7 हेक्टयरों का क्षेत्रा लाया गया। इलायची (बडी) के मामले में, वर्ष के दौरान पुनरोपण/नवरोपण के अधीन 1661.35 हेक्टयर क्षेत्र लाया गया।

सिंचाई एवं भू विकास, वर्षाजल संभरण उपाय, सुधरे क्यूरिंग उपाय आदि केलिए सहायता उपलब्ध कराना जैसे कार्यक्रम इलायची केलिए कार्यान्वित किए गए। उत्तर पूर्वी क्षेत्र में, इलायची (बडी), अदरक एवं लकादोंग हल्दी की खेती केलिए सहायता प्रदान की गई। अन्य मसालों केलिए, कृषकों को पॉलिथीन शीटों, थ्रेशरों, पॉलिशरों की आपूर्ति और प्रशिक्षण जैसे कटाई-पश्चात् सुधार कार्यों केलिए सहायता प्रदान की गई। मसालों की जैवखेती, आई पी एम को बढावा, केंचुआ कंपोस्ट यूनिटों की स्थापना आदि केलिए भी समर्थन प्रदान किया गया।

मसालों के निर्यात विकास और संवर्धन के अन्तर्गत, वर्ष 2015-16 के दौरान, मसाला प्रसंस्करण में हाई-टेक अपनाना और वर्तमान सुविधाओं का उन्नयन, इन-हाउस गुणवत्ता नियन्त्रण प्रयोगशाला की स्थापना/उन्नयन, बिसिनस नमूनों को विदेश भेजना, सफाई, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकिंग, वेअरहाउसिंग आदि केलिए आम अवसंरचना सुविधाओं की स्थापना, अन्तर्राष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों व बैठकों में प्रतिभागिता जैसे कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया गया।

स्पाइसेस बोर्ड ने, मसाला उद्योग के पणधारियों को, खासकर कृषि समुदाय को, सशक्त बनाने हेतु आम अवसंरचना और प्रसंस्करण सुविधाएं प्रदान करते हुए प्रमुख उत्पादन/विपणी केन्द्रों में फसल विशेष मसाला पार्कों की स्थापना की है। बोर्ड ने छिन्दवाडा, मध्यप्रदेश; पुट्टडी, केरल; जोधपुर, राजस्थान; गुना, मध्यप्रदेश; गुण्टूर, आन्ध्रप्रदेश

और शिवगंगा, तमिलनाडु में मसाला पार्कों की स्थापना पूरी की है। राजस्थान के कोटा और उत्तरप्रदेश के राय बरेली में मसाला पार्कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

वर्ष के दौरान कोचिन, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, गुण्टूर और तूतिकोरिन की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने चयनित मसालों के निर्यात परेषणों की विश्लेषणात्मक सेवाएं और अनिवार्य परीक्षण व प्रमाणन कार्य जारी रखे। काण्डला की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला पूरी की गई है और कोलकत्ता की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला का काम प्रगति पर है। बोर्ड की सभी क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं ए एस आई डी ई योजना के तहत स्थापित की गई हैं। अवधि के दौरान, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने मिर्च एवं मिर्च उत्पाद, करी पाउडर, मसाले, अचार, हल्दी पाउडर तथा जीरे में पाए जानेवाले नाशीजीवनाशी अवशेष, एफ्लाटोक्सिन, अवैध रंजक, बाहरी पदार्थ आदि सहित विविध पैरामीटरों केलिए 98408 नमूनों का विश्लेषण किया है।

ए एस आई डी ई योजना के अधीन बोर्ड ने मुम्बई में एक नई गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला स्थापित की और बोर्ड की सभी प्रयोगशालाओं में सूक्ष्म जैविकीय विश्लेषण में उत्कृष्टता-केन्द्र स्थापित किया।

बोर्ड का भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान इलायचियों (छोटी व बडी) से संबंधित प्रजातीय सुधार, जैव प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप, एकीकृत पोषक, नाशकजीव व रोग प्रबन्धन और वैज्ञानिक कटाई-पहचात् तकनोलजियों और तकनोलजी अन्तरण पर अनुसंधान कार्यक्रम चलाता है। चलाए गए विस्तार कार्यक्रमों में एकीकृत नाशकजीव प्रबन्धन पर सलाहकार सेवाएँ, मृदा-जाँच आधारित उर्वरक संस्तुतियाँ, स्पाइस क्लिनिक, मसाले उत्पादन प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण, जैव अभिकारक उत्पादन और आपूर्ति आते हैं।

स्पाइसेस बोर्ड भारत द्वारा मेज़बानी किए गए, सी सी एस सी एच का द्वितीय सत्र 14 से 18 सितंबर 2015 के दौरान गोवा में संपन्न हुआ, जिसमें 38 राष्ट्रों के 100 प्रतिनिधियों एवं तीन अन्तर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संगठनों ने भाग लिया। श्री आशीष बहुगुणा, अध्यक्ष, एफ एस एस ए आई ने सत्र का उद्घाटन किया।

अन्तर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय का 43 वां सत्र और बैठकें 22 से 25 नवंबर, 2015 तक के दौरान मैसूर में संपन्न हुई। प्रमुख कालीमिर्च उत्पादक राष्ट्रों के करीब 200 प्रतिनिधियों ने बैठकों में भाग लिया।

स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अभिकल्पित सिक्किम ओरगानिक लॉगो 18 जनवरी, 2016 को गान्तोक, सिक्किम में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा निकाला गया।

गुजरात यूनिवर्सिटी कन्वेंशन व एक्सिबिशन सेंटर, अहमदाबाद, गुजरात में 27 से 29 फरवरी, 2016 तक के दौरान संपन्न 13 वीं विश्व मसाला काँग्रेस का उद्घाटन गुजरात के माननीय कृषि मंत्री श्री बाबुभाई वी. बोखिरिया ने किया। विश्व मसाला 2016 काँग्रेस के दौरान आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन सुश्री रीता तेवतिया, सचिव, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार ने किया।

मुख्यालय में प्रवृत्त राजभाषा अनुभाग ने वर्ष 2015-16 के दौरान सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में सहायता दी। बोर्ड के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को मानीटर करने का यह नोडल पाइंट है। बोर्ड की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सहमति और अनुमोदन के साथ, राजभाषा विभाग, गृहमंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम तथा राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग के सम्बन्ध में, समय-समय पर जारी अनुदेशों व आदेशों के अनुसार बोर्ड का राजभाषा अनुभाग विविध संवर्धनात्मक कार्यक्रमों का रूपायन और आयोजन करता है।

बोर्ड ने आर टी आई अधिनियम 2005 को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किया है और इस संबंध में सरकार के सभी दिशानिर्देशों का पालन किया है। आर टी आई अधिनियम 2005 के अनुसार, बोर्ड ने सूचना के प्रसारण हेतु समन्वय केन्द्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी (सी सी पी आई ओ) के रूप में उप निदेशक (योजना व समन्वयन) को और सात केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारियों (सी पी आई ओ) को बोर्ड के विभिन्न विभागों में नामोद्दिष्ट किया है। बोर्ड ने

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 5(2) के अधीन बोर्ड की क्षेत्र-इकाइयों में 21 केन्द्रीय सहायक सार्वजनिक सूचना अधिकारियों (सी ए पी आई ओ) को भी नामोद्दिष्ट किया है। सचिव, स्पाइसेस बोर्ड को आर टी आई अधिनियम 2005 के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु नॉडल अधिकारी और बोर्ड के अपीलीय अधिकारी (ए ए) के रूप में मनोनीत किया गया है। वर्ष 2015-16 के दौरान, आर टी आई अधिनियम के अधीन सरकार के ऑन-लाइन पोर्टल और ऑफ-लाइन माध्यम से कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों से संबंधित जानकारी निर्धारित समय के अन्तर्गत प्रदान की गई।

1. संघटन और प्रकार्य

अ) स्पाइसेस बोर्ड का संघटन

संसद द्वारा अधिनियमित स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 10) में इलायची की खेती एवं उससे जुडे मामलों के नियंत्रण सहित मसालों के निर्यात के विकास तथा इलायची उद्योग के नियंत्रणार्थ बोर्ड के गठन का प्रावधान है। इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय सरकार ने स्पाइसेस बोर्ड का गठन किया, जो 26 फरवरी 1987 से अस्तित्व में आ गया।

आ) स्पाइसेस बोर्ड की सदस्यता में:

(क) अध्यक्ष;

(ख) संसद के तीन सदस्य, जिनमें से दो लोकसभा से और एक राज्य सभा से चुने हुए होते हैं

(ग) केन्द्रीय सरकार के निम्नलिखित मंत्रालयों के प्रतिनिधि तीन सदस्य:

(i) वाणिज्य;

(ii) कृषि; एवं

(iii) वित्त;

(घ) मसाले कृषकों के प्रतिनिधि सात सदस्य;

(ङ) मसाले निर्यातकों के प्रतिनिधि दस सदस्य;

(च) प्रमुख मसाले उत्पादक राज्यों के प्रतिनिधि तीन सदस्य;

(छ) निम्नलिखित प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करनेवाले चार सदस्य:-

(i) योजना आयोग;

(ii) भारतीय पैकेजिंग संस्थान, मुम्बई;

(iii) केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकीय अनुसंधान संस्थान, मैसूर;

(iv) भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कालिकट;

(ज) मसाले श्रमिकों के हितों का प्रतिनिधि एक सदस्य

(वर्ष के दौरान स्पाइसेस बोर्ड के सदस्यों की सूची अनुबंध - I में है)

इ) बोर्ड के कार्य

स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम, 1986, के मुताबिक स्पाइसेस बोर्ड को निम्नलिखित काम सौंप दिए गए हैं:-

क) बोर्ड -

(i) मसालों का विकास, प्रचार एवं निर्यात - नियमन करें;

(ii) मसालों के निर्यात केलिए प्रमाणपत्र प्रदान करें;

(iii) मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने केलिए कार्यक्रम व परियोजना चलाए;

(iv) मसालों के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग व पैकेजिंग की गुणवत्ता तकनीक के सुधार केलिए अनुसंधान व अध्ययन कार्य को सहायता एवं प्रोत्साहन प्रदान करें;

(v) निर्यातार्थ मसालों के मूल्य के स्थिरीकरण की दिशा में प्रयास करें;

(vi) उपयुक्त गुणवत्ता प्रतिमानों का विकास तथा निर्यातलायक मसालों का 'गुणवत्ता - चिह्नांकन' द्वारा गुणवत्ता - प्रमाणीकरण करें;

(vii) निर्यातार्थ मसालों की गुणवत्ता का नियंत्रण करें;

(viii) निर्यातार्थ मसालों के विनिर्माताओं को निर्धारित शर्त व निबन्धनों के आधार पर अनुज्ञप्ति प्रदान करें;

(ix) निर्यात बढाने केलिए आवश्यकता महसूस होने पर किसी भी मसाले का विपणन करें;

(x) मसालों केलिए विदेशों में भण्डागार सुविधाएँ प्रदान करें;

(xi) संकलन एवं प्रकाशनार्थ मसाले विषयक सांख्यिकी इकट्ठा करें;

(xii) केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से बिक्री केलिए किसी भी मसाले का आयात करें; तथा

(xiii) मसालों के आयात - निर्यात संबंधी बातों पर केन्द्रीय सरकार को सलाह दे दें।

ख) साथ ही, बोर्ड -

(i) इलायची कृषकों के बीच सहकारी प्रयासों को बढ़ावा दें;

(ii) इलायची कृषकों को लाभकारी पारिश्रमिक सुनिश्चित करें;

(iii) इलायची खेती और प्रसंस्करण के सुधरे तरीकों, इलायची पुनरोपण तथा इलायची खेती इलाकों के विस्तारण केलिए वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान करें;

(iv) इलायची की बिक्री को विनियमित तथा उसके मूल्य को स्थिर रखें;

(v) इलायची की जाँच तथा उसके ग्रेड मानदण्डों को स्थिर करने का प्रशिक्षण प्रदान करें;

(vi) इलायची के उपभोग को बढावा दें तथा उसके प्रचार-प्रसार को जारी रखें;

(vii) इलायची के (नीलामकर्त्ताओं सहित) दलालों एवं इलायची का धंधा करनेवाले लोगों को पंजीयन और अनुज्ञप्ति दें;

(viii) इलायची के विपणन में सुधार करें;

(ix) इलायची उद्योग से जुडे किसी भी विषय पर कृषकों, व्यापारियों या ऐसे अन्य विनिर्दिष्ट लोगों से आंकडा इकट्ठा करें और उनको या उनके अंश को या उनके सारांश को प्रकाशित करें;

(x) श्रमिकों केलिए बेहतर कार्यकारी परिस्थितियों और सुविधाओं की व्यवस्था तथा प्रोत्साहन को भी सुनिश्चित करें, और

(xi) वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय तथा आर्थिक अनुसंधान कार्य चलाएँ, उनकेलिए प्रोत्साहन या सहायता प्रदान करें।

ई) बोर्ड के अधिकार क्षेत्र के अधीन आनेवाले मसाले

स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम की अनुसूची में निम्नलिखित 52 मसाले आते हैं:-

1	इलायची	2	कालीमिर्च	3	मिर्च
4	अदरक	5	हल्दी	6	धनिया
7	जीरा	8	बडी सौंफ	9	मेथी
10	सेलरी	11	सौंफ	12	अजोवन (मसाले का पौधा)
13	काला जीरा	14	सोआ	15	दालचीनी
16	अमलतास (कैसिया)	17	लहसुन	18	करी पत्ता
19	कोकम	20	पुदीना	21	सरसों
22	अजमोद	23	अनारदाना	24	केसर
25	वैनिला	26	तेजपात	27	पीपला
28	स्टार एनीज़	29	घोड़ बच (स्वीट फ्लैग)	30	महा गेलेंजा



31	होर्स-रैडिश	32	केपर	33	लौंग
34	हींग	35	केम्बोज	36	हिस्सप
37	जूनिपर बेरी	38	बे-पत्ता	39	लूवेज
40	मर्जोरम	41	जायफल	42	जावित्री (मेस)
43	तुलसी	44	खसखस	45	ऑलस्पाइस
46	रोज़मेरी	47	सेज	48	सेवरी
49	थाइम	50	ओरगेनो	51	टेरागन
52	इमली				

(करी पाउडर, मसाले तेल, तैलीराल एवं अन्य मिश्रण सहित किसी भी रूप में हो, जहाँ मसाला घटक प्रमुख है)

उ) बोर्ड की निम्नलिखित तीन सांविधिक समितियाँ हैं:-

(क) कार्यकारी समिति

(ख) इलायची केलिए अनुसंधान एवं विकास समिति

(ग) मसालों केलिए विपणि विकास समिति

2. प्रशासन

अ) प्रशासन

डॉ. ए. जयतिलक भा प्र से, श्री पी.एम. सुरेषकुमार, श्री एस. सिद्दरामप्पा, श्री एस. कण्णन एवं श्री के.सी. बाबु रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान बोर्ड के क्रमशः अध्यक्ष, सचिव, निदेशक (विकास), निदेशक (विपणन व स्थापना) तथा निदेशक (वित्त) के रूप में जारी रहे। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान डॉ. वाई.एस. राव, वैज्ञानिक डी ने निदेशक (अनुसंधान) का भार संभाला। जैसेकि 31 मार्च, 2016 को है, स्पाइसेस बोर्ड की स्टाफ संख्या, 449 थी, जिसमें 6 विभागीय कैंटीन कर्मचारियों सहित 92 वर्ग 'क', 148 वर्ग 'ख' और 209 वर्ग 'ग' अधिकारी शामिल हैं।

i) नियुक्तियों एवं पदोन्नतियों में अ. जा./अ. ज. जा./ अ. पि. व. केलिए आरक्षण

बोर्ड अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. केलिए पद-आधारित आरक्षण रोस्टर का उचित रूप से कार्यान्वयन करता है। सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी अनुदेशों का भी कडाई से अनुपालन किया जाता है। जैसेकि 31 मार्च, 2016 को है, अ.जा./अ.ज.जा. और अ.पि.व. की श्रेणियों में 245 कर्मचारी आते हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान, बोर्ड ने सात अ.जा. के और तीन अ.ज.जा. के पदाधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की है। बोर्ड विकलांग व्यक्तियों केलिए भी आरक्षण रोस्टर बनाए रखता है।

ii) महिला कल्याण

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, बोर्ड की 'क', 'ख' व 'ग' श्रेणियों की महिला पदाधिकारियों की कुल संख्या 126 है। महिला पदाधिकारियों की शिकायतों पर समय पर और उचित तौर पर ध्यान दिया जाता है। बोर्ड की एक 'महिला अधिकारी' को 'महिला कल्याण अधिकारी' के रूप में नियुक्त किया गया है, ताकि महिलाओं की परेशानियाँ और समस्याएं, यदि कोई हों, तो उन्हें जानने और संभव समाधान केलिए सुझावों के साथ उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया जा सके।

iii) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. कल्याण

बोर्ड द्वारा अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व. के कर्मचारियों के कल्याण की देखभाल हेतु और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु समितियों का गठन किया जा चुका है।

iv) विकलांग व्यक्तियों का कल्याण

बोर्ड द्वारा विकलांग व्यक्तियों से जुडे आरक्षण मामलों केलिए एक संपर्क अधिकारी को पदनामित किया जा चुका है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान बोर्ड ने विकलांग व्यक्तियों केलिए सात रिवितयाँ अधिसूचित की हैं जिनमें से वैज्ञानिक 'बी' वर्ग 'क' (अ.पि.व. - श्रवण बाधित-1) केलिए एक पद और वर्ग 'छः' केलिए पद, अर्थात्, वरिष्ठ लिपिक - 3 (अनारक्षित - श्रवणबाधित - 1, दृष्टि बाधित और अस्थि बाधित-1), वरिष्ठ सूक्ष्म वैज्ञानिक - 1 अनारक्षित (श्रवणबाधित-1) और कनिष्ठ लिपिक-2 (अनारक्षित - श्रवणबाधित-1 और अ.पि.व. दृष्टि बाधित)

v) आन्तरिक लेखापरीक्षा

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान इन्स्टिट्यूट ऑफ पब्लिक ओडिटेर्स ऑफ इण्डिया (आई पी ए आई) बोर्ड की आन्तरिक लेखापरीक्षक के रूप में जारी रहा।

vi) बोर्ड की बैठकें

रिपोर्ट के अधीन की अवधि के दौरान तीन बोर्ड बैठकें आयोजित की गईं। बोर्ड के सदस्यों की सूची संलग्न है।

vii) बोर्ड के कार्यालय

बोर्ड का मुख्यालय केरल के कोच्ची में स्थित है। वर्ष 2015-16 के दौरान बोर्ड के निम्नलिखित कार्यालय प्रवृत्त रहेः-

क) विपणन

स्पाइसेस बोर्ड के विपणन कार्यालय मुंबई, चेन्नई, तूतिकोरिन, बोडिनायकन्नूर, गुण्टूर, बंगलूरु, नई दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकत्ता,

गान्तोक, गुवाहटी, सिंगताम, ऊँझा में स्थित हैं।

मसाला पार्कः बोर्ड ने छिन्दवाडा, पुट्टडी, शिवगंगा, गुण्टूर, जोधपुर एवं गुना में मसाला पार्कों की स्थापना की है। कोटा एवं रायबरेली में मसाला पार्कों की स्थापना प्रगति पर है।

ख) विकास

बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालय बोडिनायकन्नूर, ईरोड, सकलेशपुर, हावेरी, गुण्टूर, वारंगल, गुना, ऊँझा, बाराबंकी, मुंबई, श्रीनगर, गान्तोक, गुवाहटी एवं जोधपुर में प्रवृत्त हैं।

मण्डल कार्यालय नेडुंकण्डम, पुट्टडी, राजकुमारी, चिकमगलूर, मडिकेरी, शिमोगा, अगरत्तला, ऐज़ल, इटानगर, तिनसुकिया, जोरथांग, कलिंपोंङ, मंगन एवं तादोंग में प्रवृत्त हैं।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र सहित मसाले बढाए जानेवाले राज्यों में 56 क्षेत्र कार्यालय प्रवृत्त हैं।

कर्नाटक राज्य में पाँच विभागीय पौधशालाएं प्रवृत्त हैं।

ग) अनुसंधान

मैलाडुंपारा (केरल) के भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान (आई सी आर आई) और सकलेशपुर (कर्नाटक), तादोंग (सिक्किम) के क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशनों ने अपना प्रवर्तन जारी रखा।

viii) बागान श्रम कल्याण

बोर्ड इलायची बागानों में कार्यरत श्रमिकों के हित हेतु बागान श्रम कल्याण के अधीन निम्नलिखित योजना जारी रखता हैः-

इलायची संपदा कामगारों के बच्चों को शैक्षिक वजीफा प्रदान करना

यह योजना एस.एस.एल.सी. के बाद अपनी शिक्षा जारी रखनेवाले छात्रों केलिए है। योजना के अधीन, स्पाइसेस बोर्ड, बोर्ड द्वारा नियत निबंधनों व शर्तों की पूर्ति पर इलायची बागान के कामगारों के पात्र बच्चों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, केरल, कर्नाटक एवं तमिलनाडु क्षेत्र में बागान श्रम कल्याण योजना के अन्तर्गत 189 छात्रों को ₹ 2,07,700 की राशि वितरित की गई।

आ) राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

ऊपर के शीर्ष के अधीन राजभाषा अनुभाग द्वारा प्रमुख कार्यकलाप और उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं :-

i) अनुवाद

वर्ष 2015-16 के दौरान किए गए अनुवाद कार्य निम्नानुसार हैं :-

क) प्राप्त हिन्दी पत्र और उनका जवाब

ख) सेवारत पदाधिकारियों केलिए विज़िटिंग कार्ड, रबड़-मोहर, और बोर्ड की सेवाओं से सेवानिवृत्त पदाधिकारियों केलिए मेमेंटो

ग) बोर्ड द्वारा आयोजित विविध समारोहों केलिए द्विभाषी सामग्री (बैनर, बैकड्रोप, आमंत्रण कार्ड, कार्यक्रम शीट आदि)

घ) राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अधीन आनेवाले कागज़ात जैसेकि सामान्य आदेश, टेंडर दस्तावेज़, विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्ति, अधिसूचना आदि

ङ) हिन्दी पत्रिका 'स्पाइस इण्डिया' केलिए सामग्री

च) बोर्ड की विकास योजनाएं

छ) बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2014-15

ज) जनवरी 2016 में बोर्ड के दौरे/निरीक्षण केलिए कृषि से जुडी संसदीय स्थाई समिति केलिए बैकग्राउण्ड नोट

झ) कृषि से जुडी संसदीय स्थाई समिति केलिए भरी हुई प्रश्नावली

ञ) स्पाइसेस बोर्ड की आठ कोर्पोरेट फिल्में

ii) राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

क) राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन

रिपोर्टा के अधीन की अवधि के दौरान हर तिमाही में एक बैठक के तौर पर क्रमशः 10 अप्रैल 2015, 7 जुलाई 2015, 5 अक्तूबर 2015 एवं 13 जनवरी 2016 को चलाई गईं। इन बैठकों की अध्यक्षता, अध्यक्ष महोदय ने की और बोर्ड के उच्च अधिकारी, जो

रा.भा.का.स. के सदस्य हैं, ने बैठकों में भाग लिए थे। इन बैठकों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी विविध मुद्दों पर चर्चा की गई।

ख) हिन्दी कार्यशाला

विभाग ने मुख्यालय में स्टाफ सदस्यों केलिए क्रमशः 18-19 जून 2015 और 19-20 नवंबर 2015 को दो हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की। इन कार्यशालाओं में कुल 37 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया।

ग) सेवाकालीन हिन्दी प्रशिक्षण

केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के अधीन मुख्यालय और बाहरी कार्यालयों के आठ स्टाफ सदस्यों को सेवाकालीन हिन्दी प्रशिक्षण (जुलाई 2015-मई 2016 सत्र) हेतु मनोनीत किया गया।

घ) राजभाषाई निरीक्षण

जनवरी 2015 के दौरान संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दौरा/ निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई के भाग के रूप में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट के अधीन की अवधि के दौरान बोर्ड ने अपने 31 बाहरी कार्यालयों का आन्तरिक राजभाषाई निरीक्षण चलाया है।

ङ) हिन्दी पुस्तकों, शब्दकोशों की खरीद/हिन्दी समाचार पत्र/ पत्रिकाओं केलिए चंदा

मेसर्स अनुराग प्रकाशन, नई दिल्ली के साथ सरल और उपयोगी पुस्तकें जैसेकि लघु कहानियां, कविताएं, नाटक, उपन्यास आदि की बाहरी कार्यालयों को आपूर्ति हेतु आवश्यक व्यवस्था की गई। एक स्टाफ-सदस्य की माँग के मुताबिक हिन्दी - अंग्रेज़ी शब्दकोश की एक प्रति खरीदी गई और संबंधित स्टाफ को उसकी सप्लाई की गई। वर्ष के दौरान पुस्तकालय के लिए करीब ₹ 68,687 की हिन्दी पुस्तकें खरीदी गईं। हिन्दी समाचार पत्र 'डेली हिन्दी मिलाप' की ग्राहकता बनाई रखी गई।

च) राजभाषा अभिमुखीकरण कार्यक्रम

राजभाषा विभाग के सचिव के दौरे के सिलसिले में कोच्ची टोलिक के सहयोग के साथ क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोच्ची द्वारा सी एम एफ आर आई, कोच्ची में 6 अगस्त 2015 को आयोजित 'राजभाषा अभिमुखीकरण कार्यक्रम' में अध्यक्ष महोदय ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में राजभाषा अनुभाग के स्टाफ-सदस्यों ने भी अध्यक्ष महोदय का साथ दिया। इस सिलसिले में मासिक पत्रिका स्पाइस इण्डिया, सुगन्धवाणी सहित बोर्ड के हिन्दी प्रकाशनों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

छ) हिन्दी दिवस/पखवाड़ा समारोह 2015

मुख्यालय में 14 सितम्बर 2015 को 'हिन्दी दिवस' मनाया गया।

डॉ. ऐंजल भाटी भा.प्र.से., सहायक कलेक्टर, एरणाकुलम ने 23 सितम्बर 2015 को हिन्दी पखवाडा समारोह का उद्घाटन किया। हिन्दी पखवाडा समारोह 2015 के सिलसिले में स्टाफ सदस्यों केलिए विविध हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और बाहरी कार्यालयों को आवश्यक समर्थन प्रदान किया गया।

हिन्दी पखवाडा समारोह 2015 का समापन समारोह मुख्यालय में 17 दिसंबर 2015 को आयोजित किया गया। अध्यक्ष महोदय ने समारोह की अध्यक्षता की और हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं, हिन्दी में सराहनीय काम केलिए और एस एस एल सी, सी बी एस ई/ आई सी एस ई (10 वीं कक्षा) में ए$^+$ ग्रेड प्राप्त करने पर नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए।

एक 'संगीत आस्वादन कार्यक्रम' का भी आयोजन किया गया।

ज) हिन्दी पखवाडा समारोह 2015-विशेष कार्यक्रम

हिन्दी पखवाडा समारोह 2015 के सिलसिले में एक विशेष कार्यक्रम के रूप में 29 जनवरी, 2016 को हिन्दीतर भाषी क्षेत्रों के हाई-स्कूल छात्रों केलिए 'हिन्दी में गूढ़ार्थ वर्ग पहेली प्रतियोगिता' चलाई गई।

हिन्दी के प्रचार-प्रसार में बोर्ड के प्रयास के भाग के रूप में 20 फरवरी, 2016 को केरल के स्कूली बच्चों केलिए एक हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। श्री मीर मोहम्मद अली भा.प्र.से., निदेशक, सर्वेक्षण एवं भू अभिलेख निदेशालय, केरल सरकार ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होस्ट की। डॉ. ए. जयतिलक भा.प्र.से., अध्यक्ष ने समारोह की अध्यक्षता की और विजेताओं को



प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए।

झ) कोच्ची टोलिक द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी

संयुक्त राजभाषा समारोह 2015 से जुडे खर्च की पूर्ति केलिए कोच्ची टोलिक को शेयर अंशदान की व्यवस्था की गई।

राजभाषा समारोह 2015 के सिलसिले में कोच्ची टोलिक द्वारा आयोजित हिन्दी प्रतियोगताओं में मुख्यालय के पदाधिकारियों की प्रतिभागिता हेतु आवश्यक तैयारियाँ की गई।

ञ) नए रंगरूटों केलिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम

भारत सरकार की राजभाषा नीति और स्पाइसेस बोर्ड में उसके कार्यान्वयन हेतु लिए गए कदमों के बारे में नए रंगरूटों को जानकारी देने हेतु एक पावर पाइंट प्रस्तुति तैयार की गई। प्रमुख ध्यान देने योग्य बातों पर संक्षिप्त विवरण भी दिया गया।

हिन्दी द्विभाषी प्रकाशन जैसेकि (अ) बोलचाल की हिन्दी (आ) प्रशासनिक एवं वैज्ञानिक शब्दावली (इ) निरखें ..... परखें ..... (ई) फिर आई बागों में बहार, (उ) अदरक, (ऊ) क, ख व ग क्षेत्रों को अंकित करनेवाला भारत का नक्शा आदि की वैयक्तिक प्रतियां भी वितरित की गईं। कंप्यूटरों में हिन्दी यूनिकोड सक्रिय बनाना / ध्वनि आधार पर हिन्दी टंकण / अनुवाद / लिप्यंतरण सुविधा के प्रयोग पर एक सत्र भी आयोजित किया गया।

ट) हिन्दी / द्विभाषी प्रकाशन

बोर्ड ने अपनी मासिक हिन्दी पत्रिका 'स्पाइस इण्डिया' का प्रकाशन जारी रखा। पुदीना, अदरक एवं हल्दी पर हिन्दी पुस्तिकाएं निकालकर हिन्दी क्षेत्रों में स्थित बोर्ड के बाहरी कार्यालयों को सप्लाई की गईं। राजभाषा अनुभाग ने विकास योजनाओं को हिन्दी में प्रकाशित करने में भी प्रचार अनुभाग की मदद की। वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2014-15 के हिन्दी पाठ की तुलना की गई। प्रूफ रीडिंग किया गया।

i) उपलब्धियां/पुरस्कार

कोच्ची टोलिक से राजभाषा ट्रोफी

बोर्ड ने वर्ष 2014-15 केलिए कोच्ची टोलिक द्वारा उसके सदस्य संगठनों केलिए राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में सराहनीय काम केलिए प्रस्तुत राजभाषा रोलिंग ट्रोफी ग्रहण की।

(ii) कोच्ची टोलिक से हिन्दी गृह पत्रिका केलिए ट्रोफी

बोर्ड ने वर्ष 2014-15 केलिए कोच्ची टोलिक द्वारा उसके सदस्य संगठनों केलिए प्रस्तुत ट्रोफी प्राप्त की। बोर्ड को अपनी मासिक हिन्दी पत्रिका "स्पाइस इण्डिया" केलिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया था।

(iii) पुस्तकालय और प्रलेखन सेवा

बोर्ड के पुस्तकालय में कम्प्यूटरीकृत ग्रन्थ सूची दित्ता-बेस सहित पुस्तकों और पत्रिकाओं का अच्छा संग्रहण है। पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र को मज़बूत बनाने की प्रक्रिया नई अतिरिक्त पुस्तकों और पत्रिकाओं को जोडकर जारी रखी गई। वर्ष 2015-16 के दौरान, 506 नई पुस्तकें खरीदी गईं और करीब 140 पत्रिकाओं केलिए चंदा जारी रखा गया। पुस्तकालय ने पुस्तकालय दस्तावेज़ों एवं पत्रिकाओं का परिचालन, दस्तावेज़ सुपुर्दगी सेवाएं, वर्तमान जागरूकता सेवाएं, दैनिक सूचना सेवाएं, सी डी रोम सर्च, मसालों एवं मसाले मिश्रणों पर समाचार पत्र कतरन सेवा जैसी नियमित सेवाएं जारी रखीं। विविध विश्वविद्यालयों के लगभग 75 छात्रों एवं शोधकर्त्ताओं को मार्गनिर्देश सहित संदर्भ सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। बारकोड स्कैनर सुविधा सहित कोहा पुस्तकालय प्रबंधन सोफ्टवेयर (कोहा लाइब्रेरी मैनेजमेंट सोफ्टवेयर) और ऑनलाइन पब्लिक ऐक्सस कैटलॉग (ओ पी ए सी) सुविधा की स्थापना करते हुए पुस्तकालय दस्तावजों की आसानी से प्राप्ति केलिए पुस्तकालय का उन्नयन किया गया।

3. वित्त और लेखा

प्लान के अधीन बोर्ड की योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों केलिए वित्तीय व्यवस्था भारत सरकार से प्राप्त अनुदान एवं इमदाद द्वारा की जाती है। प्रशासन के गैर-योजना खर्च मुख्यतः सरकार से प्राप्त सहायता-अनुदान और बोर्ड के विविध कार्यकलापों से बननेवाले आन्तरिक एवं अतिरिक्त बजटीय संसाधन (आई ई बी आर) के ज़रिए चुकाए जाते हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान प्लान के अधीन ₹ 9500.00 लाख और नॉन-प्लान के अधीन ₹ 1034.50 लाख बोर्ड केलिए अनुमोदित बजट है। वर्ष 2015-16 के दौरान सरकार की तरफ से अनुदान केलिए ₹ 3600.00 लाख, इमदाद केलिए ₹ 3900.00 लाख, उत्तर पूर्वी क्षेत्र केलिए उपबन्ध के रूप में ₹ 1000.00 लाख, प्लान के अधीन एस सी उप प्लान केलिए उपबन्ध के रूप में ₹ 1000.00 लाख और नॉन प्लान के अधीन ₹ 1034.50 लाख बोर्ड को प्राप्त हुए। बोर्ड ने 2015-16 के दौरान गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान की गई गुणवत्ता जाँच-सेवाओं के विश्लेषण चार्ज, पौधशालाओं से पादपों, अनुसंधान फार्मों के फार्म-उत्पादों की बिक्री, चंदा एवं विज्ञापन शुल्क, निर्यातकों का रजिस्ट्रीकरण शुल्क, कर्मचारियों को दिए गए अग्रिमों की वापसी, अग्रिम पर ब्याज़, अल्पकालीन जमा पर ब्याज आदि से ₹ 801.71 लाख का आई ई बी आर जमाए। वर्ष 2015-16 के दौरान, प्लान एवं नॉन-प्लान के अधीन का कुल व्यय ₹ 11702.06 लाख था, जिसका ब्यौरा नीचे दिया जाता है:-

लेखा शीर्ष	बजट अनुदान (₹ लाखों में)	व्यय (₹ लाखों में)
नॉन-प्लान (आई ई बी आर सहित)	1034.50	2083.66
प्लान		
निर्यातोन्मुख उत्पादन	3900.00	3973.44
निर्यात विकास एवं संवर्धन	4000.00	4003.16
निर्यातोन्मुख अनुसंधान	600.00	621.44
गुणवत्ता सुधार	750.00	769.93
एच आर डी व निर्माण कार्य	250.00	250.43
कुल (प्लान)	9500.00	9618.40
कुल (नॉन-प्लान व प्लान)	10534.50	11702.06

बोर्ड अन्य सरकारी विभागों एवं राष्ट्रीय अभिकरणों, जैसेकि **आई सी ए आर, ए एस आई डी ई** आदि से प्राप्त अनुदानों से कुछ अन्य चालू परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का कार्यान्वयन भी करता आ रहा है। वर्ष 2015-16 के दौरान की ऐसी परियोजनाओं, प्राप्त अनुदानों एवं खर्च किए गए व्यय का ब्यौरा अगले पृष्ठ में दिया जाता है:-

कार्यक्रम	अनुदान (₹ लाखों में)	व्यय (₹ लाखों में)
एम आई डी एच	350.00	387.70
ए एस आई डी ई	950.00	1810.45
इडुक्की जिले में एन एच एम कालीमिर्च उत्पादन	0.00	0.86
आर के वी वाई आन्ध्र प्रदेश	230.00	343.23
आई सी ए आर - ए आई सी आर पी एस	11.28	9.48
इ-मसाला बाज़ार	0.00	54.89
क्षेत्र व्यापक आई पी एम काली कालीमिर्च	3.00	2.40
सूक्ष्मजीव विज्ञान में उत्कृष्टता केंद्र	0.00	237.60
अन्तर संस्थानिक सहयोगी अनुसंधान	0.00	4.13
कुल	**1544.28**	**2850.74**

4. निर्यातोन्मुख उत्पादन

उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणवत्ता में सुधार के रूप में इलायची (छोटी व बडी) के समग्र विकास की जिम्मेदारी स्पाइसेस बोर्ड की है। निर्यातार्थ स्वच्छ मसालों के उत्पादन हेतु बोर्ड, फसलोत्तर सुधार कार्यक्रम भी चलाता है। बोर्ड के विविध विकास कार्यक्रम व कटाई पश्चात् गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम 'निर्यातोन्मुख उत्पादन' शीर्षक के अधीन शामिल है।

विकास कार्यक्रम 14 प्रादेशिक कार्यालयों, 15 मण्डल कार्यालयों एवं 56 क्षेत्र-कार्यालयों के विस्तार नेटवर्क के ज़रिए कार्यान्वित किए जाते हैं। बोर्ड इलायची कृषकों की गुणवत्तावाली रोपण सामग्री की अपेक्षा की पूर्ति केलिए कर्नाटक के प्रमुख इलायची बढानेवाले क्षेत्रों में पाँच विभागीय पौधशाला व फार्मों का रखरखाव भी करता है।

स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों के विकास एवं विपणन को बढावा देने हेतु निम्नलिखित 10 मसाला विकास एजेन्सियों (एस डी ए) की स्थापना की है:-

(1) गुवाहटी एस डी ए

(2) गान्तोक एस डी ए

(3) उत्तर प्रदेश एस डी ए

(4) गुना एस डी ए

(5) ऊंझा एस डी ए

(6) जोधपुर एस डी ए

(7) मुंबई एस डी ए

(8) गुंटूर एस डी ए

(9) हावेरी एस डी ए

(10) ईरोड एस डी ए

मसाले कृषकों, निर्यातकों, व्यापारियों, राज्य बागवानी / कृषि विभाग, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, जोइंट डी जी एफ टी, कृषि मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय आदि का प्रतिनिधित्व करनेवाले 17 सदस्यों सहित एस डी ए का सभापति संबंधित राज्य के मुख्य सचिव हैं। बोर्ड के प्रादेशिक अधिकारी एस डी ए के सदस्य सचिव होंगे। एस डी ए ने बैठकें आयोजित की हैं और एस डी ए में लिए गए निर्णयानुसार कार्य किए जा रहे हैं।

स्पाइसेस बोर्ड ने जम्मू व कश्मीर में केसर के विकास, विपणन, गुणवत्ता, निर्यात एवं घरेलू खपत को बढावा देने हेतु श्रीनगर में केसर उत्पादन एवं निर्यात विकास अभिकरण (एस पी ई डी ए - स्पेडा) की स्थापना की है। सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा मुख्य सचिव, जम्मू व कश्मीर सरकार स्पेडा की सह-अध्यक्षता करेंगे। स्पेडा की पहली बैठक आयोजित करने हेतु कार्रवाई की जा रही है।

मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादन

वर्ष 2015-16 के दौरान 'मसालों की निर्यातोन्मुख उत्पादन योजना' के अधीन के विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण नीचे दिया जाता है:-

अ) इलायची (छोटी)

छोटी इलायची मुख्यतः केरल, कर्नाटक एवं तमिलनाडु के पश्चिमी घाटों में बढाई जाती है। अधिकतर इलायची बागान छोटे एवं उपान्तिक हैं। वर्ष 2014-15 के 18000 मी.ट. के मुकाबले वर्ष 2015-16 के दौरान इलायची के अधीन का कुल क्षेत्र 22000 मी.ट. के आकलित उत्पादन के साथ 69,770 हेक्टयर था। छोटी इलायची के विकास हेतु कार्यान्वित कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:-

(क) पुनरोपण

इस कार्यक्रम का उद्देश्य केरल, कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्यों के पुराने, जीर्ण शीर्ष एवं अलाभकारी इलायची (छोटी) बागानों के मामलों को हल करना है। यह कार्यक्रम वित्तीय सहायता प्रदान करके पुराने, जीर्णशीर्ण एवं अलाभकारी बागानों में पुनरोपण कार्य केलिए छोटे एवं उपान्तिक कृषकों को प्रोत्साहित करने केलिए लक्ष्यीकृत है। केरल और तमिलनाडु के कृषकों को प्रति हेक्टयर ₹ 70,000 की और कर्नाटक के कृषकों को प्रति हेक्टयर ₹ 50,000 की इमदाद पक्वनावधि के पुनःरोपण और अनुरक्षण लागत के 33.33 प्रतिशत के रूप में दो बराबर वार्षिक किस्तों में दी जाती है। आठ हे. तक की जमीन वाले पंजीकृत लघु एवं उपांतिक इलायची कृषक इस योजना के अधीन लाभ उठाने के पात्र हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 958.7 हे. क्षेत्र में पुनःरोपण किया गया और 2203 कृषकों [महिलाएं : 401, अ.जा.:31, अ.ज.जा.: 5] को इमदाद की प्रथम किस्त वितरित की गयी। इमदाद की दूसरी किस्त वर्ष 2014-15 में पुनःरोपित 1785.2 हे. क्षेत्र के लिए 3756 कृषकों [महिलाएं : 738, अ.जा. :69, अ.ज.जा.: 4] को प्रदान की गई।

वर्ष 2015-16 के दौरान छोटी इलायची पुनःरोपण कार्यक्रम केलिए कुल ₹ 885.50 लाख खर्च किए गए।

(ख) गुणवत्तावाली रोपण सामग्रियों का उत्पादन एवं वितरण

कृषकों के खेत में खोली गई विभागीय पौधशालाओं व फार्मों एवं प्रमाणित पौधशालाओं द्वारा रोगरहित, स्वास्थ्यकर एवं गुणवत्तावाली रोपण सामग्रियों का उत्पादन और वितरण भी किया गया।

(i) विभागीय पौधशाला व फार्म

पाँच विभागीय पौधशाला व फार्मों में उत्पादित पादपों की 'न हानि न लाभ' आधार पर कृषकों को वितरित की गई। वर्ष 2014-15 के दौरान स्थापित पौधशालाओं से उत्पादित छोटी इलायची की कुल 3.53 लाख पादपों तथा 3.31 लाख मूल लगाई कालीमिर्च कतरनों का वितरण 848 कृषकों को लाभ पहुंचाते हुए वर्ष 2015-16 के दौरान किया गया। वर्ष 2015-16 के दौरान तीन लाख इलायची पादपों और मूल लगाई तीन लाख कालीमिर्च कतरनों, जो वर्ष 2016-17 रोपण अवधि में उपलब्ध होंगी, के लक्ष्य से पौधशालाएँ शुरू की गईं। विभागीय पौधशालाओं से जुड़े फार्मों का प्रदर्शनार्थ अनुरक्षण किया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान विभागीय पौधशाला व फार्म योजना के अधीन कुल ₹ 34.67 लाख खर्च किए गए।

ii) प्रमाणित पौधशाला

रोग रहित, स्वस्थ एवं गुणवत्ता वाली रोपण सामग्रियों के उत्पादन हेतु बोर्ड के तकनीकी कार्मिकों की देखरेख/संदर्शन के अधीन कृषकों के खेत में प्रमाणित पौधशालाएं खोली गईं। केरल और तमिलनाडु में कृषकों के खेतों में खुली अंतर्भूस्तरी पौधशालाओं से गुणवत्ता वाली रोपण सामग्रियों का उत्पादन किया गया। कर्नाटक में रोपण सामग्रियों का उत्पादन कृषकों के खेतों में बनाई गई क्यारी पौधशालाओं, पोली बैग पौधशालाओं तथा अंतर्भूस्तरी पौधशालाओं द्वारा किया गया। अंतर्भूस्तरी पौधशाला केलिए केरल और तमिलनाडु में प्रति अंतर्भूस्तरी ₹ 2.50 और कर्नाटक में प्रति अंतर्भूस्तरी ₹ 2.00 की इमदाद दी जाती है। पादप पौधशाला केलिए प्रति पादप ₹ 2.00 की इमदाद दी जाती है। संस्तुत इमदाद प्रमाणित पौधशालाओं में उत्पादित रोपण सामग्रियों की संख्या के समानुपात में होगी। वर्ष 2015-16 के दौरान, 27.50 लाख अंतर्भूस्तरियों, जो वर्ष 2016-17 के दौरान वितरण हेतु उपलब्ध होंगी, के उत्पादन-लक्ष्य के साथ नई पौधशालाएँ शुरू की गईं।

वर्ष 2015-16 के दौरान केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कृषकों के खेतों में 673 कृषकों [महिलाएँ:88,अ.जा.: 12, अ.ज.जा.:1]

को लाभ पहुंचाते हुए 32.63 लाख रोपण सामग्रियों का उत्पादन किया गया।

वर्ष 2015-16 के दौरान इस योजना के अधीन कुल ₹ 65.50 लाख की सहायता प्रदान की गई।

ग) सिंचाई एवं भू विकास

उच्च उपज प्राप्त करने केलिए इलायची बागानों में गर्मी के महीनों में सिंचाई बहुत ही अनिवार्य है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य फार्म तालाबों, टंकी, कुओं, जल भण्डारण उपायों एवं सिंचाई उपकरणों की स्थापना और मृदा संरक्षण कार्यों के ज़रिए इलायची बागानों में जल संसाधन का आवर्धन करके इलायची बागानों में सिंचाई को बढावा देना है। बोर्ड केरल, तमिलनाडु एवं कर्नाटक राज्यों में इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहा है।

i) सिंचाई संरचनाओं का निर्माण

इस योजना के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की जमीन वाले पंजीकृत इलायची कृषक लाभ उठाने केलिए पात्र हैं। कम से कम 25 घन मी. वर्षाजल संभरण क्षमतावाली सिंचाई संरचना केलिए देय अधिकतम इमदाद ₹ 20,000 है।

ii) वर्षा जल संभरण उपकरणों का निर्माण

इस योजना के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की जमीन वाले पंजीकृत इलायची कृषक लाभ उठाने केलिए पात्र हैं। यह आकलित किया जाता है कि 200 घन मीटर क्षमता वाली संभरण टंकी में करीब दो लाख लीटर वर्षाजल संभरित किया जा सकता है, जो 0.8 हे. इलायची बागान की 10-12 बारगी सिंचाई करने हेतु पर्याप्त है। ऐसी एक जुगत की लागत करीब ₹ 36,000 [खुदाई केलिए ₹ 24,000 और सिलपोलीन शीटों केलिए ₹ 12,000] आकलित की गई है। कृषक अपनी अपेक्षा/सुविधानुसार संभरण टंकी का निर्माण करने के पात्र हैं, लेकिन इमदाद वास्तविक खर्च के 33.33 और जल धारण क्षमता के समानुपात में या ₹ 12,000, जो भी कम हो, तक सीमित की जाएगी।

iii) सिंचाई उपकरणों की स्थापना

इस योजना के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की जमीन वाले पंजीकृत इलायची कृषक आई पी सेट/ग्रैविटी सिंचाई उपकरण केलिए लाभ उठाने के पात्र हैं। स्प्रिंगलर/ड्रिप्स/सूक्ष्म सिंचाई के मामले में 1.00 हे. से 8.00 हे. तक की जमीन वाले पंजीकृत इलायची कृषक इस योजना के अधीन लाभ उठाने केलिए पात्र हैं। ग्रैविटी सिंचाई के अधीन, सिंचाई उपकरणों की लागत का 25 प्रतिशत या ₹ 2500 जो भी कम हो, इमदाद के रूप में दिया जाता है। सिंचाई पम्प सेट योजना के अधीन सिंचाई उपकरणों की लागत का 25 प्रतिशत या ₹ 10,000 जो भी कम हो, इमदाद के रूप में दिया जाता है। स्प्रिंगलर/ड्रिप्स/सूक्ष्म सिंचाई के अधीन, सिंचाई उपकरणों की लागत का 25 प्रतिशत या ₹ 21175, जो भी कम हो, इमदाद के रूप में दिया जाता है।

iv) मृदा संरक्षण

इलायची की खेती मुख्यतः केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के पश्चिमी घाट के ऊंची-नीची पहाड़ी इलाकों में की जाती है। अत्यंत ढलान की स्थिति में वर्षा ऋतु में इन बागानों में मृदा अपरदन होता है। उर्वर ऊपरी मुदा का नुकसान बागानों की उत्पादकता और जीवन काल पर विपरीत प्रभाव डालता है। इस योजना का लक्ष्य इलायची कृषकों को मृदा संरक्षण कार्य, जैसे कि कंटूर बांध का निर्माण, टेरस बनाना और इलायची बागानों की उर्वर ऊपरी मृदा और मृदा की नमी के संरक्षण हेतु रीटेनिंग दीवारों का निर्माण आदि चलाने केलिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की जमीन वाले पंजीकृत इलायची कृषक लाभ उठाने केलिए पात्र हैं। मृदा संरक्षण कार्यक्रम के अधीन कृषक अधिकतम 2.00 हे. तक केलिए लाभ प्राप्त करने के पात्र रहेंगे। इमदाद वास्तविक लागत के

25 प्रतिशत या प्रति हे. ₹ 25,000, जो भी कम हो, की दर में होगी।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 403 कृषकों [महिलाएँ: 25, अ.जा.:2, अ.ज.जा.:2] को लाभान्वित करते हुए कुल 222 जल संभरण जुगतों, 10 मृदा संरक्षण संरचनाओं और 85 वर्षा जल संभरण जुगतों का निर्माण किया गया, 403 सिंचाई उपकरणों की स्थापना की गई।

सिंचाई एवं भू विकास कार्यक्रम के अधीन 228 हे. क्षेत्र की सिंचाई करते हुए इमदाद के भुगतान के रूप में कुल ₹ 57.63 लाख खर्च किए गए।

घ) छोटी इलायची केलिए सुधरी इलायची क्यूरिंग जुगत

लकडी को ईंधन के रूप में प्रयुक्त करते हुए पारंपरिक क्यूरिंग हाउसों में इलायची सुखाई जाती है। धूप में सुखाने पर हरे रंग के खो जाने की वजह से यह तरीका उतना लोकप्रिय नहीं है। क्यूरिंग हाउसों के निर्माण में, इलायची बिछाने हेतु रैक के निर्माण केलिए और क्यूरिंग हाउस में ताप बनाए रखने केलिए जाली छत बिछाने हेतु भी लकडी की आवश्यकता होती है। चूँकि इलायची की उत्पादकता वर्षों - वर्ष बढ़ता रुख दर्ज कर रहा है, लकडी की आवश्यकता भी साथ-साथ बढ़ रही है और कृषक लकडी की अपेक्षा की पूर्ति हेतु विपणि से लेते हैं या वृक्षों को काटते हैं, जो वन नाश का कारण बनता है।

आए दिन डीज़ल, एल पी गैस आदि एवजी ईंधनों का इस्तेमाल करनेवाली इलायची क्यूरिंग प्रणाली स्थापित करने लगे हैं, जो उनके उत्पाद को बेहतर रंग और सस्ता शुष्कन प्रदान करती है। ये शुष्कक परिस्थिति-अनुकूल, श्रमशक्ति की बचत करने वाले और चलाने में सुकर हैं। शुष्कन का समय भी इन शुष्ककों से 28-36 घण्टों से 20 घण्टों में कम किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के लघु कृषकों को शुष्कक की वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत इमदाद के रूप में, प्रति जुगत अधिकतम ₹ 1.00 लाख देते हुए सुधरी इलायची क्यूरिंग जुगतों का प्रचार-प्रसार करना है। स्पाइसेस बोर्ड ने कृषकों को अपनी मर्जी के मॉडल खरीदने में कामयाब बनाने केलिए विनिर्माताओं तथा विभिन्न मॉडलों के क्षमताओंवाले शुष्ककों की अधिकतम लागत की सूची तैयार की है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, बोर्ड ने 1.350 लाख रुपए के कुल वित्तीय व्यय में वर्ष 2014-15 के शेष भुगतान के रूप में दो कृषकों [महिलाएँ-1] को लाभ पहुँचाते हुए दो सुधरे इलायची क्यूरिंग उपकरणों की स्थापना की सहायता की थी। बोर्ड ने वर्ष 2015-16 के दौरान एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अधीन इस योजना का कार्यान्वयन किया।

ङ) जी ए पी के संवर्धन केलिए आई पी एम इनपुट किटों की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य जैवनियंत्रण एजेन्टों की आपूर्ति करते हुए टिकाऊ तरीके से पौध संरक्षण कार्य चलाने हेतु इलायची कृषकों के बीच आई पी एम प्रौद्योगिकी का प्रचार प्रसार करना है। इस कार्यक्रम के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की जमीन वाले पंजीकृत इलायची कृषक लाभ उठाने केलिए पात्र हैं। इलायची कृषकों को 50 प्रतिशत की इमदाद पर आई पी एम इनपुटों की आपूर्ति, बशर्तेकि प्रति हे. अधिकतम ₹ 2500 का प्रस्ताव है।

वर्ष 2015-16 के दौरान 104 कृषकों [महिलाएं: 2] को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 0.68 लाख के वित्तीय परिव्यय के साथ 127 हे. केलिए 104 किटों की आपूर्ति की गईं।

च) इलायची बागानों में मधुमक्खी पालन केलिए सहायता

इस योजना का लक्ष्य कारगर परागण को बढ़ावा देने और उसके ज़रिए इलायची के फलन में वृद्धि लाने केलिए अपने बागानों में मधुमक्खी पेटियाँ रखने केलिए कृषकों को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की जमीन वाले

पंजीकृत इलायची कृषक लाभ उठाने केलिए पात्र हैं। आई पी एम/ जैवखेती करने वाले कृषकों को वरीयता दी जाएगी। मधुमक्खी कलोनियों सहित मधुमक्खी पेटियों की 50 प्रतिशत की इमदाद पर आपूर्ति, बशर्तेकि प्रति पेटी अधिकतम ₹ 1880 का प्रस्ताव है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 84 कृषकों [महिलाएं: 14, अ.जा. :1] को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 2.90 लाख के वित्तीय परिव्यय में मधुमक्खी कलोनियां सहित 165 मधुमक्खी पेटियाँ वितरित की गईं।

छ) इलायची में फार्म यंत्रीकरण को बढ़ावा

इस योजना का उद्देश्य इलायची के उत्पादन में लाभ बढ़ाने और निर्यात केलिए गुणवत्ता वाली इलायची को बढ़ावा देने केलिए रोपण, निराई, पौधसंरक्षण और धुलाई, पोलिशिंग और श्रेणीकरण जैसे कटाई-पश्चात कार्यों में फार्म यंत्रीकरण के प्रचार प्रसार केलिए कृषकों को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम के अधीन 0.40 हे. से 8.00 हे. तक की जमीन वाले प्रत्येक पंजीकृत इलायची कृषक लाभ उठाने केलिए पात्र है। कृषक संघ/एस एच जी/समितियाँ भी इस योजना के अन्तर्गत लाभ पाने के प्राप्त हैं। उपकरण की लागत के 50 प्रतिशत, बशर्तेकि वीड कटर/पिट मेकर केलिए अधिकतम ₹ 15,000, पौध संरक्षण उपकरण केलिए ₹ 5000; इलायची धुलाई उपकरण केलिए ₹ 15,000; श्रेणीकरण उपकरणों केलिए ₹ 35,000 की इमदाद दी जाती है।

वर्ष 2015-16 के दौरान 89 कृषकों [महिलाएं:11] को लाभान्वित करते हुए ₹ 5.87 लाख का खर्च करके इमदादी दरों पर 62 पौध संरक्षण उपकरण, 16 वीड कटर/पिट मेकर, नौ इलायची पोलिशर, दो इलायची धुलाई उपकरणों की आपूर्ति की गईं।

आ) इलायची (बड़ी)

इलायची (बड़ी) मुख्यतः सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैण्ड के उप हिमालयी इलाकों एवं पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले में बढाई जाती है। वर्ष 2015-16 के दौरान बडी इलायची के अधीन का कुल क्षेत्र 5300 टन के आकलित उत्पादन के साथ 26387 हेक्टयर था। गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्रियों की अनुपलब्धता, जीर्ण-शीर्ण, पुराने एवं अलाभकारी पौधों की मौजूदगी, ब्लाइट रोग का प्रकोप आदि बडी इलायची उत्पादन को प्रभावित करनेवाले प्रमुख घटक हैं।

इलायची (बडी) के उत्पादन और उसकी उत्पादकता के सुधार हेतु वर्ष 2015-16 के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया गया:

(क) पुनरोपण

इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुराने, जीर्णशीर्ण एवं अलाभकारी बागानों का पुनरोपण कार्य चलाने केलिए लघु एवं उपान्तिक कृषकों को प्रोत्साहित करना है। आठ हेक्टयर तक बडी इलायची वाले कृषकों को ₹ 28000 प्रति हेक्टयर की इमदाद प्रदान की जाती है, जो पुनरोपण की लागत और पक्वनावधि के दौरान के अनुरक्षण की लागत का 33.33 प्रतिशत है। यह इमदाद दो वार्षिक किस्तों में प्रदान की जाती है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 1020 हे. हेक्टयर क्षेत्र में पुनरोपण किया गया और इमदाद की पहली किस्त 3506 कृषकों (महिलाएँ : 506, अ.जा.:36, अ.ज.जा. : 1731) को चुकाई गई। वर्ष 2014-15 में पुनरोपित 877.5 हे. क्षेत्र केलिए इमदाद का शेष भुगतान 2362 कृषकों के लिए [महिलाएँ : 366, अ.जा. : 20, अ.ज.जा. : 1212] किया गया। वर्ष 2015-16 के दौरान इस कार्यक्रम के अधीन इमदाद के रूप में कुल ₹ 336.73 लाख चुकाए गए।

ख) प्रमाणित पौधशालाओं के ज़रिए रोपण सामग्रियों का उत्पादन

बोर्ड कृषकों के खेतों में ही गुणवत्तावाली रोपण सामग्रियों के उत्पादन को बढ़ावा दे रहा है। बोर्ड कृषकों के खेतों में अन्तर्भूस्तरी पौधशालाएँ शुरू करने केलिए प्रति अन्तर्भूस्तारी ₹ 2 की इमदाद दे रहा है। वर्ष 2015-16 के दौरान 20 लाख अन्तर्भूस्तरियों के उत्पादन लक्ष्य के

साथ, जो वर्ष 2016-17 के दौरान वितरण हेतु उपलब्ध हो जाएंगी, नई पौधशालाएं शुरू की गईं।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 642 कृषकों [महिलाएँ:151, अ.जा.:12; अ.ज.जा.:338] को लाभ पहुंचाते हुए कृषकों के खेतों में पिछली अवधि के दौरान खोली गई प्रमाणित पौधशालाओं से 20 लाख बडी इलायची अंतर्भूस्तरियां तैयार की गईं। वर्ष 2015-16 के दौरान इस योजना के अधीन सहायता के रूप में कुल ₹ 39.60 लाख का भुगतान किया गया।

ग) वर्षाजल संभरण

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बडी इलायची बागानों में सिंचाई की सुविधा के लिए मिट्टी खोदकर बनाई सिल्पोलिन शीटों से पटलित जुगतों के निर्माण के ज़रिए वर्षा जल संभरण को बढावा देना है। ऐसी एक जुगत की लागत करीब ₹ 36,000 [खुदाई केलिए ₹ 24,000 और सिल्पोलिन शीटों केलिए ₹ 12,000] आकलित किए गए हैं। कृषक अपनी वास्तविक अपेक्षा/सुविधा के अनुसार संभरण टंकी का निर्माण कर सकता है, लेकिन इमदाद वास्तविक खर्च के 33.33 प्रतिशत और संरचना की जल धारण क्षमता के समनुपात में या ₹ 12,000, जो भी कम हो, तक सीमित रहेगी।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 16 कृषकों [महिलाएँ:2, अ.ज.जा.:7] को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 0.58 लाख की इमदाद देते हुए 16 वर्षा जल संभरण जुगतों का निर्माण किया गया।

घ) क्यूरिंग हाउस (संशोधित भट्टी)

बडी इलायची के कृषक अपनी इलायची का संसाधन परंपरागत तरीके से सीधे तापन से स्थानीय रूप में निर्मित भट्टियों में करते हैं। इस तरीके से सुखाई संपुटिकाएं धुआँ की गन्ध के साथ काले रंग की होती हैं। आई सी आर आई गान्तोक ने संशोधित भट्टी पेश करते हुए बडी इलायची केलिए वैज्ञानिक क्यूरिंग तकनोलजी विकसित की थी, जिसमें संपुटिकाओं का शुष्कन अप्रत्यक्ष तापन प्रणाली से किया जाता है, जिसमें सूखी संपुटिकाएं गुलाबी (घनारुण) रंग और नैसर्गिक स्वाद और सुगंध बनाए रखती हैं। इस प्रणाली के प्रचार केलिए बोर्ड 200 कि.ग्रा. क्षमतावाला प्रति शुष्कक ₹ 9000 और 400 कि.ग्रा. क्षमतावाली प्रति संशोधित भट्टी ₹ 12500 की दर पर इमदाद संशोधित भट्टी की निर्माण - लागत के 33.33 प्रतिशत के रूप में दे रहा है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 13 कृषकों को (महिला : 1, अ.ज.जा. 3) लाभ पहुँचाते हुए, ₹ 1.41 लाख की कुल इमदाद पर 13 संशोधित भट्टियां स्थापित की गईं।

(ङ) बडी इलायची बागानों में सिंचाई संरचनाओं का निर्माण

इस योजना के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले बडी इलायची कृषक लाभ कमाने के पात्र हैं। सिंचाई संरचना की न्यूनतम क्षमता 25 घन मीटर होनी चाहिए। सिंचाई जुगत की निर्माण लागत के 50 प्रतिशत या ₹ 20,000 जो भी कम हो, इस योजना के अधीन इमदाद के रूप में दिया जाता है।

(च) बडी इलायची बागानों में सिंचाई उपकरणों की स्थापना

लघु एवँ उपांतिक कृषकों को बडी इलायची बागानों में होस पाइप, ग्रैविटी स्प्रिंग्लर उपकरण जैसे सिंचाई उपकरण स्थापित करने की सहायता करने केलिए सिंचाई उपकरणों की वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत या ₹ 10,000, जो भी कम हो, इमदाद के रूप में दिया जाता है। इस योजना के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले बडी इलायची कृषक आई पी सेट/ग्रैविटी सिंचाई उपकरणों केलिए लाभ कमाने के पात्र हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 36 कृषकों (महिलाएँ : 6, अ.ज.जा.:24) को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 3.28 लाख खर्च करते हुए इस योजना के अधीन 11 सिंचाई संरचना और 25 सिंचाई उपकरण स्थापित किए गए।

(छ) बडी इलायची में फार्म यंत्रीकरण को बढावा देना

इस योजना का उद्देश्य इलायची के उत्पादन के लाभ बढाने और निर्यात हेतु इलायची की गुणवत्ता बढाने केलिए रोपण, निराई, पौध संरक्षण और धुलाई, पोलिशिंग और श्रेणीकरण जैसे कटाई पश्चात् कार्यों में फार्म यंत्रीकरण के प्रचार प्रसार केलिए कृषकों को प्रोत्साहित करना है। इस योजना के अधीन 0.40 हे. से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले प्रत्येक पंजीकृत इलायची कृषक लाभ कमाने के पात्र हैं। इस योजना के अधीन कृषक संघ/एस एच जी/समितियाँ भी लाभ उठाने के प्राप्त हैं। उपकरणों की लागत के 50 प्रतिशत, बशर्तेकि पिट डिग्गर केलिए अधिकतम ₹ 1500, पौध संरक्षण उपकरण केलिए ₹ 2000, कृषि उपकरणों केलिए ₹ 500, ग्रेडिंग छलनियों केलिए ₹ 1000 की इमदाद दी जाती है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा विस्तारण दौरों के दौरान इस योजना के अधीन लाभ कमाने केलिए कृषकों को प्रेरित किया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान 55 कृषकों (महिलाएँः 3, अ.जा. 2, अ.ज.जा. 13) को लाभ पहुँचाते हुए ₹ 0.65 लाख के खर्च में इस योजना के अधीन 29 हाँसिये और 26 पौध संरक्षण उपकरण खरीदने केलिए सहायता प्रदान की गई।

इ) उत्तर पूर्वी राज्य

उत्तरपूर्वी राज्यों में बडी इलायची, कालीमिर्च, मिर्च, अदरक एवं हल्दी व्यापक पैमाने पर पैदा की जाती है। अदरक की 'नादिया', हल्दी की 'लकादोंग/मेघा' और मिर्च की 'बेड्स आई' और 'नागा' जैसी एकाध देशी प्रजातियां अपने सहज गुणों से भरपूर मानी जाती हैं और निर्यातकों द्वारा बहुत अधिक वरीयता दी जाती है। उत्तरपूर्वी राज्यों की जलवायवी स्थितियां कालीमिर्च, बडी इलायची, अदरक, मिर्च, हल्दी आदि की खेती केलिए उचित हैं और निर्यात हेतु अधिक मसाले उपलब्ध कराने केलिए इन क्षेत्रों में इन फसलों की लाभकारी खेती की जा सकती है। इन क्षेत्रों में उत्पादित मसालों की सबसे बडी खूबी यह है कि ये देशी कृषि-प्रणालियाँ अपनाकर बढाई जाती हैं। एक सुगठित विपणन प्रणाली और कृषि एवं फसलोत्तर कार्रवाइयाँ संबंधी जानकारी का अभाव उत्तरपूर्वी क्षेत्र में मसालों के विकास के मुख्य व्यवधान सिद्ध हुए हैं। स्पाइसेस बोर्ड, इसलिए उत्तरपूर्वी राज्यों में मसालों के विकास केलिए एक एकीकृत योजना अमल में लाता है।

(क) बडी इलायची - नया रोपण

बडी इलायची की खेती सिक्किम और पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले में परम्परागत ढंग से की जाती है। अन्य उत्तरपूर्वी राज्यों, खासकर अरुणाचल प्रदेश और नागालैण्ड की कृषि जलवायवी परिस्थितियां बडी इलायची की खेती के अनुकूल हैं। अरुणाचल प्रदेश और नागालैण्ड में बडी इलायची के अधीन क्षेत्र-विस्तार की संभावना है।

यह योजना पक्वनावधि के दौरान रोपण के और अनुरक्षण की लागत के 33.33 प्रतिशत के रूप में प्रति हेक्टयर ₹ 28,000 की इमदाद देते हुए इन राज्यों में बडी इलायची की खेती फैलाने केलिए बनाई गई है। इमदाद का भुगतान दो बराबर वार्षिक किस्तों में किया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान 641.35 हे. क्षेत्र बडी इलायची की खेती के अधीन लाया गया और 1668 कृषकों [महिलाएँ : 26, अ.जा. :5, : अ.ज.जा. 1663] को इमदाद की प्रथम किस्त वितरित की गई। वर्ष 2014-15 के दौरान पुनः रोपित 483.05 हे. क्षेत्र की इमदाद की दूसरी किस्त का भुगतान 828 कृषकों केलिए किया गया। [महिलाएँ : 248, अ.जा. : 7, अ.ज.जा.:817]।

वर्ष 2015-16 के दौरान इस योजना के अधीन कुल ₹ 196.54 लाख खर्च किए गए।

(ख) बडी इलायची रोपण सामग्री उत्पादन

कृषकों के खेतों में प्रमाणित पौधशालाएँ बनाते हुए रोपण सामग्रियाँ तैयार करने का प्रस्ताव है। रोपण सामग्री उत्पादन की इमदाद के रूप में प्रति पादप/अंतर्भूस्तरी ₹ 2 की सहायता प्रदान की जाती है। कृषकों को अंतर्भूस्तरी पौधशाला उत्पादन में प्रशिक्षण दिया गया है।

(ग) वर्षाजल संभरण

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बडी इलायची बागानों में सिंचाई की सुविधा के लिए मिट्टी खोदकर बनाई सिल्पोलिन शीटों से पटलित जुगतों के निर्मण के ज़रिए वर्षा जल संभरण को बढावा देना है। 200 घन मीटर क्षमता वाली ऐसी एक जुगत की लागत करीब ₹ 36,000 [खुदाई केलिए ₹ 24,000 और सिल्पोलिन शीटों केलिए ₹ 12,000] आकलित की गई है। कृषक अपनी वास्तविक अपेक्षा/सुविधा के अनुसार संभरण टंकी का निर्माण कर सकता है, लेकिन इमदाद वास्तविक खर्च के 33.33 प्रतिशत और संरचना की जल धारण क्षमता के समनुपात में या ₹ 12,000, जो भी कम हो, तक सीमित रहेगी।

वर्ष 2015-16 के दौरान, दो कृषकों (महिलाएं:1, अ.ज.जा:2) को लाभ पहुँचाते हुँ दो वर्षा जल संभरण जुगतों का निर्माण किया गया। वर्ष 2015-16 के दौरान इस योजना के अधीन इमदाद के रूप में कुल ₹ 0.18 लाख दिए गए।

(घ) बडी इलायची बागानों में सिंचाई संरचनाओं का निर्माण

इस योजना के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले बडी इलायची कृषक लाभ कमाने के पात्र हैं। सिंचाई संरचना की न्यूनतम क्षमता 25 घन मीटर होनी चाहिए। सिंचाई जुगत की निर्माण लागत के 50 प्रतिशत या ₹ 20,000 जो भी कम हो, इस योजना के अधीन इमदाद के रूप में दिया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान इस योजना के अधीन तीन कृषकों को [अ.ज.जा.:3] को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 0.60 लाख खर्च करते हुए तीन सिंचाई जुगतों का निर्माण किया गया।

(ङ) बडी इलायची बागानों में सिंचाई उपकरणों की स्थापना

लघु एवँ उपांतिक कृषकों को बडी इलायची बागानों में होस पाइप, ग्रैविटी स्प्रिंग्लर उपकरण जैसे सिंचाई उपकरण स्थापित करने की सहायता करने केलिए सिंचाई उपकरणों की वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत या ₹ 10,000, जो भी कम हो, इमदाद के रूप में दिया जाता है। इस योजना के अधीन 0.10 हे. से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले बडी इलायची कृषक आई पी सेट/ग्रैविटी सिंचाई उपकरणों केलिए लाभ कमाने के पात्र हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान, इस योजना के अधीन दो कृषकों [अ.ज.जा.:2] को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 0.17 लाख की कुल इमदाद में दो सिंचाई उपकरणों की स्थापना की गई।

(च) क्यूरिंग हाउस (संशोधित भट्टी)

बडी इलायची के कृषक अपनी इलायची का संसाधन परंपरागत तरीके से सीधे तापन से स्थानीय रूप में निर्मित भट्टियों में करते हैं। इस तरीके से सुखाई संपुटिकाएं धुआँ की गन्ध के साथ काले रंग की होती हैं। आई सी आर आई, गान्तोक ने संशोधित भट्टी पेश करके बडी इलायची केलिए वैज्ञानिक क्यूरिंग तकनोलजी विकसित की थी जिसमें इलायची संपुटिकाओं को अप्रत्यक्ष तापन प्रणाली का इस्तेमाल करते हुए सुखाया जाता है, जिसमें सुखाई गई संपुटिकाएं गुलाबी (घनारुण) रंग एवं सहज स्वाद व सुगंध बनाए रखती हैं। इस प्रणाली के प्रचार केलिए बोर्ड संशोधित भट्टी के निर्माण की लागत के 33.33 प्रतिशत के रूप में क्रमशः 200 कि.ग्रा क्षमतावाला प्रति शुष्कक ₹ 9000 और 400 कि.ग्रा. क्षमतावाला प्रति शुष्कक ₹ 12500 की दर पर इमदाद प्रदान कर रहा है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, चार संशोधित भट्टियों का निर्माण चार कृषकों [महिलाएँ : शून्य, अ.ज.जा. : 4] को लाभान्वित करके

किया गया और कुल ₹ 0.39 लाख की इमदाद प्रदान की गई।

(छ) इलायची में फार्म यंत्रीकरण को बढावा देना

इस योजना का उद्देश्य इलायची के उत्पादन के लाभ बढाने और निर्यात हेतु इलाययची की गुणवत्ता बढाने केलिए रोपण, निराई, पौध संरक्षण और धुलाई, पोलिशिंग और श्रेणीकरण जैसे कटाई पश्चात कार्यों में फार्म यंत्रीकरण के प्रचार प्रसार केलिए कृषकों को प्रोत्साहित करना है। इस योजना के अधीन 0.40 हे. से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले बडी इलायची कृषक लाभ कमाने के पात्र हैं। कृषक समूह/एस एच जी/समितियाँ भी इस योजना के अधीन लाभ कमाने के पात्र हैं। उपकरणों की लागत के 50 प्रतिशत, बशर्तेकि पिट डिगर केलिए अधिकतम ₹ 1500, पौध संरक्षण उपकरणों केलिए ₹ 2000, कृषि उपकरणों केलिए ₹ 500, ग्रेडिंग छलनियों केलिए ₹ 1000 की इमदाद दी जाती है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 47 कृषकों (महिलाएं: 30, अ.ज.जा.:47 को लाभ पहुँचाते हुए 0.73 लाख रु. के खर्च में इस योजना के अधीन 7 हंसिए, 10 पिट डिगर, 5 ग्रेडिंग छलनियाँ और 25 पौध संरक्षण उपकरण खरीदने की मदद की गई।

(ज) लकादोंग/मेघा हल्दी की खेती

लकादोंग हल्दी में उच्च करक्यूमिन तत्व (> 8.0 प्रतिशत) है और इसलिए रंग के निष्कर्षण केलिए उपयुक्त है। यह किस्म अत्यधिक स्थान-विशेष है, और रंग के निष्कर्षण केलिए निर्यातकों द्वारा खूब पसंद किया जाता है। गुणवत्ता वाली रोपण सामग्रियों की अनुपलब्धता इसके उत्पादन का प्रमुख व्यवधान है। इस कार्यक्रम के अधीन रोपण सामग्रियों की लागत की 50 प्रतिशत इमदाद के रूप में ₹ 18750 प्रति हेक्टयर प्रदान किया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, ₹ 130.3 लाख की इमदाद प्रदान करके 2942 कृषकों [महिलाएँ : 1328, अ.जा. : 12, अ.ज.जा. : 2816] को लाभ पहुँचाते हुए 694.9 हेक्टयर क्षेत्र लकादोंग/मेघा हल्दी के अधीन लाया गया।

(झ) उत्तर पूर्वी अदरक की खेती

उत्तर पूर्वी राज्यों में बढने वाली 'नादिया' जैसी अदरक प्रजातियों में उच्च तेल तत्व विद्यमान है और इसीलिए ये निर्यात हेतु उपयुक्त हैं। उत्तर पूर्वी राज्यों में इन प्रजातियों के उत्पादन को बढ़ावा देने केलिए रोपण सामग्रियों की लागत के 50 प्रतिशत के रूप में प्रति हेक्टयर ₹ 18750 इमदाद के रूप में दिया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 2996 कृषकों (महिलाएं: 1342, अ.जा.:12, अ.ज.जा.: 2770) को लाभ पहुँचाते हुए 873 हे. अदरक खेती के अधीन लाया गया। वर्ष 2015-16 के दौरान 160.14 लाख रु. की कुल इमदाद प्रदान की गई।

(ञ) उत्तर पूर्वी राज्यों के अधिकारियों एवं कृषकों केलिए प्रशिक्षण

बोर्ड, उत्तर पूर्वी राज्यों के राज्य कृषि/बागवानी विभागों के अधिकारियों तथा कृषकों केलिए मसालों की खेती, लुनाई एवं कटाई-पश्चात तकनीकों की अद्यतन प्रगति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। यह प्रशिक्षण अधिकारियों केलिए एकान्तर वर्षों में और कृषकों केलिए हर साल आयोजित किया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, उत्तर पूर्वी राज्यों के 40 कृषकों को दो बैचों में भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कालिकट; के ए यू, त्रिश्शूर; आई सी आर आई, मैलाडुंपारा; स्पाइसेस बोर्ड गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, कोचिन एवं मसाला प्रसंस्करण यूनिटों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भारतीय बागान प्रबन्धन संस्थान ने प्रत्येक उत्तर पूर्वी राज्य के दो पदाधिकारियों सहित 30 पदाधिकारियों को क्षमता-निर्माण हेतु भारतीय उद्यमिता संस्थान (आई आई ई) में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम के तहत ₹ 13.59 लाख की रकम खर्च की गई।

ई) अन्य मसालों का फसलोत्तर सुधार

(क) बीजीय मसाला थ्रेशर

बीजीय मसाला कृषकों द्वारा अपनाई जानेवाली कटाई और कटाई पश्चात कार्रवाइयाँ अस्वास्थ्यकर होती हैं, नतीजतन भूसा, कीचड़, रेत, तने के टुकडे आदि जैसी बाहरी चीज़ों से उत्पादों का संदूषण होता है। कटाई किए गए और सुखाए गए पौधों को बाँस के डंडों से पीटकर या पौधों को हाथों से रगडकर या मवेशियों को चलाकर कुचलते हुए बीजों को अलग किया जाता है। सूखे पौधों से बीज अलग करने और खालिस मसालों का उत्पादन करने हेतु विद्युत तथा हस्तचालित थ्रेशरों के प्रयोग का प्रचार-प्रसार बोर्ड करता है।

बोर्ड इमदाद के रूप में लागत के 50 प्रतिशत, बशर्तेकि विद्युत थ्रेशर केलिए अधिकतम ₹ 60,000 और हस्तचालित थ्रेशर केलिए ₹ 20,000 देता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 88 कृषकों [महिलाएँ : 7, अ.जा. : 3] को लाभ पहुँचाते हुए ₹ 50.35 लाख की कुल इमदाद पर 88 विद्युत चालित थ्रेशर कृषकों के खेत में स्थापित किए गए।

(ख) कालीमिर्च थ्रेशरों की आपूर्ति

इस कार्यक्रम का उद्देश्य कालीमिर्च कृषकों को स्वास्थ्यकर परिस्थितियों में स्पाइक से कालीमिर्च की फलियां अलग करने हेतु थ्रेशर अपनाने में मदद करना है। कम से कम 500 बेलवाले कालीमिर्च कृषक इस कार्यक्रम से लाभ उठाने के पात्र हैं। उपकरण की लागत के 50 प्रतिशत, बशर्तेकि अधिकतम प्रति थ्रेशर ₹ 15000 की इमदाद प्रदान की जाती है।

वर्ष 2014-15 के दौरान कृषकों के खेत में स्थापित 125 कालीमिर्च थ्रेशरों के शेषभुगतान के रूप में वर्ष 2015-16 के दौरान, 125 कृषकों [महिलाएं : 4] को लाभ पहुँचाते हुए कुल ₹ 12.93 लाख दिए गए।

(ग) हल्दी भाप क्वथन यूनिटों की आपूर्ति

यह कार्यक्रम भाप क्वथन यूनिटों का प्रयोग करते हुए संवर्धित वैज्ञानिक पाक प्रणालियों को अपनाने केलिए हल्दी कृषकों को सहायता देने हेतु है। यह, हल्दी का अनुकूलतम क्वथन सुनिश्चित करता है, जो अन्तिम उत्पाद को बेहतर रंग और गुणवत्ता प्रदान करता है। इस तरह निर्यात हेतु उपयुक्त गुणवत्तायुक्त हल्दी के उत्पादन केलिए हल्दी कृषकों के बीच व्यापक पैमाने पर हल्दी बॉयलरों के प्रयोग का प्रसार किया जाता है। इस कार्यक्रम के अधीन क्वथन यूनिट की असली लागत के 50 प्रतिशत या ₹ 1.50 लाख, जो भी कम हो, की इमदाद प्रदान की जाती है।

वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 46.6 लाख के वित्तीय परिव्यय पर 39 कृषकों [महिलाएँ : 2, अ.जा. : 1] को लाभान्वित करके 39 हल्दी भाप क्वथन यूनिटों की सप्लाई की गई।

(घ) मिर्च में एकीकृत नाशकजीव प्रबंधन (आई पी एम) को बढ़ावा

मिर्च में नाशकजीवनाशियों के अवशेष को कम करने और निर्यात हेतु गुणवत्तायुक्त उत्पाद उपलब्ध कराने केलिए मिर्चों में एकीकृत नाशकजीव प्रबंधन (आई पी एम) कार्यक्रम चलाया जाता है। बोर्ड ने आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के कृषकों को फेरामोन ट्राप, ट्राइकोडर्मा, मेटारिज़ियम नीम आधारित नाशकजीवनाशियों, एच एन पी वी जैसे जैव अभिकारकों वाले आई पी एम किटों की खरीद केलिए आई पी एम इनपुट की लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम ₹ 2500 प्रति हेक्टयर उपलब्ध कराते हुए प्रोत्साहित किया था।

वर्ष 2015-16 के दौरान, मिर्च में आई पी एम के अधीन ₹ 25.60 लाख के वित्तीय खर्च से वर्ष 2014-15 की शेष-अदायगी पूरी की गई।

(ङ) मसालों के शुष्कन हेतु एच डी पी ई/सिलपोलिन शीटों की सप्लाई

कालीमिर्च, मिर्च, हल्दी और बीजीय मसाले जैसे मसालों को स्वास्थ्यकर परिस्थितियों में सुखाने केलिए बोर्ड लघु और उपान्तिक कृषकों को इमदादी दरों पर एच डी पी ई/सिलपोलिन शीटों की आपूर्ति करता है। बोर्ड जनजाति के कृषकों एवं अन्य कृषकों केलिए क्रमशः 50 प्रतिशत और 33.33 प्रतिशत इमदाद पर शीटों की केंद्रीकृत खरीद व आपूर्ति हेतु व्यवस्था करता है। गैर-इमदादी हिस्सा कृषकों द्वारा चुकाया जाता है। आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, उड़ीसा और गुजरात में इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान 7945 कृषकों [महिलाएँ : 182, अ.ज.जा. : 3, अ.ज.जा.:2140] को लाभ पहुँचाते हुए ₹ 100.96 लाख के कुल वित्तीय खर्च में मसाला कृषकों केलिए 8 मी. x 6 मी. आकार [250 जी एस एम] के 7195 पाँच-पटलित एच डी पी ई तिरपाल शीटों तथा 12x9 मी. और 18x12 मी. (120 जी एस एम) आकार के 750 सिलपोलिन शीटों का वितरण किया गया और वर्ष 2014-15 का शेष भुगतान किया गया।

(च) कालीमिर्च केलिए बांस की चटाइयों का वितरण

इस कार्यक्रम का उद्देश्य लघु एवं उपांतिक कालीमिर्च कृषकों को कागज़ मेथी गारा लेपित स्वास्थ्यकर बांस की चटाइयों पर कालीमिर्च सुखाने केलिए प्रोत्साहन देना है। इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन केरल में किया जाता है। 12' x 6' आकार की बांस चटाइयाँ जन जातीय कालीमिर्च कृषकों को 90 प्रतिशत और अन्य कृषकों को 50 प्रतिशत की इमदाद पर दी जाती हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान बोर्ड ने 745 कृषकों को [महिलाएँ : 114, अ.जा.:5 अ.ज.जा.:210] को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 1.95 लाख खर्च करके 1000 बांस चटाइयों का वितरण किया था।

(छ) पुदीना आसवन यूनिटों की स्थापना

पुदीना मुख्यतः उत्तरप्रदेश राज्य में बढाया जाता है। इस योजना का उद्देश्य पुदीना कृषकों को पुदीना पत्तियों से निष्कर्षित पुदीना तेल की गुणवत्ता बढाने केलिए अपने खेतों में आधुनिक आसवन यूनिटें स्थापित करने को प्रेरित करना है। बोर्ड यूनिट की लागत के 32.5 प्रतिशत, बशर्तेकि अधिकतम ₹ 1.18 लाख की इमदाद प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के अधीन 0.4 हे. से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले प्रत्येक कृषक और सदस्यों के रूप में पुदीना कृषकवाले कृषक ग्रूप/एस एच जी/संघ/एन जी ओ आदि लाभ कमाने के पात्र हैं। कृषकों को पुदीना आसवन यूनिटें स्थापित करने को प्रेरित किया गया।

(ज) कालीमिर्च और लौंग की कटाई केलिए निसेनियों का वितरण

इस योजना का लक्ष्य कृषकों के बीच कालीमिर्च और लौंग की कटाई केलिए निसेनियों के प्रयोग का प्रचार-प्रसार है। इस योजना के अधीन 0.10 से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले प्रत्येक कृषक लाभ कमाने के पात्र हैं। बोर्ड इमदाद के रूप में निसेनी की लागत का 50 प्रतिशत या ₹ 5000, जो भी कम हो, प्रदान करता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 2014-15 के दौरान सप्लाई की गई 154 निसेनियों के शेष भुगतान के रूप में ₹ 2.02 लाख की राशि प्रदान की गई जिससे कि 154 कृषक [महिलाः15; अ.जा. 6] लाभान्वित हुए।

(झ) कालीमिर्च सफाई और श्रेणीकरण यूनिट का वितरण

कालीमिर्च की गुणवत्ता बढाने केलिए फार्म स्तर पर किए जाने वाले कटाई पश्चात कार्यों में सफाई और श्रेणीकरण प्रमुख हैं। हाथों से सफाई और छलनियों से श्रेणीकरण श्रमसाध्य कार्य है। कृषकों के खेतों में कालीमिर्च की सफाई और श्रेणीकरण के यंत्रीकृत उपायों के प्रचार-प्रसार की बडी ज़रूरत है। इस योजना का उद्देश्य गुणवत्ता

बढाने के लिए कालीमिर्च की सफाई और श्रेणीकरण में यंत्रीकरण को लोकप्रिय बनाना है। इस योजना के अधीन कम से कम 0.40 हे. से 8.00 हे. तक की ज़मीन वाले प्रत्येक कृषक लाभ कमाने के पात्र हैं। कृषक ग्रूप, एस एच जी, एन जी ओ, मसाला कृषक समितियाँ आदि भी इस योजना के अधीन इमदाद पाने के पात्र हैं। कालीमिर्च सफाई/ग्रेडिंग मशीन की लागत के 50 प्रतिशत की इमदाद, बशर्ते कि अधिकतम ₹ 35,000 प्रति यूनिट, देने का प्रस्ताव है।

वर्ष 2015-16 के दौरान 17 कृषकों को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 5.95 लाख की इमदाद में 17 यूनिटें स्थापित की गईं।

(ञ) जायफल डी-हल्लर

जायफल की बाहरी छाल को हाथों से तोड कर बीज निकाला जाता है। एकाध नवाचार कृषकों ने गुणवत्ता वाला उत्पाद प्राप्त करने केलिए जायफल की छाल निकालने केलिए मशीनों का प्रयोग किया है। यह श्रमशक्ति को बचाने वाला और स्वास्थ्यकर है। इस योजना का लक्ष्य श्रम की लागत कम करने और उत्पाद की गुणवत्ता बढाने केलिए जायफल कृषकों के बीच जायफल डीशेल्लिंग उपकरणों का प्रचार करना है। जायफल वाली 0.10 [न्यूनतम 20 उपजाऊ वृक्ष] से 8.00 हे. [1600 वृक्ष] तक की ज़मीन वाले प्रत्येक कृषक इस योजना के अधीन लाभ कमाने के पात्र है। कृषक ग्रूप/एस एच जी/ एन जी ओ/मसाला उत्पादक समितियाँ आदि भी इस योजना के अधीन इमदाद पाने के पात्र हैं। उपकरण की लागत का 50 प्रतिशत या ₹ 42500, जो भी कम हो, इमदाद के रूप में देने का प्रस्ताव है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 16 कृषकों [महिलाएँ :1] को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 2.35 लाख़ की कुल इमदाद में 16 यूनिट स्थापित किए गए।

(ट) जायफल शुष्कक

परम्परागत तरीके से जायफल और मेस (जावित्री) धूप में सुख़ाए जाते हैं। जैसे जायफल की कटाई अवधि मानसून में आती है, जायफल और जावित्री (मेस) को धूप में सुख़ाना एकदम मुश्किल है। अनुचित शुष्कन से एफ्लाटोक्सिन में परिवर्तित होने वाले कवकीय प्रकोप के विकास की संभावनाएँ होती हैं। जायफल में एफ्लाटोक्सिन की मौजूदगी उसके निर्यात की एक प्रमुख चुनौती है। जायफल के मामले की निपटान केलिए शुष्कन समान और स्वास्थ्यकर ढंग से किया जाना चाहिए। एकाध नवाचार कृषकों ने वैकल्पिक ईंधनों, जैसे कि लकडी, बिजली आदि का प्रयोग करते हुए, कुछ जायफल शुष्ककों को पेश किया है, जो स्वास्थ्यकर एवँ अच्छी गुणवत्ता के जायफल के उत्पादन में सहायक हैं। ये शुष्कक परिस्थितिअनुकूल, श्रमशक्ति की बचत करने वाले और चलाने में सुकर हैं। गुणवत्ता वाले जायफल और जावित्री (मेस) तैयार करने केलिए कृषकों के बीच यांत्रिक शुष्ककों का प्रचार-प्रसार करना इस योजना का लक्ष्य है। शुष्कक की लागत के 50 प्रतिशत या अधिकतम ₹ 30,000 इमदाद के रूप में देने का प्रस्ताव है।

वर्ष 2015-16 के दौरान 130 कृषकों [महिलाएँ :18; अ.जा. 1] को लाभ पहुंचाते हुए ₹ 22.41 लाख़ की कुल इमदाद में 130 शुष्ककों का निर्माण किया गया।

(ठ) केसर विकास कार्यक्रम

स्पाइसेस बोर्ड ने पर्यटन विभाग, जम्मू कश्मीर को ₹ 1.75 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए जम्मू व कश्मीर राज्य में आयोजित केसर-उत्सव की सह-मेज़बानी की।

उ) जैव ख़ेती को बढावा

अंतर्राष्ट्रीय तौर पर जैव मसालों की आला विपणी तेज़ बढ रही है। इस क्षेत्र में जल्दी प्रवेश भारतीय मसालों की निर्यात योग्यता और मांग बढा देगा। इसके अलावा, जैविक तरीके से बढाए गए मसालों की उपलब्धता अन्य देशों के साथ कडी प्रतियोगिता में देश की सहायता भी करेगी। जैव ख़ेती को बढावा देने के मुख़्य व्यवधान जैव

इनपुटों की अनुपलब्धता और फार्मों व प्रसंस्करण यूनिटों के जैव प्रमाणन की उच्च लागत हैं।

वर्ष 2015-16 में, मसालों के जैविक उत्पादन को बढावा देने केलिए जैव फार्म प्रमाणन सहायता कार्यक्रम, केंचुआ कम्पोस्ट यूनिटों की स्थापना केलिए समर्थन, मसालों की जैव खेती आदि अमल किए गए।

(क) मसालों की जैव ख़ेती

चूंकि जैव उत्पादों की विपणी धीरे धीरे ऊर्ध्वगामी रुख़ दर्ज करती आ रही है, उचित स्थानों में जैव ख़ेती को बढावा देने की बडी संभावनाएँ रहती हैं। बोर्ड कृषकों को मसालों की जैवख़ेती चलाने केलिए उत्पादन लागत की 12.50 प्रतिशत इमदाद, बशर्तेकि अधिकतम ₹ 12500 प्रति हे. प्रदान करते हुए सहायता करता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, पिछले वर्षों के लिए गुजरात में बीजीय मसालों की जैविक खेती के अधीन 539.49 हे. क्षेत्र केलिए 65.34 लाख रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ शेष भुगतान पूरा किया गया। वर्ष 2015-16 के दौरान गुजरात में 527 हे. क्षेत्र में बीजीय मसालों की जैव खेती चलाई गई। निरीक्षण चलाए गए और वर्ष 2015-16 केलिए भुगतान किया जाएगा।

(ख) आई सी एस ग्रूपों की रख़रख़ाव केलिए सहायता

लघु एवं उपांतिक कृषक एकसाथ मिलकर एन जी ओ/कृषक ग्रूपों/ मसाला उत्पादक समितियों/संघों आदि की सहायता से जैवप्रमाणन प्राप्त करें। एन पी ओ पी के अधीन ग्रोवर्स ग्रूप प्रमाणन केलिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली अनिवार्य है। आई सी एस जैवख़ेती में क्या करें, क्या न करें, ग्रूप के अधीन सभी फार्मों का आंतरिक निरीक्षण, प्रत्येक कृषक के क्षेत्र अभिलेख़ों में कृषि कार्यों का दस्तावेज़न आदि के बारे में कृषकों को अवगत बनाने में कृषकों की मदद करता है। आई सी एस की रख़रख़ाव का ख़र्च होता है। जैवप्रमाणन प्राप्त करने केलिए कृषक ग्रूपों के बीच आई सी एस को बढावा देने की अत्यंत आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य जैव ग्रूप प्रमाणन प्राप्त करने केलिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली [आई सी एस] के अनुरक्षण केलिए कृषक ग्रूपों/एन जी ओ/कृषक सहकारी समितियों/संघों/मसाला उत्पादक समितियों की सहायता करना है। बोर्ड आई सी एस के अनुरक्षण की वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत, न्यूनतम 200 कृषकों वाले प्रत्येक ग्रूप को अधिकतम ₹ 75000, इमदाद के रूप में प्रदान करता है। यदि कृषकों की संख्या कम है तो, यथानुपात आधार पर इमदाद प्रदान की जाएगी।

वर्ष 2015-16 के दौरान, कृषक ग्रूप प्रमाणन पाने केलिए आई सी एस की रखरखाव हेतु ₹ 0.84 लाख के वित्तीय व्यय के साथ दो ग्रूपों को सहायता प्रदान की गई।

(ग) जैवफार्म प्रमाणन सहायता

इस कार्यक्रम का लक्ष्य अपने मसाला फार्मों केलिए जैव प्रमाणन, जो जैव मसालों के विपणन की एक पूर्वापेक्षा है, प्राप्त करने में जैव मसाला कृषकों को सहायता प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम के अधीन, बोर्ड कृषक ग्रूपों, एन जी ओ, कृषक सहकारी समितियों / संघों को अपने फार्मों केलिए प्रमाणन पाने हेतु प्रमाणन लागत की 50 प्रतिशत इमदाद, बशर्तेकि अधिकतम ₹ 1.00 लाख देते हुए सहायता प्रदान करता है। प्रत्येक कृषक प्रमाणन लागत के 50 प्रतिशत या अधिकतम ₹ 30,000 की इमदाद के पात्र है।

वर्ष 2015-16 के दौरान कुल ₹ 5.52 लाख़ की सहायता प्राप्त करके इस योजना के अधीन 14 कृषक ग्रूपों ने जैव प्रमाणन प्राप्त किया।

(घ) केंचुआ कम्पोस्ट यूनिटों केलिए समर्थन

जैव उत्पादन में मृदा की उर्वरता को बनाए रख़ने केलिए फार्म में ही जैविक निवेशों के उत्पादन की ज़रूरत है। कृषकों को जैव फार्म निवेशों, ख़ासकर केंचुआ कम्पोस्ट का उत्पादन करने में सक्षम बनाने

केलिए कृषकों को एक टन केंचुआ कम्पोस्ट की क्षमता की एक यूनिट के निर्माण केलिए ₹ 3000 इमदाद के रूप में दिया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 71 कृषकों [महिलाएँ :15, अ.जा.:3, अ.ज.जा.:51] को लाभ पहुंचाते हुए कुल 3.63 लाख की इमदाद में 121 केंचुआ कम्पोस्ट यूनिटों का निर्माण किया गया।

ऊ) मसालों के गुणवत्ता सुधार केलिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोर्ड कृषकों, राज्य कृषि/बागवानी विभागों के अधिकारियों, व्यापारियों, एन जी ओ के सदस्यों आदि को कटाई पूर्व/पश्चात की वैज्ञानिक विधियों व भांडागारण तकनोलोजियों तथा प्रमुख मसालों की अद्यतन गुणवत्ता अपेक्षाओं के बारे में अवगत कराने केलिए नियमित रूप से गुणवत्ता सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान इस कार्यक्रम के अधीन 484 केंद्रों में 23245 मसाला कृषकों को लाभ पहुंचाते हुए कृषकों केलिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए; राज्य कृषि/बागवानी विभागों के 1292 अधिकारियों केलिए 30 केंद्रों में; और 551 एन जी ओ प्रतिनिधियों केलिए 12 केंद्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। [महिलाएँ : 5051, अ.जा.:1185; अ.ज.जा.:7835]

वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 23.30 लाख़ के कुल ख़र्च में 526 केन्द्रों में कुल 25113 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया। इसका व्यय एच आर डी शीर्ष के अधीन चुकाया गया।

ऋ) विस्तार सलाहकार सेवा

मसालों के उत्पादन और कटाईपश्चात् संवर्धन की तकनीकी जानकारी कृषकों को देना मसालों की उत्पादकता बढाने और गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण घटक हैं। यह कार्यक्रम वैयक्तिक संपर्क, क्षेत्र दौरे, ग्रूप बैठकों और केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों में इलायची (छोटी) केलिए स्थानीय भाषाओं के साहित्य के वितरण; उत्तरपूर्वी क्षेत्र में सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल में चुने गए मसालों की खेती और कटाईपश्चात प्रबंधन के वैज्ञानिक पहलुओं पर कृषकों को तकनीकी/विस्तारण सहायता पर ज़ोर देता है।

विस्तारण सलाहकार सेवा के अलावा, विस्तारण नेट्वर्क के माध्यम से "निर्यातोन्मुख उत्पादन योजना" के अधीन बोर्ड के उत्पादन और कटाई पश्चात कायक्रमों का कार्यान्वयन किया जाता है।

विकास विभाग के पदाधिकारियों के वेतन और भत्ते, उनके यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते, गाडियों का खर्च, कार्यालय स्थापना और अन्य फुटकर आदि इस कार्यक्रम के अधीन चुकाए जाते हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान, इलायची (छोटी) व बडी केलिए केरल, तमिल नाडु, कर्नाटक, सिक्किम व पश्चिम बंगाल राज्य के दार्जिलिङ, उत्तर पूर्वी राज्य और अन्य मसाला उत्पादक क्षेत्रों में 43072 दौरे और 3076 बैठकें आयोजित की गईं।

वर्ष 2015-16 के दौरान विस्तारण सलाहकार सेवा के अधीन का कुल खर्च ₹ 1754.06 लाख था।

ए) बाहर से निधि प्राप्त परियोजनाएँ

(क) एकीकृत बागवानी विकास मिशन [एम आई डी एच], कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन मसालों के कटाई-पश्चात कार्यों पर परियोजना

यह एकीकृत बागवानी विकास मिशन [एम आई डी एच], कृषि मंत्रालय, भारत सरकार की वित्तीय सहायता से प्रमुख मसाला उत्पादक राज्यों में अमल किए गए मसालों के कटाई-पश्चात् कार्य केलिए बोर्ड की एक बृहद् परियोजना है। इस परियोजना की परिलब्धियाँ निम्नानुसार हैं:

i) कालीमिर्च और लौंग कृषकों केलिए 2527 निसेनियों का वितरण किया गया। [महिलाएँ : 308, अ.जा.:4, अ.ज.जा.:14]

ii) 612 कालीमिर्च थ्रेशरों की स्थापना की गई। [महिलाएँ :86, अ.जा.:4, अ.ज.जा.:4]

iii) एक कालीमिर्च शुष्कक की स्थापना की गई। [महिला:1]

iv) 86 इलायची शुष्ककों की स्थापना की गई। [महिलाएँ :12, अ.जा.:2; अ.ज.जा.:0]

v) 69 हल्दी पोलिशर उपकरणों की स्थापना की गई। [महिलाएँ :7; अ.जा.:2]

vi) 7 जावित्री (मेस) शुष्ककों की स्थापना की गई। [महिलाएँ :1; अ.जा.:0; अ.ज.जा.0]

vii) 9 मी. x 6 मी. आकार की 850 सिल्पोलिन शीटों का वितरण किया गया। [महिलाएँ :35; अ.जा.:19; अ.ज.जा. 30]

viii) 5244 मसाला कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। [महिलाएँ :581; अ.जा.:850; अ.ज.जा.:1280]

ix) मिर्च बढाने वाले क्षेत्रों में काम करने वाले राज्य कृषि/बागवानी विभागों के 315 तकनीकी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। [महिलाएँ :55; अ.जा.:7; अ.ज.जा.:47]

x) 9 जिला स्तरीय संगोष्ठियाँ आयोजित की गईं। [महिलाएँ :439; अ.जा.:107; अ.ज.जा.:633]

xi) 3 राज्य स्तरीय संगोष्ठियाँ आयोजित की गईं। [महिलाएँ :51; अ.जा.:56; अ.ज.जा.:185]

xii) मसालों में खाद्य सुरक्षा पर 2 राज्य स्तरीय कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। [महिलाएँ :20; अ.जा.:28; अ.ज.जा.:8]

xiii) एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। [महिलाएँ :49; अ.जा.:45; अ.ज.जा.:12]

वर्ष 2015-16 के दौरान कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु एम आई डी एच ने दो किस्तों में ₹ 350 लाख की राशि निर्मोचित की। यह राशि ऊपर के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु पूर्णतः प्रयुक्त की गई। वर्ष 2015-16 के दौरान एम आई डी एच के अधीन कुल ₹ 387.72 लाख खर्च किए गए।

(ख) आंध्रप्रदेश सरकार की आर के वी वाई परियोजना

आंध्रप्रदेश सरकार ने स्पाइसेस बोर्ड द्वारा आर के वी वाई के अधीन प्रस्तुत मसाले विकास पर एकीकृत परियोजना का अनुमोदन किया और ₹ 3.65 करोड़ (वर्ष 2014-15 के दौरान दो किस्तों में ₹ 2.45 करोड़ और वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 1.20 करोड़ की राशि का निर्मोचन किया गया।

आर के वी वाई आंध्र प्रदेश के अधीन वर्ष 2015-16 के दौरान प्राप्त उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

i) मिर्च कृषकों को 1000 सिल्पोलिन शीटों की आपूर्ति की गई [महिलाएँ :183; अ.जा.:53; अ.ज.जा.:138]

ii) मिर्च, हल्दी और कालीमिर्च कृषकों को 1000 तिरपाल शीटों का वितरण किया गया [सारे लाभग्राही पुरुष थे; अ.ज.जा.:870]

iii) 750 पादप संरक्षण उपकरणों का वितरण किया गया। [महिलाएँ :67; अ.जा.:20; अ.ज.जा.:02]

iv) 37 हल्दी बॉयलरों की स्थापना की गई [महिलाएँ :7]

v) मिर्च और हल्दी पर 10 कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए [महिलाएँ :91; अ.जा.:129; अ.ज.जा.:127]

vi) एक विपणि लिंकेज कार्यक्रम चलाया गया [महिलाएँ :11]

vii) राज्य बागवानी विभाग के ज़रिए 225 हे. केलिए हल्दी बीज सामग्री का वितरण किया गया [बागवानी विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार को निधि निर्मोचित की गई]

viii) 50,000 कृषकों व 300 मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने केलिए कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम और मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने केलिए बागवानी विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार को ₹ 36.00 लाख निर्मोचित किए गए।

आर के वी वाई परियोजना के अधीन वर्ष 2015-16 के दौरान कुल ₹ 133.59 लाख खर्च किए गए।

(i) तेलंगाना सरकार की आर के वी वाई परियोजना

तेलंगाना सरकार ने स्पाइसेस बोर्ड द्वारा आर के वी वाई के अधीन प्रस्तुत मसाले विकास पर एकीकृत परियोजना का अनुमोदन किया और आर के वी वाई तेलंगाना के अधीन मिर्च और हल्दी पर परियोजनाएं कार्यान्वित करने हेतु ₹ 110 लाख की राशि का निर्मोचन किया गया।

आर के वी वाई तेलंगाना के अधीन वर्ष 2015-16 के दौरान प्राप्त उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

i) 87 मिर्च कृषकों को 110 सिल्पोलिन शीटों की आपूर्ति की गई [महिलाएं : 12; अ.ज.जा.:8]

ii) 15 हल्दी बॉयलरों की स्थापना की गई [महिलाएँ : 1]

iii) 2 हल्दी पॉलिशरों की स्थापना की गई।

iv) 3000 कृषकों को 200 कि.ग्रा. की दर पर उच्च उपजवाली किस्मों की रोपण सामग्रियों की आपूर्ति हेतु हल्दी पर क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम [बागवानी विभाग, तेलंगाना सरकार को निधि निर्मोचित की गई]

v) 774 प्रतिभागियों सहित मिर्च पर 10 गुणवत्ता सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

vi) 25 प्रतिभागियों सहित हल्दी कृषकों केलिए राज्य के बाहर एक कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया।

vii) 269 प्रतिभागियों सहित हल्दी पर 4 गुणवत्ता सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

viii) 20 प्रतिभागियों सहित प्रगतिशील राज्यों केलिए एक अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया।

ix) 28 कृषक प्रतिभागियों सहित हल्दी केलिए 4 विपणी लिंकेज़ कार्यक्रमों आयोजन किया गया।

आर के वी वाई परियोजना के अधीन वर्ष 2015-16 के दौरान कुल ₹ 88.75 लाख खर्च किए गए।

5. निर्यात विकास एवं संवर्धन

'निर्यात विकास एवं संवर्धन योजना' के अधीन अमल किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का उद्देश्य उच्चस्तरीय मूल्यवर्धन केलिए हाई-टेक प्रसंस्करण तकनोलोजी अपनाने या वर्तमान स्तर के उन्नयन और आयातक देशों के बदलते सुरक्षा मानकों का सामना करने केलिए क्षमताओं को विकसित करने में निर्यातकों का समर्थन करना है। वैज्ञानिक सुविधा/प्रक्रिया उन्नयन को तरजीह देते समय मसाला व्यापार की संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा पर बोर्ड ध्यान रखता है। अवसंरचना विकास, मसालों के नए अनुप्रयोग एवं नए उत्पाद विकास पर अनुसंधान, भारतीय मसाला ब्रैंड को विदेश में बढावा, प्रमुख मसाले बढाए जानेवाले/विपणन केंद्रों में आम सफाई, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकिंग, भण्डारण सुविधाएं (मसाला पार्क), जैव मसालों/जी आई मसालों को बढावा आदि मुख्य दबाववाले क्षेत्र हैं। उत्तर पूर्व के उद्यमियों केलिए विशेष कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं।

अ) अवसंरचना विकास

एक योजना अवधि के दौरान, अवसंरचना विकास योजना के अधीन की अधिकतम राशि खर्च के 33 प्रतिशत तक सीमित है बशर्तेकि सामान्यतः निर्यातक केलिए अधिकतम ₹ 1.00 करोड हो और उत्तर पूर्वी क्षेत्र सहित विशेष क्षेत्रों में खर्च का 50 प्रतिशत बशर्तेकि अधिकतम ₹ 2.00 करोड हो।

(क) उच्च तकनीक व प्रौद्योगिकी अपनाना और प्रक्रिया उन्नयन

बेहतर मूल्य-प्राप्ति के लिए मसालों में उच्चस्तरीय मूल्य-वर्धन को बढ़ावा देने हेतु और उसके साथ-साथ निर्यातित मसालों की गुणवत्ता और खाद्य-सुरक्षा अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता अपेक्षाओं के अनुरूप सुनिश्चित करने केलिए यह कार्यक्रम निर्यातकों को मसाला-प्रसंस्करण में उच्च-प्रौद्योगिकी अपनाने और उनके पास मौजूद तकनोलोजियों/सुविधाओं के उन्नयन केलिए सहायता-अनुदान प्रदान करता है। सहायता की सीमा प्रसंस्करण व पैकिंग की मशीनरी/उपस्कर, विद्युत संस्थापन की लागत और परामर्श के 33 प्रतिशत है। तकनीकी उन्नयन की योजना विदेशी क्रेताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप उच्चतम मूल्य वर्धन और गुणवत्ता मानकों के उत्पादों के निर्माण केलिए निर्यातकों को अपनी मौजूदा प्रसंस्करण/पैकिंग सुविधाओं के उन्नयन हेतु समान स्तर की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 11 निर्यातकों को हाई-टेक अपनाने और प्रसंस्करण यूनिटों के तकनोलजी उन्नयन केलिए कुल ₹ 489.19 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

ख) गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं की स्थापना/उन्नयन

यह कार्यक्रम उन निर्यातकों के सहायतार्थ है, जो नाशकजीवनाशी अवशेषों, एफ्लाटोक्सिन, भौतिक, रासायनिक एवं सूक्ष्म जैविक संदूषणों की पहचान सहित उत्पादों की गुणवत्ता पर विभिन्न पैरामीटरों के विश्लेषण करने की सुविधाएँ स्थापित करने केलिए इन-हाउस गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालों की स्थापना/उन्नयन करना चाहते हैं। इन-हाउस गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं की स्थापना/उन्नयन केलिए सहायता प्रयोगशाला उपस्कर/उपकरण, काँच के बरतन, प्रयोगशाला फर्नीचर तथा विद्युत संस्थापनों सहित अन्य उपसाधनों व परामर्श चार्जों की लगत के 33 प्रतिशत तक सीमित है। वर्ष 2015-16 के दौरान चार निर्यातकों ने यह सुविधा प्राप्त की, इस कार्य केलिए कुल सहायता-अनुदान ₹ 63.13 लाख का रहा।

ग) गुणवत्ता प्रमाणन, जाँच नमूनों का विधीयन और प्रयोगशाला कार्मिकों का प्रशिक्षण

स्पाइसेस बोर्ड मसाला निर्यातकों को अपने प्रसंस्करण यूनिटों में आई एस ओ, एच ए सी सी पी जैसी गुणवत्ता प्रणालियां तथा समान गुणवत्ता प्रमाणन अपनाने में मदद करता है। आई एस ओ/एच ए सी सी पी/जी एम पी आदि केलिए प्रसंस्करण यूनिटों के प्रत्यायन/प्रमाणन केलिए खर्च किए गए चार्जों का 33 प्रतिशत सहायता-अनुदान के रूप में दिया जाएगा। बोर्ड विदेशों में प्रयोगशालाओं के विधीयन/मानकीकरण हेतु विश्लेषण-चार्ज की लागत के रूप में और निर्यातकों के प्रयोगशाला-कार्मिकों को अन्तर्राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, वरीयताः यू एस एफ डी ए, ई यू आदि द्वारा अनुमोदित, में अपनी तकनीकी जानकारी का उन्नयन कराने के चार्ज/खर्च के रूप में भी वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

आ) व्यापार संवर्धन

क) व्यापार नमूनों को विदेश भेजना

नमूनों के आधार पर अपने लेनदेन को अंतिम रूप देने और व्यवहार में अधिक स्पष्टता लाने के इच्छुक निर्यातकों की सहायता बोर्ड प्रतिवर्ष अधिकतम ₹ 50,000 के कोरियर चार्जों की प्रतिपूर्ति करके करता है। इस कार्यक्रम के अधीन मसालों के पंजीकृत निर्माता निर्यातक, जिन्हें मसाला भवन प्रमाण पत्र/स्पाइसेस बोर्ड लोगो है, जैव मसालों के प्रमाणित कृषक और निर्यातक एवं ब्रैण्ड पंजीकृत निर्यातक, आते हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान, बोर्ड ने 14 निर्यातकों को कुल ₹ 6.49 लाख की वित्तीय सहायता वितरित की।

ख) संवर्धनात्मक साहित्य/विवरण पुस्तिकाओं का मुद्रण

उत्पाद के क्रेताओं को आकर्षित करने के लिए संवर्धनात्मक साहित्य और विवरण पुस्तिका प्राथमिक संवर्धनात्मक सामग्री है। निर्यातक, जिनके पास एस एच सी/लॉगो और बोर्ड के साथ रजिस्ट्रीकृत ब्रैंड/जैव प्रमाणन है, वे प्लान अवधि के दौरान खर्च के 50 प्रतिशत की दर पर सहायता लेने के पात्र हैं, बशर्तेकि अधिकतम ₹ 2 लाख प्रति विवरण पुस्तिका हो और अधिक से अधिक दो बार हो। अपने प्रत्याशित विदेशी खरीददारों को प्रदान किए जानेवाले उत्पादों व सेवाओं तथा निर्यातकों की सक्षमता व क्षमताओं के बारे में परिचित करानेवाले संवर्धनात्मक साहित्य/विवरण पुस्तिकाओं के मुद्रण, वीडियो फिल्म/सी डी, अन्य इलेक्ट्रॉनिक रूपों का समर्थन बोर्ड द्वारा किया जाता है।

ग) पैकेजिंग विकास और बार कोडिंग रजिस्ट्रीकरण

यह कार्यक्रम विदेशी विपणियों में भारतीय मसालों का वर्द्धित शेल्फ लाइफ, भण्डारण जगह कम करना, अनुरेखणीयता स्थापित करना और बेहतर प्रस्तुति केलिए निर्यात पैकेजिङ का संवर्धन और आधुनिकीकरण लक्ष्यीकृत है। रजिस्ट्रीकृत निर्यातक यह सहायता पैकेजिङ विकास और बार कोडिंग रजिस्ट्रीकरण की लागत के 50 प्रतिशत, बशर्तेकि प्रतिवर्ष प्रति निर्यातक अधिकतम ₹ 1 लाख हो, सहायता प्राप्त कर सकता है।

इ) उत्पाद विकास एवं अनुसंधान

देश में उत्पादित मसालों से नए अंत्योपयोग और अनुप्रयोग विकसित करने की अच्छी संभावनाएँ होती हैं। इन उत्पादों/रूपायनों की मूल्य प्राप्ति उन्हें कोंडिमेंट्स के रूप में ही निर्यात करने से जो मूल्य मिल सकता था, उससे बहुत ज्यादा होगी। चूंकि अधिकतम मूल्य वसूली के साथ पेटेंट मिलने लायक उत्पादों के सृजन में नए अंत्योत्पादों की पेशकश सहायक होगी, मसालों के पौषणिक, औषधीय एवँ कांतिवर्द्धक मूल्यों के वैज्ञानिक अनुसंधान की अपेक्षा रखनेवाले मसालों के

अंत्योत्पादों के विकास की ज़रूरत है। यह योजना उत्पाद अनुसंधान/विकास/नैदानिक जाँच/पेटेंटिंग और परीक्षण विपणन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सभी रजिस्ट्रीकृत निर्माता - निर्यातक एवं मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाएं, जो मसालों के नए अन्त्योत्पाद को विकसित करना चाहते हैं, और जो नैदानिक जाँच में लगे रहना चाहते हैं, मसालों की ज्ञात गुणविशेषताओं का दस्तावेज बनाना और सिद्ध करना चाहते हैं, उन्हें यह सहायता दी जाती है। अनुसंधान और अध्ययन के विविध चरणों की पूर्ति के आधार पर सम्मत किस्तों में, खर्च के 50 प्रतिशत की दर पर अधिकतम ₹ 25 लाख हो, सहायता - अनुदान के रूप में रकम वितरित की जाएगी। बोर्ड ने वर्ष 2015-16 के दौरान 6 लाभग्राहियों को कुल ₹ 91.08 लाख के सहायता अनुदान का वितरण किया।

ई) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में मसाला प्रसंस्करण

भारत के अन्य भागों के उत्पादों की तुलना में उत्तरपूर्व अलग-अलग तीक्षणता एवं स्थानीय गुणों सहित, जैविक तरीके से बढाए गए इलायची (बडी), मिर्च, हल्दी और अदरक जैसे मसालों का उत्पादन करता है। लेकिन उत्तर-पूर्व को लेकर व्यापार की अधिकांश चिंता निर्यात उद्योग की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निर्यातयोग्य अधिशेष और अपर्याप्त प्रसंस्करण सुविधाओं की अपर्याप्तता के बारे में हैं। यह योजना, उत्तर पूर्वी एवं पहाडी राज्यों के मसाला कृषकों, सहकारियों, कृषक संघों, मसाला कृषकों का प्रतिनिधित्व करनेवाले एन जी ओ एवं वैयक्तिक उद्यमियों को मसालों की प्राथमिक प्रसंस्करण सुविधाओं की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने केलिए प्रस्तावित है। सभी प्रकार की प्राथमिक प्रसंस्करण सुविधाओं की लगत के 33 प्रतिशत की दर पर, बशर्तेकि अधिकतम ₹ 25 लाख रुपए हो, योजनावधि के दौरान प्रति लाभार्थी सहायता-अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। कृषक दल केलिए प्राथमिक प्रसंस्करण सुविधा के खर्च के 50 प्रतिशत तक की सहायता दी जाती है।

उ) ब्रैंड संवर्धन ऋण योजना

इस कार्यक्रम का उद्देश्य, अनुरेखणीयता एवं खाद्य सुरक्षा के स्पष्ट संकेत के साथ विदेशी उपभोक्ताओं की पहुँच के भीतर गुणवत्तायुक्त भारतीय मसाला ब्रैंडों को पाने का रास्ता दिखाने के उपायों की श्रृंखलाओं के ज़रिए चुनी हुई विदेशी विपणियों में भारतीय ब्रैंडों के प्रवेश केलिए सहायता देना है। इस कार्यक्रम के अधीन निर्यातकों को जिन्होंने अपना ब्रैंड रजिस्ट्रीकृत किया है, प्रति ब्रैण्ड एक करोड रुपए की वित्तीय सहायता ब्याज रहित ऋण के रूप में दी जाती है। चयनित विदेशी बाज़ारों एवं चयनित शहरों में विनिर्दिष्ट ब्रैंडों को पाने के स्थानों का पता लगाने के उद्देश्य के साथ स्लोटिंग/लिस्टिंग शुल्क, संवर्धनात्मक खर्च के 100 प्रतिशत तक और उत्पाद विकास की लागत के 50 प्रतिशत तक पर इस योजना के अधीन विचार किया जाएगा।

ऊ) विदेश में विपणि अध्ययन

उचित मूल्यन, संवर्धनात्मक और विपणन उपायों के रूपायन केलिए भारतीय मसाला उत्पादों के क्षेत्रों और अन्य महत्वपूर्ण सेक्टरों का गहरा अध्ययन किया जाना है। बोर्ड द्वारा विपणि सर्वेक्षण भारतीय मसालों की मज़बूतियों, कमज़ोरियों, आशंकाओं और अवसरों का पता लगाने में सहायक होगा। अपने निर्यात कार्यों को प्रभावी ढंग से संभालने केलिए बदलते विपणि परिवेशों और अन्य विनियमों के साथ अधिक उचित रूप से सलाह दी जाने की अपेक्षा रखनेवाले लघु निर्यातकों एवं नवागन्तुकों केलिए यह अध्ययन महत्वपूर्ण बनता है। इस अध्ययन के आधार पर, निर्यातकों के ब्रैंड संवर्धन प्रयासों का समर्थन किया जाएगा।

ऋ) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों/प्रदर्शिनियों/बैठकों तथा प्रशिक्षणों में प्रतिभगिता

(क) बोर्ड की प्रतिभागिता

बोर्ड, पूछताछ प्राप्त करने और अंततोगत्वा निर्यात को बढावा देने में सहायक निकलने वाले व्यापारिक संबंध जुटाने के अलावा भारतीय मसाला उद्योग की बढती क्षमताओं को प्रदर्शित करना, जानकारी प्रदान करना और असर डालना तथा लगाव पैदा करना आदि लक्ष्यों के साथ अंतर्राष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लेता है। चुनी गई प्रदर्शनियों में अग्रणी रेस्तराँ और खाद्य श्रृंखलाओं के सहयोग से पाकप्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं और मसालों के उपयोग एवं अनुप्रयोग दिखा देने और भारतीय पाककला को बढावा देने केलिए खाद्य मेलों में भाग लेता है। वर्ष 2015-16 के दौरान, बोर्ड ने 8 अंतर्राष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शिनियों में भाग लिया। इस बजट के अधीन ₹ 248.66 लाख की राशि खर्च की गई।

(ख) निर्यातकों की प्रतिभागिता

अंतर्राष्ट्रीय मेले और प्रदर्शिनियाँ उनके भागीदारों को अपने उत्पादों तथा सेवाओं को बढावा देने की असीम संभावनाएँ प्रदान करती हैं। पंजीकृत निर्यातक, जिनके पास भारतीय मसाला लॉगो/मसाला भवन प्रमाणपत्र है/जैव मसालों का प्रमाणित कृषक और निर्यातक तथा वे निर्यातक, जिनके ब्रैंड नाम बोर्ड के साथ रजिस्ट्रीकृत हैं, सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सहायता व्यापार मेले के दौरे केलिए हवाई भाडे (इकनोमी/एक्सकर्शन क्लास) की प्रतिपूर्ति के रूप में लॉगो/एस एच सी धारकों केलिए प्रतिवर्ष प्रति निर्यातक अधिक से अधिक ₹ 60,000 और रजिस्ट्रीकृत ब्रैंड और जैव प्रमाणपत्र धारकों के लिए ₹ 40,000 तक है। स्वतंत्र स्टॉल किराए पर लेने के मामले में यह सहायता लागत के 50 प्रतिशत, अधिक से अधिक ₹ 1 लाख प्रति निर्यातक तक सीमित होगी। वर्ष 2015-16 के दौरान पाँच निर्यातकों ने इस योजना से लाभ उठाया और ₹ 2.09 लाख की कुल राशि प्रदान की गई।

ग) विपणि विकास सहायता (एम डी ए)

पूर्ववर्ती वर्ष में ₹ 30 करोड तक के एफ.ओ.बी. मूल्य के निर्यातवाली रजिस्ट्रीकृत निर्यात-कंपनियां भारत से अपने विनिर्दिष्ट उत्पादों/पण्यों के निर्यात केलिए नई विपणियाँ ढूँढ निकालने हेतु विदेश में व्यापारिक प्रतिनिधि मण्डलों/क्रेता-विक्रेता भेंट/मेलों/प्रदर्शनियों में प्रतिभागिता लेने केलिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एम डी ए मार्गनिर्देशों के अनुसार प्रारंभिक दौर में सहायता पाने के पात्र हैं। सामान्य क्षेत्र के अलावा, विशेष विदेशी क्षेत्र में जैसेकि फोकस (एल ए सी), फोकस (अफ्रीका), फोकस (सी आई एस) एवं फोकस (आसियान + 2) हैं, निर्यात संवर्धन कार्यक्रम पर इस कार्यक्रम के अधीन वित्तीय सहायता केलिए विचार किया जाता है। यह सहायता, इस शर्त के अधीन होगी कि निर्यातक ने संबन्धित ई पी सी के साथ 12 महीनों की सदस्यता पूरी की है और नियमित रूप से संबन्धित ई पी सी/संगठन के साथ विवरिणी प्रस्तुत की है। यह सहायता पात्र मसाला निर्यातकों को प्रतिभागिता हेतु उच्चतम सीमा के अधीन इकोनमी/एक्सकर्शन क्लास का हवाई भाडा और या तैयारशुदा स्टॉल के चार्ज केलिए है। वर्ष 2015-16 के दौरान दो निर्यातकों ने ₹ 2.42 लाख की एम डी ए सहायता प्राप्त की।

ए) भारतीय मसाला लोगो और ट्रेड मार्क

बोर्ड चुनिंदे तौर पर ऐसे निर्यातकों, जिनके पास प्रमाणित प्रसंस्करण और गुणवत्ता क्षमता है, और सभी दौर पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्यकर और सफाई का अनुरक्षण करते हैं, यह लॉगो प्रदान करता है। किसी भी वजन के प्रसंस्कृत व पैक किए गए मसालों व मसाला उत्पादों

के पंजीकृत निर्यातक इस लॉगो कार्यक्रम के अधीन आते हैं। निर्यात किए गए पैकों पर लॉगो लगाने से उपभोक्ता भारतीय मसालों में अंतर्निहित गुणविशेषताओं व उनको प्राप्त वरीयता के बारे में अवगत हो जाएंगे। वर्ष 2015-16 के दौरान किसी भी निर्यातक को लॉगो प्रदान नहीं किए गए। 22 प्रमुख आयातक देशों में लॉगो के ट्रेड मार्क का रजिस्ट्रीकरण किया गया है और वर्ष 2015-16 के दौरान आठ रजिस्ट्रेशनों का पुनःनवीकरण किया गया।

ऐ) ब्रैंड नाम का रजिस्ट्रीकरण

'ब्रैंड नाम का रजिस्ट्रीकरण' नामक इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ब्रैंड नामों के अधीन उपभोक्ता पैकों में मसालों/मसाला उत्पादों के निर्यात का समर्थन करना और ब्रैंड किए गए उपभोक्ता पैकों की तेज बढने वाली विपणी में अपना हिस्सा प्राप्त करना है। बोर्ड ने भारतीय पैकेजिंग संस्थान के साथ परामर्श करके विभिन्न यूनिट वजन के विभिन्न मसालों केलिए पैकिंग प्रतिमान विनिर्दिष्ट किया है। सभी ब्रैंड रजिस्ट्रीकृत निर्यातकों को हर तीन साल बाद अपने रजिस्ट्रेशन का नवीकरण करना चाहिए। वर्ष 2015-16 के दौरान चार निर्यातकों ने अपने ब्रैंडों का रजिस्ट्रीकरण / नवीकरण किया।

ओ) प्रमुख पहल

(क) मसाला पार्क

कृषकों को अपने उत्पाद केलिए बेहतर मूल्य वसूली और व्यापक बाज़ार मिल जाने के लिए सशक्त बनाने की दृष्टि से प्रमुख मसाले उत्पादन/विपणि केन्द्रों में फसल विशेष मसाला पार्कों की स्थापना की गई है। ये पार्क कृषकों को सफाई, ग्रेडिंग, पैकिंग एवं भाप विसंक्रमण केलिए आम अवसंरचना सुविधाओं का उपयोग करने में सुकर बनाएगा जो उत्पाद को गुणवत्ता और तदद्वारा बेहतर मूल्य सुनिश्चित करेगा। पार्क की वैज्ञानिक पैकिंग और वेयरहाउसिंग सुविधाएं तथा प्रयोगशाला की गुणवत्ता जाँच सुविधा उस इलाके में उत्पादित मसालों की समग्र गुणवत्ता सुधारेंगी। मसाला पार्क, मसालों एवं मसाले उत्पादों की खेती, फसलोपरान्त कार्य, मूल्य वर्धन केलिए प्रसंस्करण, पैकेजिंग और भण्डारण हेतु एक एकीकृत प्रचालन केलिए सुविचारित पद्धति है।

बोर्ड ने प्रमुख उत्पादक/विपणि केन्द्रों में फसल विशेष मसाला पार्कों की स्थापना की है/द्वारा की जा रही है। वर्तमान में स्थापित/स्थापना के अधीन मसाला पार्कों का स्थान निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	स्थान/राज्य	अधीनस्थ मसाले	स्थिति
1	छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश	लहसुन, मिर्च	पूरा हो गया
2	पुट्टडी, केरल	कालीमिर्च व इलायची	पूरा हो गया
3	जोधपुर, राजस्थान	जीरा व धनिया	पूरा हो गया
4	गुना, मध्यप्रदेश	धनिया	पूरा हो गया
5	गुन्टूर, आन्ध्रप्रदेश	मिर्च	पूरा हो गया
6	शिवगंगा, तमिलनाडु	हल्दी व मिर्च	पूरा हो गया
7	कोटा, राजस्थान	धनिया, जीरा	काम जारी
8	राई बरेली, उत्तरप्रदेश	पुदीना	काम जारी

(ख) इलायची केलिए इलेक्ट्रॉनिक नीलाम

इलायची (छोटी) का इ-नीलाम केरल के इडुक्की जिले के पुट्टडी और तमिलनाडु के बोडिनायकन्नूर के मसाला पार्कों में जारी रहा। कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों में इलायची (छोटी) केलिए और सिक्किम की दो जगहों पर बडी इलायची केलिए बोली लगाकर नीलाम भी जारी रखे गए। इलायची (विपणन और अनुज्ञप्तीकरण) नियम, 1987 का संशोधन किया गया और नई अधिसूचना जारी की गई, जो प्रणाली को अधिक प्रतियोगी, पारदर्शी बनाएगी और नीलामकर्त्ताओं और कृषकों केलिए भुगतान का समय कम करेगी। इस नई प्रक्रिया में इ-नीलामकर्त्ता अनुज्ञप्ति और मैनुअल नीलामकर्त्ता अनुज्ञप्ति केलिए रेजिस्ट्रीकरण शुल्क क्रमशः ₹ 50,000 और ₹ 5,000 हैं। साथ ही, इ-नीलाम केलिए, आवेदक को उस खंड अवधि केलिए, जिसके केलिए आवेदक नीलामकर्त्ता अनुज्ञप्ति पाना चाहता है, विधिमान्य बैंक गैरंटी के रूप में अपेक्षित प्रतिभूती जमा राशि देनी होगी।

(ग) रजिस्ट्रीकरण और लाइसेंसिंग

लाइसेंसिंग व रजिस्ट्रीकरण बोर्ड के नियामक कार्यों का एक हिस्सा है। इलायची (छोटी व बडी) के व्यापार केलिए बोर्ड नीलामकर्ता एवं ब्यौहारी लाइसेंस तथा मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र (सी आर ई एस) जारी करता है। सी आर ई एस एवं ब्यौहारी व नीलामकर्ता लाइसेंस तीन सालों की खण्ड अवधि अर्थात वर्ष 2014-17 केलिए जारी किए जाते हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों के निर्यातक के रूप में 1684 रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्रों (सी आर ई एस) तथा 201 इलायची ब्यौहारी अनुज्ञप्तियों का वितरण किया।

(घ) निर्यातक पुरस्कार

स्पाइसेस बोर्ड ने हर वर्ष विभिन्न श्रेणियों के मसालों का उत्कृष्ट निर्यात करनेवाले निर्यातकों का आदर करने हेतु निर्यात पुरस्कार एवं ट्रोफियों की व्यवस्था की है। वर्ष 2012-13 और 2013-14 केलिए निर्यातक पुरस्कार और सराहनीय निर्यात निष्पादन के लिए प्रशंसा-प्रमाणपत्रों का वितरण 28 फरवरी 2016 को किया गया।

(ङ) सी टी सी सेल की स्थापना

स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों व वानस्पतिक सामग्रियों की आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में खाद्य सुरक्षा पर क्षमता निर्माण हेतु 'जोइंट इंस्टीट्यूट फॉर फूड सेफ्टी एंड अप्लाइड न्यूट्रीशन (जे आई एफ एस ए एन) यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड, यू एस ए और कोन्फेडरेशन ऑफ इण्डियन इन्डस्ट्रीज़ - फूड एंड एग्रिकल्चर सेंटर ऑफ एक्सलेंस (सी आई आई - एफ ए सी ई) के सहयोग से एक सहयोगी प्रशिक्षण केन्द्र (सी टी सी) की स्थापना की और वर्ष 2013-14 में अपना कार्य शुरू किया। भारत में प्रशिक्षण विदग्धों की क्षमता बनाने हेतु सी टी सी सेल ने मसालों की खेती करने वाले राज्यों में कृषकों, राज्य कृषि अधिकारियों और मसाला निर्यातकों/व्यापारियों केलिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जारी रखा। वर्ष 2015-16 के दौरान सी टी सी सेल के अधीन अजमेर (राजस्थान), अहमदाबाद (गुजरात), मंदसौर (मध्यप्रदेश) और बंगलूरु (कर्नाटक) में जी ए पी, जी एम पी और मसाला सेक्टर केलिए खाद्य सुरक्षा पर चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। यू एस एफ डी ए के अधीन जिफसान, मेरीलैंड, यू एस ए के दो अधिकारियों ने ये प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए। व्यापारियों, निर्यातकों, प्रगतिशील कृषकों, राज्य कृषि व बागवानी विभाग, स्पाइसेस बोर्ड के अधिकारियों तथा सोसाइटी/एन जी ओ के सदस्यों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया था। इन प्रशिक्षण केलिए ₹ 9,37,325 खर्च किए गए।

च) मसालों का जी आई रजिस्ट्रेशन

स्पाइसेस बोर्ड ने मलबार पेप्पर, एलप्पी ग्रीन कार्डमम, कूर्ग ग्रीन

कार्डमम, गुण्टूर सन्नम चिल्ली एवं ब्यादगी चिल्ली केलिए जी आई रजिस्ट्रेशन प्राप्त किया है।

छ) सिग्नेचर स्टाल

फ्लेवरिट मसालों के प्रति शौक बांटने और बरकरार रखने की पहल है। फ्लेवरिट ऐसे फार्मों से, जहां मसालों की खेती एक परंपरा और विश्वास है, श्रेष्ठतम मसाले चुन लेता है। गुणवत्ता के प्रति हमारी वचनबद्धता और शुद्धता के साथ निकटता भारतीय मसालों की आत्मा की गहराई तक पहुँच जाती है। फ्लेवरिट पूरी आधुनिक दुनिया में भारतीय मसालों की सुगंध फैलाने की कोशिश करता है।

मसालों की यह विलासिता फ्लेवरिट के साथ मिट्टी में काम करने वाले लोगों द्वारा सुरक्षित रखी जाती है। फ्लेवरिट विपणी की गतिविधियों के अनुसार काम करने वाले लोगों के प्रयासों को सही दिशा देता है। यह आर्थिक तथा सामाजिक अंतर्वेशन लाने हेतु कृषकों, सम्मिलित व विकासात्मक प्रयासों की मदद करता है।

फ्लेवरिट प्रगतिशील कृषकों व बुनियादी संगठन को, जिनकी दमतोड़ मेहनत आपकी खुशहाली केलिए श्रेष्ठ गुणवत्तावाले मसाले सुनिश्चित करती है, एक दूसरे से मिलाकर कुदरत की परंपरा को आधुनिक दुनिया के साथ जोड़ता है। फ़्लेवरिट धरती और यहाँ की जनता के स्वास्थ्य व भलाई केलिए समर्पित है। यह आधुनिक जीवन-शैली केलिए अनुकूल, परिस्थिति-अनुकूल तरीके से पैक किए गए मसालों के स्वाभाविक स्वाद एवं सुगंध सुनिश्चित करता है।

इन गुणवत्ता वाले मसालों को बढ़ावा देने हेतु, स्पाइसेस बोर्ड ने 'स्पाइसेस इंडिया स्टोर' नामक तीन सिग्नेचर स्टालों की स्थापना, कोचीन के लुलु माल में एक और दिल्ली में दो के हिसाब से, की हैं। बोर्ड ने विलिंग्टन द्वीप में पट्टे आधार पर मसाला संग्रहालय और सिग्नेचर स्टाल शुरू करने केलिए कोचिन पोर्ट ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) बनाया है। संग्रहालय व सिग्नेचर स्टाल का उद्देश्य पर्यटकों को सुगंधित व्यंजन तैयार करने केलिए और विभिन्न प्रकार के मसालों केलिए मशहूर कोच्ची की भेंट व स्मृतिचिह्न के रूप में भरोसेमंद भारतीय मसाले खरीदने की मदद करना है। यह प्रमुख मसालों को छूने और महसूस करने के अलावा मसाला संबंधी जानकारी को अद्यतन बनाएगा।

(ज) आई आई पी एम, बंगलूरु में स्पाइसेस बोर्ड इण्डिया चेयर प्रोफसरशिप

स्पाइसेस बोर्ड ने "कोमोडिटी बोर्ड्स ऑफ इण्डिया चेयर प्रोफसरशिप" कार्यक्रम के अधीन रिसर्च चेयर स्थापित करने केलिए भारतीय बागान प्रबंधन संस्थान [आई आई पी एम], बंगलूरु को वित्तीय सहायता प्रदान किया। रिसर्च चेयर की अध्यक्षता एक वरिष्ठ संकाय/ पोस्ट डोक्टरल फेल्लो द्वारा चेयर प्रोफसर के रूप में की जाती है। बोर्ड ने डॉ. जी.के. विद्याशंकर, उप निदेशक स्पाइसेस बोर्ड को दो साल केलिए चेयर प्रोफसरशिप हेतु प्रतिनियुक्त किया है। चेयर के अनुसंधान निष्कर्ष/अध्ययन/प्रकाशन अपेक्षित क्षेत्र केलिए आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे और मसाला सेक्टर केलिए महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेंगे। स्पाइसेस बोर्ड ने आई आई पी एम, को "स्पाइसेस बोर्ड ऑफ इण्डिया चेयर प्रोफसरशिप" केलिए चेयर स्थापित करने केलिए ₹ 15 लाख का वार्षिक अनुदान दिया है। वर्ष 2015-16 में इस निधि का प्रयोग चेयर स्थापित करने, इसके अनुसंधान और सी ए आर पी क्रियाकलाप और स्पाइसेस बोर्ड के परामर्श से मसाला क्षेत्र के विभिन्न अध्ययन कार्य से सीधे जुडे प्रयोजनों केलिए किया जाएगा। बोर्ड द्वारा गठित एक मानीटरिंग समिति इन कार्रवाइयों तथा आई आई पी एम द्वारा निधि के उपयोग का मानीटरिंग और पुनरीक्षा करेगी।

6. व्यापार सूचना सेवा

विपणन विभाग की व्यापार सूचना सेवा मसालों के निर्यात, आयात, क्षेत्र, उत्पादन, नीलाम और घरेलू व अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य से जुडी साँख्यिकी के समाकलन, संग्रहण, विश्लेषण और वितरण के जिम्मेदार है।

भारत से मसालों के मासिक अनुमानित निर्यात के संग्रहण हेतु सूचनाओं का मुख्य स्रोत सीमाशुल्क अधिकारियों द्वारा निर्मोचित दैनिक निर्यात सूची (डी एल ई) है। उसी प्रकार, भारत में मसालों के मासिक आयात के अनुमान हेतु स्रोत सीमाशुल्क द्वारा निर्मोचित दैनिक आयात सूची (डी एल आई) है। बोर्ड मसालों के आयात/निर्यात विवरणों का संग्रहण मासिक आधार पर करता है और मसालों के निर्यात आयात के आँकडों का वितरण अपने पणधारियों तथा मन्त्रालय/विभागों को नियमित रूप से करता है। इसके लिए बोर्ड कोचिन, जे एन पी टी, चेन्नै, तूतिकोरिन, मुण्ड्रा, कोलकत्ता, पेट्रापोल, मोहाधीपुर, रक्सुअल, अमृतसर आदि प्रमुख पत्तनों से नियमित रूप से डी एल ई और डी एल आई-दोनों का समाकलन करता है। इसके सिवा बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालयों से भी सूचनाएँ एकत्रित की जाती हैं।

बोर्ड भारत और विदेश की प्रमुख विपणियों में मसालों के घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय भाव का संग्रहण करता है और अपनी वेबसाइट और प्रकाशनों के ज़रिए उपभोक्ताओं को वितरित करता है। मूल्य संबन्धी विवरणों के समाकलन का मुख्य स्रोत इण्डिया पेप्पर एण्ड स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन, एग्रिकल्चर प्रोड्यूस मार्केटिंग कमिटीस, ब्यौहारी संघ, इन्टरनेशनल ट्रेड सेन्टर, जनेवा, इन्टरनेशनल पेप्पर कम्यूनिटी इन्दोनेशिया, ए ए सयिया एण्ड कं, यू एस ए जैसी एजेन्सियाँ हैं। ये सारी सूचनाएँ बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालयों तथा अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों के साथ ग्राहक बनकर समाकलित की जा रही हैं।

जैसेकि बोर्ड इलायची (छोटी और बडी) के उत्पादन विकास के जिम्मेदार है, व्यापार सूचना सेवा द्वारा बोर्ड की क्षेत्रीय संस्थापनाओं के ज़रिए चलाए जाने वाले क्षेत्र नमूना अध्ययन की सहायता से इन मसालों के क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता का अनुमान किया जाता है। अन्य मसालों के क्षेत्र और उत्पादन संबन्धी ब्यौरे का समाकलन राज्य आर्थिक एवं साँख्यिकी/कृषि/बागवानी विभागों/डी ए एस डी से संग्रहणार्थ किया जाता है। मसालों के क्षेत्र, उत्पादन संबन्धी सूचनाएँ पणधारियों तथा नीति-निर्माताओं को बोर्ड के प्रकाशनों तथा वेबसाइट के माध्यम से वितरित की जाती हैं।

निर्यातकों के रजिस्ट्रीकरण (विनियम) के अनुसार, मसालों के सभी रजिस्ट्रीकृत निर्यातकों द्वारा बोर्ड को अपनी तिमाही निर्यात विवरणी प्रस्तुत की जानी चाहिए। संप्रति करीब 4500 निर्यातकों ने बोर्ड के साथ पंजीकरण किया है और व्यापार सूचना सेवा इन निर्यातकों से तिमाही निर्यात विवरणी का संग्रहण करती है और मसालों के निर्यातक वार दित्ताबेस रखती है। इस दित्ता-बेस का इस्तेमाल करते हुए बोर्ड प्रत्येक मसाले के अग्रणी निर्यातकों के विवरणों का संग्रहण करता है और बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से उसका प्रकाशन करता है।

स्पाइसेस बोर्ड इलायची की बिक्री केलिए बोडिनायकन्नूर और पुट्टडी के इ-नीलाम केन्द्रों के ज़रिए इ-नीलाम चला रहा है। इलायची की नीलाम मात्रा और मूल्य का विवरण संकलित करके उसका प्रकाशन बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से रोज़ किया जाता है। नीलाम बिक्री

और औसत मूल्यों से संबन्धित समेकित साप्ताहिक/मासिक विवरणों का समाकलन किया गया और उनका वितरण हमारे प्रकाशनों के ज़रिए किया गया। बडी इलायची का दैनिक मूल्य एस एम एस के जरिए प्रसारित किया जाता है।

प्रमुख विदेशी विपणियों सहित विभिन्न विपणि केन्द्रों केलिए विभिन्न मसालों के साप्ताहिक घरेलू मूल्य का समाकलन और संग्रहण किया गया और उद्योग के पणधारियों के लाभ के लिए साप्ताहिक आधार पर 'स्पाइसेस मार्केट' और मासिक तौर पर 'स्पाइस इण्डिया' नामक बोर्ड के प्रकाशनों के ज़रिए इनका प्रकाशन किया गया।

अ) मसालों का क्षेत्र और उत्पादन

वर्ष 2014-15 की तुलना में वर्ष 2015-16 केलिए इलायची (छोटी) और इलायची (बडी) का क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता तालिका I व II में है। अन्य मसालों का क्षेत्र और उत्पादन तालिका III में है।

तालिका-I

इलायची (छोटी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टयर में, उत्पादन मी.ट. में., उत्पादकता: कि.ग्रा/हे.में)

राज्य	2015-16 (*)				2014-15			
	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज
केरल	39730	31109	19500	627	39730	30660	16000	522
कर्नाटक	25080	17943	1550	86	25080	17735	1050	59
तमिलनाडु	5160	3571	950	266	5160	3545	950	268
कुल	**69970**	**52623**	**22000**	**418**	**69970**	**51940**	**18000**	**347**

स्रोत: क्षेत्र नमूना अध्ययन पर आधारित अनुमान

(*): अनंतिम

तालिका-II

इलायची (बडी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टयर में, उत्पादन: मी.ट. में., उत्पादकता: कि.ग्रा/हे.में)

राज्य	2015-16 (*)				2014-15			
	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज
सिक्किम	23082	17520	4435	253	23082	17406	4075	234
पश्चिम बंगाल	3305	2829	865	306	3305	2754	775	2 8 1
कुल	**26387**	**20349**	**5300**	**260**	**26387**	**20160**	**4850**	**241**

(*): अनंतिम

स्रोत: स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अनुमान

तालिका-III

प्रमुख मसालों के क्षेत्र व उत्पादन (क्षेत्र हे. में, उत्पादनः मी.ट. में)

मसाला	2014-15 (अनु.)		2013-14 (अ)	
	क्षेत्र	उत्पादन	क्षेत्र	उत्पादन
कालीमिर्च	123900	65000	122400	37000
मिर्च	766400	1631320	791930	1376400
अदरक	140940	755950	138200	683160
हल्दी	188020	844470	207570	1092628
लहसुन	261950	1424770	238760	1221380
धनिया	552440	462270	516070	496240
जीरा	889760	485500	690080	445030
बडी सौंफ	38660	59740	94070	135930
मेथी	123340	130810	90500	110530

स्रोतः राज्य आर्थिक व सांख्यिकी निदेशालय/कृषि/बागवानी विभाग, (अ) अनन्तिम, (अनु.) अनुमानित

आ) इलायची (छोटी) की नीलाम बिक्री और मूल्य

वर्ष 2015-16 (अगस्त 2015 - जुलाई 2016) और 2014-15 (अगस्त 2014 - जुलाई 2015) केलिए इलायची (छोटी) की राज्यवार नीलाम बिक्री और भारित औसत मूल्य तालिका IV में दिए जाते हैं:-

तालिका-IV

इलायची (छोटी) की नीलाम बिक्री और मूल्य

(मात्राः मी.ट., मूल्य : रु. /कि.ग्रा. में)

राज्य	2015-16 (अगस्त-जुलाई) (अ)		2014-15 (अगस्त-जुलाई)	
	नीलामित मात्रा	भारित औसत नीलाम मूल्य	नीलामित मात्रा	भारित औसत नीलाम मूल्य
केरल और तमिलनाडु (इ-नीलाम)	32749	629.63	23070	753.82
कर्नाटक	43	473.23	29	537.32
महाराष्ट्र	109	713.33	92	879.16
कुल	32901	629.70	23191	754.04

(अ) : अनंतिम

स्रोत : लाइसेंस धारी नीलामकर्ताओं से प्राप्त रिपोर्टें

इ) इलायची (बड़ी) का मूल्य

गान्तोक तथा सिलिगुड़ी विपणि में 2015-16 और 2014-15 के दौरान इलायची (बड़ी) के औसत थोक बिक्री मूल्य तालिका V में दिए जाते हैं:-

तालिका-V

इलायची (बडी) का औसत थोक मूल्य **(मूल्य ₹/कि.ग्रा.में)**

केन्द्र	ग्रेड	2015-16	2014-15
गान्तोक	बडा दाना	1470.91	1409.16
सिलिगुडी	बडा दाना	1512.61	1450.09

ई) अन्य प्रमुख मसालों के मूल्य

प्रमुख मसालों के औसत मूल्य नीचे दिये जाते हैं। इन मूल्यों का समाकलन चेम्बर ऑफ कॉमर्स, इंडियन पेप्पर एंड स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन, व्यापारी संघों द्वारा तैयार की गई विपणि पुनरीक्षाएँ आदि गौण स्रोतों से किया गया है। मुख्य विपणि केन्द्रों में प्रमुख मसालों के मूल्य तालिका VI में दिए जाते हैं:-

तालिका-VI

मुख्य विपणि केन्द्रों में प्रमुख मसालों के मूल्य **(मूल्य ₹/कि.ग्रा.में)**

मसाला	विपणि	2015-16	2014-15
कालीमिर्च - एम जी 1	कोचिन	655.22	686.64
मिर्च	गुण्टूर	98.35	68.66
अदरक	कोचिन	209.36	274.55
हल्दी	चेन्नै	118.15	101.79
धनिया	चेन्नै	108.19	113.88
जीरा 4%	चेन्नै	167.04	127.95
बडी सौंफ	चेन्नै	132.75	110.59
मेथी	चेन्नै	81.11	65.08
लहसुन	चेन्नै	73.37	45.95
खसखस बीज	चेन्नै	370.08	342.78
अजोवन बीज	चेन्नै	152.81	133.35
सरसों	चेन्नै	47.80	50.21
इमली	चेन्नै	102.40	86.99
केसर	दिल्ली	196094.00	172804.00
लौंग	कोचिन	796.00	1015.74
जायफल (छिलका रहित)	कोचिन	412.05	494.52
जावित्री (मेस)	कोचिन	622.47	771.91

उ) भारत से मसालों का निर्यात निष्पादन

वर्ष 2015-16 में, भारतीय मसाला निर्यात मूल्य में अपना बढता रुख जारी रखने में सक्षम रहा। रुपए मूल्य में नौ प्रतिशत और डॉलर मूल्य में दो प्रतिशत की वृद्धि दिखाते हुए वर्ष 2014-15 के ₹ 14899.68 करोड़ (यू एस $ 2432.85 दशलक्ष) मूल्य के 8,93,920 टन के मुकाबले में वित्तीय वर्ष के दौरान देश से ₹ 16238.23 करोड़ (यू एस $ 2482.83 दशलक्ष) मूल्य के 8,43,255 टन मसालों व मसाले उत्पादों का निर्यात किया गया। निर्यात के परिमाण के मामले में छः प्रतिशत की गिरावट है, जो मुख्यतः जीरे के निर्यात में हुई गिरावट के कारण है।

वर्ष 2015-16 के दौरान मसालों का कुल निर्यात मात्रा और मूल्य दोनों के हिसाब से लक्ष्य से अधिक रहा। वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए निर्धारित लक्ष्य ₹ 14014.00 करोड़ (यू एस $ 2260 दशलक्ष) मूल्य के 8,08,000 टन की तुलना में उपलब्धि मात्रा के हिसाब से 104 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से रुपयों में 116 प्रतिशत और डॉलरों में 110 प्रतिशत है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 2014-15 की तुलना में मात्रा और मूल्य दोनों के हिसाब से कालीमिर्च, इलायची (छोटी), हल्दी सेलरी, मेथी लहसुन और हींग, इमली आदि अन्य मसालों ने वृद्धि दर्शाई। करी पाउडर/पेस्ट, मसाला तेल व तैलीराल जैसे मूल्यवर्द्धित उत्पादों के निर्यात ने भी वर्ष 2014-15 की तुलना में मात्रा और मूल्य दोनों के हिसाब से वृद्धि दिखाई थी। शेष सभी मसालों ने पिछले वर्ष की तुलना में मात्रा एवं मूल्य दोनों में कमी दर्शाई।

मात्रा में 31 प्रतिशत और मूल्य में 43 प्रतिशत की वृद्धि दिखाते हुए पिछले वर्ष के ₹ 1208.42 करोड मूल्य के 21,450 टन के मुकाबले में वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 1730.41 करोड मूल्य के कुल 28,100 टन मात्रा की कालीमिर्च का निर्यात किया गया। कालीमिर्च की यूनिट मूल्य प्राप्ति में वर्ष 2014-15 के 563.37 रु./कि.ग्रा. से वर्ष 2015-16 में ₹ 615.81 /कि.ग्रा. में वृद्धि हुई है। मात्रा में 45 प्रतिशत और मूल्य में 39 प्रतिशत की वृद्धि दिखाते हुए पिछले वर्ष के ₹ 323.47 करोड मूल्य के 3795 टन के मुकाबले में वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 449.83 करोड मूल्य के कुल 5,500 टन मात्रा की इलायची (छोटी) का निर्यात किया गया।

देश से इलायची (छोटी) के निर्यात के इतिहास में यह एक सर्वकालीन रेकार्ड रहा।

पिछले वर्ष के ₹ 744.35 करोड़ मूल्य के 86,000 टनों की तुलना में वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 921.65 करोड़ मूल्य के 88,500 टन हल्दी का निर्यात किया गया। पिछले वर्ष के ₹ 131.65 करोड़ मूल्य के 11,650 टनों की तुलना में मात्रा मे 32% और मूल्य में 31% वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष के दौरान ₹ 172.40 करोड़ मूल्य के 15,320 टन बड़ी सौंफ का निर्यात किया गया। पिछले वर्ष के ₹ 139.48 करोड़ मूल्य के 23,100 टनों की तुलना में मात्रा में 44% और मूल्य में 68% की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष के दौरान ₹ 233.80 करोड़ मूल्य के 33,300 टन मेथी का निर्यात किया गया। पिछले वर्ष के ₹ 43.02 करोड़ मूल्य के 5650 टनों की तुलना में मात्रा में 9% और मूल्य में 34% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 57.76 करोड़ मूल्य के 5800 टन सेलरी का निर्यात किया गया। मूल्य वर्द्धित उत्पादों के मामले में, करी पाउडर/पेस्ट का निर्यात पिछले साल के ₹ 476.26 करोड़ मूल्य के 24,650 टनों की तुलना में मात्रा में 8% और मूल्य में 12% वृद्धि दर्ज करते हुए, वर्ष के दौरान ₹ 531.74 करोड़ के 26,550 टनों का रहा। पिछले साल के ₹ 1910.90 करोड़ के 11,475 टनों की तुलना में मात्रा में 1% और मूल्य में 12% वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष के दौरान ₹ 2142.55 करोड़ मूल्य के 11,635 टन मसाला तेलों व तैलीरालों का निर्यात किया गया।

वर्ष 2014-15 की तुलना में वर्ष 2015-16 के दौरान भारत से मसालों का मदवार अनुमानित निर्यात और वर्ष 2015-16 में प्रतिशत परिवर्तन तालिका - vii में और वर्ष 2015-16 केलिए प्रस्तावित लक्ष्य की तुलना में लक्ष्य की प्रतिशत प्राप्ति तालिका viii में हैं।

तालिका-VII

वर्ष 2014-15 की तुलना में 2015-16 के दौरान भारत से मसालों का निर्यात

	2015-16 (*)		2014-15		2015-16 % परिवर्तन	
मद	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**
	(टन)	**(₹ लाखों में)**	**(टन)**	**(₹ लाखों में)**		
कालीमिर्च	28,100	173,041.50	21,450	120,842.16	31%	43%
इलायची (छोटी)	5,500	44,982.75	3,795	32,346.74	45%	39%
इलायची (बडी)	600	7,332.50	665	8,403.90	-10%	-13%
मिर्च	347,500	393,170.00	347,000	351,710.00	0%	12%
अदरक	24,800	27,062.00	40,400	33,133.00	-39%	-18%
हल्दी	88,500	92,165.00	86,000	74,435.00	3%	24%
धनिया	40,100	42,680.50	46,000	49,812.46	-13%	-14%
जीरा	98,700	156,699.00	155,500	183,820.00	-37%	-15%
सेलरी	5,800	5,776.50	5,650	4,302.10	3%	34%
बडी सौंफ	15,320	17,239.60	11,650	13,165.50	32%	31%
मेथी	33,300	23,380.00	23,100	13,947.63	44%	68%
अन्य बीज (1)	23,650	16,121.00	28,250	16,512.50	-16%	-2%
लहसुन	22,500	14,642.50	21,610	8,183.04	4%	79%
जायफल व जावित्री (मेस)	4,050	20,928.25	4,475	26,797.50	-9%	-22%
अन्य मसाले (2)	45,500	63,413.00	36,500	44,915.00	25%	41%
करी पाउडर/पेस्ट	26,550	53,174.50	24,650	47,626.00	8%	12%
पुदीना उत्पाद (3)	21,150	257,759.00	25,750	268,925.00	-18%	-4%
मसाला तेल व तैलीराल	11,635	214,255.00	11,475	191,090.00	1%	12%
कुल	**843,255**	**1,623,822.60**	**893,920**	**1489967.53**	**-6%**	**9%**
मूल्य दशलक्ष यू एस डोलरों में		**2482.83**		**2,432.84**		**2%**

(1) सरसों, सौंफ, अजोवन बीज, सोआ बीज, खसखस बीज आदि शामिल हैं।

(2) इमली, हींग, अमलतास (कैसिया), केसर आदि शामिल हैं।

(3) पुदीना तेल, मेंथा और मेंथा क्रिस्टल शामिल हैं।

स्रोतः सीमा शुल्क से प्राप्त डी एल ई, प्रादेशिक कार्यालयों की रिपोर्ट, पिछले साल का निर्यात रुख आदि पर आधारित अनुमान।

तालिका-VIII

लक्ष्य की तुलना में वर्ष 2015-16 के दौरान भारत से मसालों का निर्यात

	2015-16 केलिए लक्ष्य		2015-16 केलिए निर्यात		लक्ष्य की प्रतिशत-प्राप्ति	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
मद	**(टन)**	**(₹ लाखों में)**	**(टन)**	**(₹ लाखों में)**		
कालीमिर्च	28,000	161,000.00	28,100	173,041.50	100%	107%
इलायची (छोटी)	3,500	28,000.00	5,500	44,982.75	157%	161%
इलायची (बडी)	500	7,000.00	600	7,332.50	120%	105%
मिर्च	315,000	315,000.00	347,500	393,170.00	110%	125%
अदरक	35,000	31,500.00	24,800	27,062.00	71%	86%
हल्दी	80,000	72,000.00	88,500	92,165.00	111%	128%
धनिया	45,000	40,500.00	40,100	42,680.50	89%	105%
जीरा	100,000	140,000.00	98,700	156,699.00	99%	112%
सेलरी	5,000	3,500.00	5,800	5,776.50	116%	165%
बडी सौंफ	17,000	18,700.00	15,320	17,239.60	90%	92%
मेथी	25,000	15,000.00	33,300	23,380.00	133%	156%
अन्य बीज (1)	35,000	26,250.00	23,650	16,121.00	68%	61%
लहसुन	20,000	7,000.00	22,500	14,642.50	113%	209%
जायफल व जावित्री (मेस)	3,000	17,250.00	4,050	20,928.25	135%	121%
अन्य मसाले (2)	36,000	43,200.00	45,500	63,413.00	126%	147%
करी पाउडर/पेस्ट	27,000	54,000.00	26,550	53,174.50	98%	98%
पुदीना उत्पाद (3)	20,000	220,000.00	21,150	257,759.00	106%	117%
मसाला तेल व तैलीराल	13,000	201,500.00	11,635	214,255.00	90%	106%
कुल	**808,000**	**1,401,400.00**	**843,255**	**1,623,822.60**	**104%**	**116%**
मूल्य दशलक्ष यू एस डोलरों में		**2,260.50**		**2,482.83**		**110%**

(1) सरसों, सौंफ, अजोवन बीज, सोआ बीज, खसखस बीज आदि शामिल हैं।

(2) इमली, हींग, अमलतास (कैसिया), केसर आदि शामिल हैं।

(3) पुदीना तेल, मेंथा और मेंथा क्रिस्टल शामिल हैं।

स्रोतः सीमा शुल्क से प्राप्त डी एल ई, प्रादेशिक कार्यालयों की रिपोर्ट और पिछले साल का निर्यात रुख आदि पर आधारित अनुमान।

7. प्रचार एवं संवर्धन

भौगोलिक दर्शकों के मन में बोर्ड का आन-मान-सम्मान और शान बढ़ाने में संवर्धनात्मक व जन-संपर्क क्रियाकलापों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बोर्ड ने प्रचार क्रियाकलापों पर अपना ध्यान केन्द्रित रखा, जिसकी अभिकल्पना विश्वसनीयता, सद्भाव और जानकारी पैदा करने के उद्देश्य से मसाला उद्योग को बढ़ावा देने हेतु की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू मेलों में प्रतिभागिता, विख्यात व्यक्तियों के विज्ञापनों का देशभर निर्मोचन / विभिन्न मसालों पर वीडियो स्पॉट, प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम, विज्ञापन अभियान, पत्रिकाओं, पुस्तिकाओं, ब्रोशरों का मुद्रण और प्रकाशन आदि वर्ष 2015-16 के विशिष्ट मुद्दे थे। वर्ष 2015-16 के दौरान विभिन्न प्रकार के प्रचार व संवर्द्धनात्मक क्रिया-कलापों ने संगठन के व्यावहारिक स्कंधों का समर्थन किया और मसाला उद्योग को प्रेरित किया।

अ. अंतर्राष्ट्रीय मेलों में प्रतिभागिता

अंतर्राष्ट्रीय मेलों में प्रतिभागिता निर्यात संवर्द्धनात्मक क्रियाकलाप का प्रमुख घटक है। वर्ष 2015-16 के दौरान बोर्ड ने विश्वभर के आंठ अंतर्राष्ट्रीय मेलों में भाग लिया। इन अंतर्राष्ट्रीय मेलों का चयन पणधारियों के साथ परामर्श करके किया गया। इन मेलों के चयन के पीछे का तंत्र अब तक लाभ नहीं उठाई गई विपणियों से लाभ उठाना था। निर्यातकों को इन मेलों में भाग लेने को प्रोत्साहित किया गया, क्योंकि उनकी उपस्थिति कारोबार संबंधी बातचीत के ज़रिए कारगर परिणाम लाएगी, जो व्यापार संबंधों को तय करने में परिणत हो सकता है। बोर्ड के स्टाल निर्यातकों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और कारोबार करने के उद्देश्य के साथ आने वाले आगंतुकों के साथ चर्चा के अवसर हेतु मंच प्रदान करता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान बोर्ड ने निम्नलिखित अन्तर्राष्ट्रीय मेलों में भाग लिया:

क्र.सं.	प्रदर्शनी का नाम	स्थान	तारीख
1	हेनोवर मेस्से	जर्मनी	13-17 अप्रैल 2015
2	अफ़्रीकास बिग सेवेन	जोहन्नासबर्ग, दक्षिण अफ्रीका	22-24 जून 2015
3	एक्सपोएलमेंटारिया	लीमा, पेरु	26-28 अगस्त 2015
4	अनूगा	कोलोन, जर्मनी	10-14 अक्तूबर 2015
5	गलफूड मैनुफैक्चरिंग	दुबई, यू ए ई	27-29 अक्तूबर 2015
6	वेल्ड ट्रावल मार्केट	लंदन, यू के	2-5 नवंबर 2015
7	बायोफैक जर्मनी	न्यूरमबर्ग, जर्मनी	10-13 फरवरी 2016
8	फूडेक्स जापान	चिबा, जापान	8-11 मार्च 2016

आ) घरेलू मेलों में भागीदारी

किसानों, व्यापारियों, प्रसंस्करणकर्ताओं तथा निर्यातकों तक पहुँचने केलिए बोर्ड द्वारा विभिन्न राज्यों में भारत की विभिन्न प्रदर्शनियों में भागीदारी की जाती है। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से बोर्ड देश के मुख्य मसाला उत्पादक व विपणन केन्द्रों तक अपनी पहुँच सुनिश्चित करता है। यह कृषकों, व्यापारियों, प्रसंस्करणकर्त्ताओं, निर्यातकों, वैज्ञानिकों जैसे दर्शकों के एक बड़े हिस्से तथा कार्य के सफल रूपायन व निर्वहण में योगदान देने वाले अन्य संगठनों के साथ मिलने / संबंध रखने में मदद करता है। बोर्ड के साथ पंजीकृत निर्यातकों, मसाला कृषकों व कृषक ग्रूपों को इन मेलों में भाग लेने की अनुमति दी जाती है। इन मेलों में भागीदारी घरेलू व अंतर्राट्रीय व्यापार अपेक्षाओं/मांगों से लाभ उठाने और अखिल भारतीय स्तर पर बोर्ड के क्रियाकलापों के बारे में जागरूकता पैदा करने में सहायक निकली है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड ने अखिल भारतीय स्तर पर 45 प्रदर्शनियों में भाग लिया, जिसका विवरण नीचे की तालिका में दिया जाता है:-

क्र.सं.	प्रदर्शनी का नाम	स्थान	तारीख
1	एडवांटेज झारखंड - फूड प्रोसेसिंग इन्वेस्टर्स समिट 2015	रांची, झारखंड	23-24 अप्रैल 2015
2	नैशनल को ओपरेटिव स्पाइसेस फेयर	जयपुर	21-26 मई 2015
3	कृषि विकास	इंदौर, मध्यप्रदेश	25-27 मई 2015
4	नॉर्थ ईस्ट समिट	खानापारा, गुवाहटी	6 व 27 मई 2015
5	अप-टेक 2015	राजमुन्द्री, आन्ध्रप्रदेश	5-7 जून 2015
6	अग्री इंटेक्स-कोडीसिया ट्रेड फेयर	कोयंबतूर	17-20 जुलाई 2015
7	राजगिरि - विस्टा	कोच्ची	24 जुलाई 2015
8.	16 वां नैशनल कोंफेरेंस ऑफ प्रैक्टीसिंग कंपनी सेक्रटरी	एरणाकुलम	13-14 अगस्त 2015
9	किराना एक्सपो	चेन्नै	14-16 अगस्त 2015
10	आहार - 2015	बंगलूरु	19-22 अगस्त 2015
11	ओणम ट्रेड फेयर	एरणाकुलम	18-26 अगस्त 2015
12	बालसंस्कारा केन्द्रम	एरणाकुलम	31 अगस्त-5 सितंबर 2015
13	19 वां नैशनल एक्सिबिशन	कोलकत्ता	9-13 सितंबर 2015

14	फूड बिज़ इण्डिया 2015	विजयवाडा	10-11 सितंबर 2015
15	अन्नपूर्णा-वेल्ड फूड इण्डिया	मुंबई	14-16 सितंबर 2015
16	उपासी इंडस्ट्रियल एक्सिबिशन 2015	कुनूर	23-24 सितंबर 2015
17	इण्डियापैक 2015	मुंबई	8-11 अक्तूबर 2015
18	फुड इंग्रेडियंट्स & हेल्थ इंग्रेडियंट्स इण्डिया	मुंबई	9-21 अक्तूबर 2015
19	बायोफैक - 2015	कोच्ची	5-7 नवंबर 2015
20	इण्डिया इंटरनैशनल ट्रेड फेयर	नई दिल्ली	14-27 नवंबर 2015
21	आपकोण ट्रेड एक्सिबिशन	एरणाकुलम	3-6 दिसंबर 2015
22	19 वां इंटरनैशनल बुक फेयर	एरणाकुलम	4-13 दिसंबर 2015
23	इण्डिया इंटरनैशनल साइन्स फेस्टिवल	नई दिल्ली	4-8 दिसंबर 2015
24	7 वां ईस्ट हिमालयन एक्स्पो	सिलिगुरी	5-13 दिसंबर 2015
25	विंटर कार्निवल	नई दिल्ली	13 दिसंबर 2015
26	8 वां ओणाट्टुकरा अग्री-फेस्ट 2015	चारुमूड, केरल	19-23 दिसंबर 2015
27	सिंपोसियम ऑन स्पाइसेस & ऐरोमौटिक क्रोप्स	कोयंबत्तूर	16-18 दिसंबर 2015
28	मातृभूमि फेस्टिवल	तिरुवनंतपुरम	23 दिसंबर 2015, 2 जनवरी 2016
29	कार्षिक मेला	तोडुपुषा	26 दिसंबर 2015 - 4 जनवरी 2016
30	10 वां इंटरनैशनल ट्रेड फेयर	गुवाहटी	26 दिसंबर 2015 - 11 जनवरी 2016
31	नैशनल को-ओपरेटीव ट्रेड फेयर	जयपुर	6-7 जनवरी 2016
32	थर्ड असम इंटरनैशनल अग्री-होर्टी शो 2016	गुवाहटी	6-9 जनवरी 2016
33	सिक्किम ओरगानिक फेस्टिवल 2016	गान्तोक	17-21 जनवरी 2016
34	चिन्मय खेल मेला	कोच्ची	19-22 जनवरी 2016
35	इण्डिया इंटरनैशनल कॉफी फेस्टिवल 2016	मुंबई	19-23 जनवरी 2016
36	56 वां इण्डिया इंटनैशनल गारमेंट फेयर 2016	नई दिल्ली	20-22 जनवरी 2016



37	सेकन्ड विशन जम्मू & कश्मीर 2016	जम्मू	22-24 जनवरी 2016
38	थर्ड ग्लोबल आयुर्वेद फेस्टिवल	कोषि्क्कोड	29 जनवरी - 2 फरवरी 2016
39	28 वां इंडस्ट्रियल इण्डिया ट्रेड फेयर	कोलकत्ता	12-22 फरवरी 2016
40	मेक इन इण्डिया वीक	मुंबई	13-18 फरवरी 2016
41	कर्षकश्री कार्षिकमेला	कण्णूर, केरल	24-28 फरवरी 2016
42	6 वां विशन राजस्थान	राजस्थान	1-3 मार्च 2016
43	इंटरनैशनल रबर मीट	गोवा	9-11 मार्च 2016
44	31 वां आहार इंटरनैशनल फूड & होस्पिटालिटी फेयर	नई दिल्ली	15-19 मार्च 2016
45	कृषि उन्नति मेला	पूसा, नई दिल्ली	9-21 मार्च 2016

इ) वर्ष 2015-16 में चलाई गई मुख्य परियोजनाएं

क) अखिल भारतीय स्तर पर 25 सेलिब्रिटी विज्ञापनों का निर्मोचन

भारत के मेट्रो शहरों के सभी अग्रणी मल्टीप्लेक्स स्क्रीनों पर सेलिब्रिटी वीडियो स्पाट्स का निर्मोचन किया गया। इन वीडियो स्पोटों में विख्यात सेलिब्रिटियों द्वारा अपनी जीवन-गाथा के जरिए विभिन्न भारतीय मसालों के न्यूट्रास्यूटिकल, कोस्मास्यूटिकल, पाक्य व पाक्येतर प्रयोग और ये अपने रोजमर्रा जीवन में मसालों का कैसा इस्तेमाल करते थे, ये अपने रोजमर्रा जीवन में मसालों का कैसे इस्तेमाल करते थे, ये बातें शामिल की गई थीं। दर्शकों की भारी प्रतिक्रिया के कारण और पाक्य एवं स्वास्थ्य उद्योग में मसालों के महत्वपूर्ण प्रयोग संबन्धी जानकारी दिलाने के सामाजिक दायित्व के तहत यू एफ ओ डिजिटल सिनेमास और पी वी आर मल्टीप्लेक्स चेइन ने इन विज्ञापनों को बढावा देने केलिए अपने विशेष ओफर व पैकेजों का विस्तार किया। ये विडियो बडी तादाद में दर्शकों तक पहूँच गईं और उनको बहुत हद तक प्रभावित किया।

ख) इलायची विज्ञापनों को बढावा

इस अभियान के माध्यम से इलायची के पाक्येतर प्रयोग दर्शकों को परिचित कराया गया। ये विज्ञापन अखिल भारतीय स्तर पर सभी अग्रणी मल्टीप्लेक्स थियेटरों में निर्मोचित किए गए। एक सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम के रूप में इस अभियान का लक्ष्य छोटी इलायची के विभिन्न प्रयोगों को प्रदर्शित करना और उसके माध्यम से धरेलू इलायची विपणी का समर्थन करना है।

ई) प्रकाशन

(क) स्पाइसेस बोड के सावधि प्रकाशन, नामतः स्पाइस इण्डिया अँग्रेजी, हिन्दी, मलयालम, कन्नड तथा तमिल जैसी विभीन्न भाषाओं में मासिक तथा तेलुगू व नेपाली में तिमाही तौर पर यथासमय निकाली गयी। इसके मासिक अंक निम्नालिखित विषयों पर रहेः

स्पाइस इण्डिया के अप्रैल अंक की मुख्य विषयवस्तु गुजरात-चिलकापुरी हाई-वे के गुडलपाडु में श्रीमती निर्मला सीतारामन, वाणिज्य एवं

उद्योग मंत्री डॉ. चद्रबाबू नायडु, मुख्य मंत्री, आंध्रप्रदेश की उपस्थिति में 6 अप्रैल 2015 को नए मसाला पार्क, गुन्टूर का उद्घाटन थी। उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात के तहत मिर्च के हब के रूप में आन्ध्रप्रदेश की छवि के निर्माण में यह कामयाब रही। स्पाइस इण्डिया के मई अंक की विषयवस्तु मसालों का गुणवत्ता तत्व रही। स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय में वर्ष1985 में गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला की स्थापना, गुन्टूर, चेन्नै, मुंबई में प्रयोगशालाओं का व्यापक विकास, आई एस ओ प्रणाली के गुणवत्ता पैरामीटर, प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान की जानेवाली विश्लेषणात्मक सेवाएँ, विभिन्न प्रकार के परीक्षण कार्यक्रम, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिक पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय बैठकों में भागीदारी इस अंक की मुख्य विषयवस्तु रही। उत्तर-पूर्वी राज्यों में मसाला क्षेत्र का विकास और बोर्ड द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रमों पर जून अंक में चर्चा की गई और विभिन्न क्षेत्रों द्वारा इसकी तारीफ की गई। मसाला क्षेत्र की निर्यात उपलब्धियां नई ऊंचाइयों पर जुलाई अंक की विषयवस्तु रही।

गोवा में 14-18 सितंबर को आयोजित होने को प्रस्तावित सी सी एस सी एच की दूसरी बैठक अगस्त अंक की मुख्य विषयवस्तु रही। सितंबर अंक में फाइटोफ्थोरा प्राप्ति और निष्पत्ति के साथ कर्नाटक के एक प्रगतिशील कृषक श्री के.एम. हेगडे की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। अक्तूबर अंक गोवा में संपन्न सी सी एस सी एच-2 में हुई चर्चाओं पर केन्द्रित रहा। नवंबर अंक 'संरक्षण हेतु प्राकृतिक प्रति-ऑक्सीकारक के रूप में मसाले' संबधी विशेष अंक रहा और इस मसाला अवतार को सहमियत भी दी गई। मैसूर में 22-25 नवंबर 2015 के दौरान आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय का 43 वां वार्षिक सत्र और बैठक तथा उसमें चर्चित बातें दिसंबर अंक की मुख्य विषयवस्तु रही।' मसालों के प्रचारक कर्मयोगी शीर्षक का जनवरी 2016 अंक स्वामी विवेकानंद की खाद्य-आदतों और अपने भोजन में भारतीय मसालों के प्रयोग का प्रचार-प्रसार उन्होंने कैसे किया, इस पर केद्रित रहा। फरवरी अंक में सिक्किम की जैविक स्थिति की घोषणा को उजागर किया गया और स्पाइसेस बोर्ड द्वारा तैयार किए गए ओरगानिक सिक्किम लोगो का निर्मोचन इसकी प्रावरण-कथा रही। मार्च अंक की विषयवस्तु अंजावा के कृषकों की विजय-गाथा बड़ी इलाइची से अफीम की अवैध खेती की प्रतिस्थापना रही।

(ख) फोरिन ट्रेड एंक्वयरीस बुलेटिन (पाक्षिक): यह प्रकाशन पाक्षिक तौर प्रकाशित हो रहा था, बहुरंगी मासिक बन गया और ग्राहकों को इ-मेइल द्वारा भेज दिया गया, जिसमें बोर्ड को विदेश के भारतीय मिशनों व भारत के विदेशी मिशनों, विदेश के व्यापार मेलों तथा बोर्ड की वेबसाइट के ज़रिए सीधे प्राप्त पूछताछें शामिल हैं। विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त लगभग सभी व्यापार पूछताछों का समायोजन मुख्यालय में किया गया और चार से नौ पन्नों वाले बुलेटिन में उनका प्रकाशन किया गया।

(ग) उपरोक्त के अलावा मसाला कृषकों केलिए अदरक, हल्दी, पुदीना और स्पाइसेस बोर्ड की विकास योजनाओं पर सहायक पुस्तिकाएँ निकाली गईं और उत्तर पूर्वी राज्यों के मसाले कृषकों के बीच वितरित की गईं।

8. कोडेक्स कक्ष और हस्तक्षेप

कोडेक्स कक्ष वैश्विक पहलः कोडेक्स कार्यकलाप, आई एस ओ इंटरफेस एवं डब्लयू टी ओ परियोजना

स्पाइसेस बोर्ड ने बहुसंख्यक मंचों के ज़रिए भारतीय मसालों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु बहुत अधिक पहल की है।

अ) कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन

खाद्य एवं कृषि जिन्सों केलिए वैश्विक मानक तय करने केलिए अन्तर्राष्ट्रीय मंच मुहैया करना बोर्ड का कारगर कदम रहा, जिससे कि भारतीय मसाला जगत के हित को संरक्षित करने हेतु गुणवत्ता-स्तर को प्रभावी रूप से अमल में लाया जा सके।

क) मसालों व पाक शाकों पर कोडेक्स समिति (सी सी एस सी एच)

भारत, जिसने मसालों व पाकशाकों पर समिति (सी सी एस सी एच) गठित करने केलिए अत्यधिक योगदान दिया था, इस समिति का आतिथ्य करने वाला राष्ट्र रहा।

सी सी एस सी एच (फरवरी 2014) के प्रथम सत्र के सफलतापूर्वक आयोजन के बाद, विविध इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूपों (ewGs) के जरिए काली, सफेद और हरी कालीमिर्च (बी डब्ल्यू जी पेप्पर), जीरा, थाइम, ओरगेनो केलिए प्रस्तावित मसौदा मानक विकसित करने तथा मसालों और पाकशाकों के ग्रूपिंग के नियत कार्य केलिए सूत्रपात किया। बोर्ड के वैज्ञानिकों ने बी डब्ल्यू जी पेप्पर के काम की अध्यक्षता, जीरे पर काम की उपाध्यक्षता, थाइम और ओरगेनो केलिए इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप में सदस्यों के रूप में सक्रिय भागीदारी की। इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूपों के नियत कार्यों की पूर्ति में कोडेक्स कक्ष सक्रिय रूप से शामिल रहा।

सी सी एस सी एच का द्वितीय सत्र कोडेक्स कक्ष की सक्रिय भागीदारी के साथ 14-18 सितंबर, 2015 के दौरान ललित गोल्फ एण्ड स्पा रिसोर्ट, गोआ में संपन्न हुआ। स्पाइसेस बोर्ड भारत द्वारा मेज़बानी किए सत्र में 38 राष्ट्रों के एक सौ प्रतिनिधियों और तीन अंतराष्ट्रीय प्रेक्षक (समीक्षक) संगठनों ने प्रतिभागिता की। बैठक में आलजीरिया, अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, बंगलादेश, कामरूँ, कनाडा, चिली, चीन, मिस्र इक्वटोरियल गिनिया, यूरोपीय संघ, जर्मनी, घाना ग्रेनेडा, भारत, इन्दोनेशिया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, इटली, जापान, केन्या, लिबिया, लक्सम्बर्ग, मलेशिया, मेक्सिको, मोरोक्को, नेपाल, नेथरलैंडस, नाइजीरिया, पराग्वे, पेरु, साउथ कोरिया, श्रीलंका, थाइलैंड, युनाइटड रिपब्लिक ऑफ तानज़ानिया, यू एस ए ने प्रतिनिधित्व किया। श्री आशिष बहुगुण, सभापति, एफ एस एस ए आई ने सत्र का उद्घाटन किया। बैठक पूर्व और बैठकोत्तर विचार-विमर्श दस्तावेज़न हेतु अंग्रेज़ी, फ्रेंच एवं स्पौनिश में किए गए। विचार-विमर्शों की व्याख्याएँ अंग्रेजी, स्पैनिश, फ्रेंच एवं अरबी की चार भाषाओं में दी गई थीं।

सी सी एस सी एच के विचार-विमर्श ठोस परिणाम ला सके। काली, सफेद और हरी कालीमिर्च, जीरा, ओरगेनो एवं थाइम केलिए विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक ग्रूपों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित मसौदा मानकों पर विचार किया गया, चूंकि प्रतिनिधियों ने अपेक्षित मानकों पर बहुत सारे इनपुट दिए थे। मतैक्य एवं इनपुटों के आधार पर समिति द्वारा जीरा एवं थाइम केलिए मानक अपनाए गए और कोडेक्स एलिमेन्टारियस के चरण 5 को उन मानकों को अग्रेषित करने का निर्णय लिया गया। कुछ राष्ट्रों से मसालों केलिए अनन्यतः नमूनन योजना विकसित करने हेतु संदेह उठाया गया। अतः ब्रज़ील की अद्यक्षता में एक इलेक्ट्रानिक वर्किंग ग्रूप इस नमूनन प्लान केलिए काम करेगा। इसलिए, नमूनन योजना हेतु ओरगेनो के मामले में, साबुत एवं पीसे ओरगेनो के रासायानिक पैरामीटरों के बारे में मतैक्य अभाव में,

बैठक ने एक इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप की अंग्रेजी और स्पैनिश में काम करने केलिए पुनः स्थापना की जिसकी अध्यक्षता अर्जेंटीना और उपाध्यक्षता तुर्की करेंगे। सुझाए गए मानक सुधार केलिए नए स्थापित इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप के वापस किए गए।

समय के अभाव में, काली, सफेद एवं हरी कालीमिर्च केलिए मानकों पर अतिरिक्त टिप्पणियां प्राप्त हुईं। भारत की अध्यक्षता और कामरूँ एवं इन्दोनेशिया की उपाध्क्षतावाली एक इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप की पुनः स्थापना की गई। प्रस्तावित मसौदा-मानक पुनः काम केलिए नए इ डब्ल्यू जी को लौटाया गया।

अर्जेंटीना (पैप्रिका), मिस्र (तुलसी व धनिया), भारत (सूखी या निर्जलित मिर्च, अदरक, लहसुन), इन्दोनेशिया (जायफल), ईरान (केसर), नाइजीरिया (सोंठ एवं लौंग) से प्राप्त 10 नई वर्किंग ग्रूप प्रस्ताव का यू एस शिष्टमण्टल के श्री डोरेन ला फोर्ड द्वारा अध्यक्षतावाले सत्र कालीन वर्किंग ग्रूप द्वारा अध्ययन किया गया।

नाइजीरिया से प्राप्त समान प्रस्ताव की समर्थन करते हुए भारत ने सोंठ केलिए प्रस्तुत अपना प्रस्ताव वापस लिया। उन दोनों प्रस्तावों को मिलाकर एकल प्रस्ताव बनाया गया और सी आर डी के रूप में प्रस्तुत किया गया। वानस्पतिक समानताओं और समान वानस्पतिक नाम 'कैप्सिकम ऐनुअम एल', पर विचार करते हुए भारत और अर्जेंटीना की मिर्च और पैप्रिका पर प्रस्तावों को भी मिलाया गया और कॉण्फ्रेस रूम डोक्यूमेंट (सी आर डी) के रूप में प्रस्तुत किया गया।

i) अनुमोदनार्थ संस्तुत (वरीयतानुसार)

- सोंठ या निर्जलीकृत अदरक (नाइजीरिया)
- सूखी मिर्च एवं पैप्रिका (इण्डिया और अर्जेंटीना)
- सूखी लहसुन (इण्डिया)

ii) सशर्त अनुमोदनार्थ

- तुलसी (मिस्र)
- केसर (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान)
- जायफल (इन्दोनेशिया)

iii) पुनर्विकास हेतु लौटाए

- धनिया (मिस्र)
- लौंग (नाइजीरिया)

अनुमोदनार्थ संस्तुत परियोजना दस्तावेज़ में सुधार लाया जा सकता है ताकि अद्यतन सूचना उपलब्ध कराकर अगले सत्र में पुनः प्रस्तुत किया जा सके। इस सत्र में, समिति द्वारा कोई नया कार्य प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया और भविष्य में उन प्रस्तावों पर विचार करते वक्त वरीयता-सूची का उपयोग किया जाएगा।

विकास के अधीन मानकों के भौतिक और रासायानिक पैरामीटरों में प्रयुक्त शब्दों की व्याकरण में कठिनाई होने के कारण शब्दावली की तैयारी केलिए एक दस्तावेज़ विकसित करने का निर्णय किया गया। प्रस्तावित मसौदा-मानक का "आगे का प्रक्रमण" केलिए परिभाषा के अलावा उसकेलिए एक सर्वसम्मत अनुमोदन की भी ज़रूरत है। इन पर यू एस के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप काम करेगा। द्वितीय सत्र की समाप्ति मसौदा रिपोर्ट को अपनाते और फरवरी 2017 के दौरान भारत में तृतीय सत्र रखने के निर्णय के साथ हुई।

ख) सत्रोपरांत कार्यकलाप

सी सी एस एच 2 रिपोर्ट को फ्रेंच और स्पैनिश में अनूदित करके कोडेक्स को प्रस्तुत किया गया और उन दस्तावेजों को कोडेक्स के वेबसाइट में अपलोड किया गया।

i) भविष्य के सत्रों की सह-मेजबानी

सी ए सी (2013) के 36 वें सत्र, सीसीआफ्रिका (2014) के 20 वे सत्र और सी सी एस सी एच (2014) के दूसरे सत्र के दौरान

नाइज़ीरिया ने सी सी एस सी एच के भावी सत्रों में सह-मेजबानी करने में रुचि जताई है। चूंकि सह-मेजबानी से संबन्धित नाइजीरिया सरकार से कोई पुष्टि नहीं हुई है, भावी सत्रों की तैयारी में सह-मेजबानी केलिए नाइजीरिया सरकार से परामर्श करके आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए नाइजीरिया के भारतीय उच्चायुक्त को एक पत्र लिखा गया। इस संबन्ध में नाइजीरिया के कोडेक्स कोंटेक्ट पॉइंट से भी संपर्क किया गया। नाइजीरिया में सी सी एस सी एच के तीसरे सत्र की मेजबानी के प्रस्ताव पर नाइजीरिया के कोडेक्स कोंटेक्ट पॉइंट के साथ अनुवर्ती कार्य पूरा हुआ। नाइजीरिया के भारतीय उच्चायुक्त, विदेश मंत्रालय (भारत सरकार) के साथ पत्राचार किया गया। नाइजीरिया के कोडेक्स कोंटेक्ट पॉइंट ने उत्तर दिया है कि वे सी सी एस सी एच के चौथे सत्र की सह-मेजबानी में रुचि रखते हैं।

सी सी एस सी एच की तीसरा सत्र, वैसे की मेजबानी भारत के द्वारा होगी जिसकेलिए भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त हुआ है।

बी डब्ल्यू जी कालीमिर्च के मानक केलिए ईडब्ल्यू जीयों के अध्यक्ष के रूप में बने रहने केलिए तथा मसालों व पाक शाकों के क्रमशः समूहीकरण केलिए बोर्ड से वैज्ञानिकों को पुनः मनोनीत किया गया।

(ii) नाशीजीवनाशी अवशेष पर कोडेक्स समिति (सी सी पी आर) में बोर्ड ने भाग लिया।

(iii) खाद्य स्वास्थ्य पर कोडेक्स समिति (सी सी एफ़ एच)

कोडेक्स सेल ने "ईडब्ल्यूजी ऑन ड्रैफ्ट अनेक्सेस फॉर द कोड ऑफ हाइजीनिक प्रैक्टिस फॉर लॉ-मोइश्चर फूड्स" और "द ईडबल्यूजी ऑन द नीड़ फॉर रिविशन ऑफ जेनेरल प्रिंसिपिल्स ऑन फूड हाइजीन" में सक्रिय रूप से भाग लिया।

(iv) विश्लेषण के तरीकों पर कोडेक्स समिति (सी सी एम ए एस)

"द ईडबल्यूजी फॉर डेवलपिंग ए डिस्कषन पेपर ऑन क्राइटीरिया एप्रोचस फॉर मेथड्स विच यूस ए 'सम ऑफ कम्पोणेंट्स' "में बोर्ड के एक वैज्ञानिक ने कार्य किया। कार्यसूची मद 3 "एन्डोर्समेंट ऑफ मेथड्र्स ऑफ एनालिसिस प्रोविशंस इन कोडेक्स स्टैंडर्ड्स", जिसे सी सी एम ए एस के 37 वें सत्र पर विचार केलिए लिया जाएगा, में सूखे जीरा और थाइम के विश्लेषण के तरीकों पर टिप्पणी भेजी गई।

(v) खाद्य आयात और निर्यात निरीक्षण व प्रमाणन प्रणालियों पर कोडेक्स समिति (सी सी एफ़ आई सी एस)

सी सी एफ़ आई सी एस के अधीन तीन ई डबल्यू जी यों में, "(क) खाद्य आयात व निर्यात की सहायता केलिए राष्ट्रों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान (प्रश्नावली सहित) केलिए प्रस्तावित सिद्धान्त और/या दिशानिर्देश, (ख) आयातित खाद्य के तिरस्कारों पर राष्ट्रों के बीच जानकारी के आदान-प्रदान के लिए मार्गनिर्देश (ग) आपातकाल स्थिति में खाद्य सुरक्षा में सूचना का आदान प्रदान केलिए प्रस्तावित संशोधित सिद्धान्त और दिशानिर्देश का प्रारूप", कोडेक्स सेल शामिल है।

(vi) खाद्य में संदूषण पर कोडेक्स समिति (सी सी सी एफ़)

सी सी सी एफ़ के तीन ई डबल्यू जी यों में कोडेक्स सेल ने सक्रियतापूर्वक कार्य किया,

- मसालों में माइकोटोक्सिनों को दूर करने और कम करने केलिए कार्य संहिता पर ई डबल्यू जी।

इस कार्य में हमारे बोर्ड से वैज्ञानिक ने सह-अध्यक्षता की और ई डब्ल्यू जी अध्यक्ष को अपनी राय प्रस्तुत की।

- "मसालों में माइकोटोक्सिनों केलिए अधिकतम स्तर के विकास और कार्य के संभावित प्राथमिकता" पर चर्चा-पर्चा केलिए ई डब्ल्यू जी।

अप्रैल 2014 के दौरान, बोर्ड के कोडेक्स सेल ने सी सी सी एफ़ के आठवें सत्र में मसालों में एफ़्लाटोक्सिन की स्थापना केलिए एक नया कार्य-प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उस सत्र के दौरान, इस बात पर

चर्चा की गई कि किन-किन मसालों में कौन-कौन से माइकोटोक्सिन होने चाहिए। इस संबंध पुनरीक्षा करके एक चर्चा-पर्चा तैयार की जाय में तदनुसार, सी सी सी एफ़ (मार्च 2015) के नौवीं सत्र में एक ई डब्ल्यू जी का गठन किया गया और चर्चा-पर्चा तैयार करके प्रस्तुत किया गया। इस कार्य में भारत द्वारा अध्यक्षता और इन्दोनेशिया व यूरोपीय संघ द्वारा सह-अध्यक्षता की गई। सी सी सी एफ़ 9 में, ई डब्ल्यू जी से चर्चा-पर्चा को सुधारने केलिए इस कार्य को जारी रखने को कहा गया। इसलिए, अध्यक्षता और सह-अध्यक्षता करनेवाले उन्हीं राष्ट्रों को शामिल करते हुए ई डब्ल्यू जी को पुनर्गठित किया गया और सी सी सी एफ़ 10 (अप्रैल 2016) में विवेचना केलिए संशोधित चर्चा-पर्चा तैयार किया गया। भारत की ओर से बोर्ड के एक वैज्ञानिक ने इस कार्य की अध्यक्षता की और विभिन्न सदस्य राष्ट्रों के ई डब्ल्यू जी द्वारा एकत्रित मसालों में विद्यमान माइकोटोक्सिन के दित्तों के पुनरीक्षण और चर्चा-पर्चा के प्रारूप तैयार करने केलिए कोडेक्स सेल ने सक्रिय रूप से कार्य किया।

सी सी सी एफ़ 10 (अप्रैल 2016) में सहायक महाप्रबन्धक, ए पी ई डी ए से कार्यसूची 11 और 13 केलिए स्पाइसेस बोर्ड की ओर से प्रतिनिधित्व करने का अनुरोध किया गया और उन्हें प्राधिकृत किया गया।

ग) सी सी सी एफ 10 में प्रस्तुत किए गए सी आर डी

i) सी सी सी एफ 10 की कार्यसूची 13 संबंधी एक कॉन्फ्रेंस रूम डोक्यूमेंट (सी आर डी) "डिस्कशन पेपर ऑन द डेवेलपमेंट ऑफ मैक्सिमम लेवेल्स फॉर मैकोटोक्सिन्स इन स्पाइसेस एंड पोसिबल प्रयोराइटैसेशन ऑफ वर्क" तैयार किया गया और एन सी सी पी द्वारा कोडेक्स सचिवालय को प्रस्तुत किया गया। सी आर डी ने राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा चलाए शोध कार्य जी ई एम एस (डब्ल्यू एच ओ) से प्राप्त खपत दित्ते और यू एस ए द्वारा प्रस्तुत दित्ते के आधार पर मसालों में माइकोटॉक्सिन केलिए प्रस्तावित एम एल को शामिल किया।

ii) सी सी सी एफ 10 की कार्यसूची 2 संबंधी एक कॉन्फ्रेंस रूम डोक्यूमेंट (सी आर डी) "मैटर्स रेफर्ड टु द कम्मिटी बै द कोडेक्स एलमेंटारियस कमीशन एंड/ओर इट्स सब्सिडियरी बोडीस" तैयार किया गया और एन सी सी पी के माध्यम से कोडेक्स सचिवालय को प्रस्तुत किया गया। इस सी आर डी में पर्ण-सब्जियों से भिन्न मसालों व पाक्य शाकों में संदूषण केलिए अनन्य एम एल को स्पष्ट किया गया।

आई एस ओ पहल

मैड्रिड, स्पेइन की 28 वीं बैठक आई एस ओ टी सी 34/ एस सी 7 के संकल्प सं. 395 के अनुसार, वर्तमान आई एस ओ 1208 विधि के प्रतिस्थापन केलिए बोर्ड ने मसालों व कोंडीमेंटों में कीचड़ की विश्लेषण-विधियों पर भारत का नया कार्य मद प्रस्ताव (एन डब्लयू आई पी) तैयार करके प्रस्तुत किया। अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड ने फ्रांस के पैरिस में आयोजित 9 वीं चेयरमेन एडवायसरी ग्रूप (सी ए जी) बैठक संबंधी एक विस्तृत रिपोर्ट वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत की। स्पाइसेस, कुलीनरी हेर्ब्स एंड कोंडीमेंट्स सेक्शनल कमिटी, एफ ए डी 9 की चौदहवीं बैठक स्पाइसेस बोर्ड, कोचिन में 12 मई 2015 को आयोजित की गई। एफ ए डी 9 की चौदहवीं बैठक स्पाइसेस बोर्ड, कोचीन में 12 मई 2015 को आयोजित की गई। एफ ए डी 9 की चौदहवीं बैठक की कार्यसूची मद संख्या 4.1 के मुताबिक संबंधित एफ एस एस ए आई विनियमों के संशोधन केलिए इलायची की अपेक्षाओं पर एक अध्ययन रिपोर्ट तैयार करके प्रस्तुत की गई। दस्तावेज़ आई एस ओ/टी सी 34/एस सी 7/एन 1207 बड़ी सौंफ बीज साबुत या पेषित (चूर्णित) भाग 1 कड़वा बड़ी सौंफ बीज (फोनीक्यूलम वलगर पी. मिल्लर वार. वलगर)-विनिर्देश पर दस्तावेज़ के और प्रक्रमण केलिए टिप्पण भेज दिए गए। आई एस ओ 2254: लौंग पर यू एन आई के सुश्री टिजियाना सला से प्राप्त पूछताछ - एंते नैशनेल इटालियनो डी यूनीफिकाजिओन, इतली (Ente Nazionale Italiano di

Unificazione, Italy) पर स्पष्टीकरण दिया गया।

आ) डब्लयू टी ओ : मानक व व्यापार विकास सुविधा

कोडेक्स सेल ने डब्लयू टी ओ एस टी डी एफ परियोजना निधीयन केलिए केरल, आंध्रप्रदेश, राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में कालीमिर्च, मिर्च, जायफल और जावित्री, जीरा व बड़ी सौंफ आदि जिन्सों की चुनौतियों को शामिल करके "कपासिटी शेयरिंग टु कोमबाट एस पी एस इश्यूज़ इन स्पाइसेस" नामक एक परियोजना शुरू की। मसाला व्यापार से जुड़े बारह सरकारी संगठनों (शैक्षिक और अनुसंधान) और निजी संघों ने समर्थन-पत्र द्वारा एस टी डी एफ परियोजना में अपना समर्थन दिया। डब्लयू टी ओ एस टी डी एफ ने परियोजना तैयार करने और विवरण देने की सैद्धान्तिक अनुमति दी।

क) अन्य क्रियाकलाप

(i) फिलिपाइन्स नैशनल स्टैनडार्ड "कोड ऑफ हाईजीनिक प्रैक्टीस फॉर स्पाइसेस एंड ड्राइड ऐरोमैटिक हेर्ब्स" पर टिप्पणियाँ भेज दी गई थीं।

(ii) बोर्ड के साथ संभावित सहयोग केलिए युनाइटेड स्टेट्स फार्माकोपीएल कन्वेन्शन से प्राप्त अनुरोध प्रस्तुत किया गया।

9. इ-स्पाइस बाज़ार

इ-स्पाइस बाज़ारः अनुरेखणीयता की ओर

मसाला अनुरेखणीयता की ओर देखते हुए स्पाइसेस बोर्ड भारत ने एक डिजिटल मंच के विकास की पहल की है जिससे मसाला कृषकों और निर्यातकों/खरीददारों की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (DeitY), भारत सरकार के सहयोग से 2015 में इ-स्पाइस बाज़ार का वेब पोर्टल विकसित करने केलिए एक प्रस्ताव तैयार किया गया था। तकनीकी समाधान प्रदान करने के अलावा इ-स्पाइस बाज़ार का उद्देश्य खेत व खेतिहरों की सम्पूर्ण अनुरेखणीयता सुनिश्चित करना और व्यापारियों के साथ मोलतोल केलिए कृषक समुदाय को सशक्त बनाना और परियोजना क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता को सुधारना है। दूसरी तरफ इ-स्पाइस बाज़ार गुणवत्ता मसालों के उत्पादन को बढ़ावा देने की ओर कार्य करता है।

परियोजना का पहला चरण, करीबन 1000 किसानों को शामिल करते हुए आंध्र प्रदेश के गुण्टूर जिले के एडलप्पाड मण्डल के मिर्च बढ़ाए जानवाले नौ गांवों में इस अवधारणा का एक नमूना शुरू किया गया। शुरू-शुरू में किसान ने इस प्रकार की पहलों पर कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन धीरे धीरे इ-स्पाइस बाज़ार लोकप्रिय बन गया और स्वीकृति का प्रतिशत बढता रहा है। इसका मुख्य कारण वेब पोर्टल के ज़रिए हुई बिक्री है। इसके साथ ही तेनाली क्षेत्र के हल्दी बढ़ाए जानेवाले इलाकों में एक आधारभूत सर्वेक्षण चलाया गया और हल्दी उत्पादक दलों का आयोजन प्रारम्भ किया। उत्पाद की गुणवत्ता के बारे में कृषकों के बीच जागरूगता पैदा करने केलिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं जिससे अपने उत्पाद केलिए उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो जाएँ। इस परियोजना के बिजीनस पहलू को और अधिक पारदर्शी बनाने केलिए कृषक उत्पादक संगठनों की भागीदारी अधिक महत्वपूर्ण होगी और चूंकि अकेले किसान खरीददारों की ज़रूरत के मुताबिक बीजक तैयार नहीं कर सकता इसलिए लेनदेन का कार्य एफ़ पी ओ देखेगा।

इस एक साल के सफर के दौरान, इ-स्पाइस बाज़ार को काफ़ी तजुर्बा मिला है और साथ ही इस परियोजना के परिणामों से कुछ महत्वपूर्ण बातें भी सीखने को मिली हैं, जिससे इस परियोजना को एक बेहतर तरीके से रूपायित करने में सहायता मिली है। अब इस परियोजना के दूसरे चरण पर कदम रखने का समय आ गया है और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अन्य जिलों में इस परियोजना को फैलाने का उचित समय भी यह है।

10. गुणवत्ता सुधार

स्पाइसेस बोर्ड की सर्वप्रथम गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला की स्थापना वर्ष 1989 में हुई। वर्ष 1997 में आई एस ओ 9002 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अधीन प्रमाणित हो गई और वर्ष 2009 में आई एस ओ 9001 में और वर्ष 1999 में ब्रिटीश स्टैंडर्ड्स इंस्टिट्यूट, यू.के. द्वारा आई एस ओ 14001 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के अधीन उन्नयन किया गया और राष्ट्रीय जांच एवं अंशाकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एन ए बी एल), विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा आई एस ओ/आई ई सी:17025 के अधीन सितंबर 2004 में यह प्रयोगशाला प्रत्यायित भी है।

यह प्रयोगशाला आयातक राष्ट्रों की अपेक्षाओं के अनुसार विश्लेषण कार्य चलाने केलिए परिष्कृत उपकरणों से पूरी तरह सुसज्जित है। वर्कशीटों की तैयारी और विश्लेषण परिणामों की प्रस्तुति सहित प्रयोगशाला की विश्लेषण सेवाओं केलिए उपयुक्त कागजात को "क्यू यू ए डी एम ए एस" नाम के सॉफ्टवेयर के ज़रिए ऑनलाइन बना दिया गया है जिससे प्रतिदिन हजारों कागजों की बचत होती है।

प्रयोगशाला के विश्लेषण की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने केलिए, यह खाद्य एवं पर्यावरण अनुसंधान अभिकरण (एफ़ ई आर ए), यू.के., अमेरिकन स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन (ए एस टी ए), यू एस ए, अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय (आई पी सी), जकार्ता, जैसे राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा आयोजित नमूना जांच/विधिमान्यकरण कार्यक्रम [फूड एनालिसिस प्रोफ़िशियनसी असेसमेंट स्कीम (एफ़ ए पी ए एस) एवं फूड एक्सामिनेशन प्रोफ़िशियनसी असेसमेंट स्कीम (एफ़ ई पी ए एस)] और भारत की एन ए बी एल प्रत्यायित प्रयोगशालाओं द्वारा आयोजित प्रवीणता जांच कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग ले रही है।

प्रयोगशाला प्रमुख आयातक देशों की और भारत की प्रमुख मसाला/मसाला उत्पाद विश्लेषण प्रयोगशालाओं के साथ एफ़्लाटोक्सिन, सुडान डाई I-IV और नाशकजीवनाशी अवशेष केलिए नियमित रूप से अंतरप्रयोगशाला नमूना जांच कार्यक्रम का भी आयोजन करती है। प्रयोगशाला के सभी तकनीकी स्टाफ को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बराबर अपनी विश्लेषण कुशलता को विकसित करने केलिए सी एफ़ टी आर आई, मैसूर, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण प्रयोगशाला, यू स ए, खाद्य उत्पादन विज्ञान संस्थान राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र, इटली आदि जैसी मान्य राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में समय समय पर प्रशिक्षित किया जाता है।

निर्यातकों को विश्लेषणात्मक सेवाएं तुरंत प्रदान करने के भाग के रूप में, स्पाइसेस बोर्ड ने प्रमुख उत्पादन/निर्यात केन्द्रों में प्रादेशिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं। बोर्ड ने पहले ही चेन्नई, गुण्टूर, मुंबई, नई दिल्ली और तूतिकोरिन में प्रादेशिक प्रयोगशालाएँ स्थापित की हैं। कोच्ची, मुंबई, गुण्टूर और चेन्नई की प्रयोगशालाओं को एन ए बी एल प्रत्यायन प्राप्त है और अन्य प्रयोगशालाएं प्रत्यायन प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। काण्डला की गु.मू.प्र. का निर्माण पूरा हो चुका है, कोलकोत्ता गु.मू.प्र. का निर्माण प्रगति पर है। मुंबई की प्रयोगशाला में जांच की जानेवाले नमूनों की भारी मात्रा और उसे मसाले/मसाले उत्पादों की विश्लेषण में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उन्नयन करने के उद्देश्य से स्पाइसेस बोर्ड महापे, नवी मुंबई (बिल्डिंग एरिया 4000 वर्ग मीटर) में पूरी बुनियादी सुविधाओं सहित एक नई प्रयोगशाला का निर्माण कर रहा है। प्रयोगशाला का निर्माण पूरा हो रहा है।

प्रयोगशाला ने भारतीय मसाला उद्योग को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान करना और देश में उत्पादित और प्रसंस्कृत मसालों की गुणवत्ता की निगरानी जारी रखा। स्पाइसेस बोर्ड के अनिवार्य जांच के तहत

परेषण नमूनों का विश्लेषण भी करता है। यहां मसाला और मसाले उत्पादों में नाशीजीवनाशी अवशेष, एफ़्लाटोक्सिन, भारी लोह और संदूषण/मिलावटी कृत्रिम रंजक सहित विभिन्न भौतिक, रासायनिक और सूक्ष्मजीवीय पैरामीटरों के विश्लेषण की सुविधाएं हैं। यह प्रयोगशाला विभिन्न विश्लेषणों केलिए अंतर्राष्ट्रीय तौर पर स्वीकृत जांच तरीकों का अनुसरण करती है और जब कभी आवश्यकता हो, नई तरीकों को अपनाती है।

अ) विश्लेषणात्मक सेवाएं

प्रयोगशाला ने मिर्च, मिर्च उत्पादों, हल्दी पाउडर और मिर्चवाले अन्य खाद्य उत्पादों के परेषणों के अनिवार्य नमूनन के अधीन सुडान डाई I-IV एवं एफ्लाटोक्सिन की मौजूदगी केलिए मिर्च एवं मिर्च उत्पादन का विश्लेषण ज़ारी रखा।

सनसेट येलो केलिए चीनी लेपित बडी सौंफ बीजों का विश्लेषण; यूरोपीय यूनियन को भेजनेवाले परेषणों में नाशीजीवनाशियों केलिए नामतः प्रोफेनोफोस, ट्रियसोफोस और एंडोसल्फान केलिए करी पत्ते की जांच; जापान को भेजनेवाले जीरे और मिर्च परेषणों में नाशीजीवनाशियों केलिए नामतः प्रोफेनोफोस, ट्रियसोफोस, एथियॅन और इप्रोबेनफोस को भी बोर्ड के अनिवार्य निरीक्षण के अधीन लाया गया। बाहरी चीज़ों तथा जीरा से अलग अन्य बीजों केलिए जीरे का विश्लेषण बोर्ड के अनिवार्य निरीक्षण के अधीन लाया गया।

प्रयोगशाला पैरा रेड, रोड़ामिन बी, बट्टर येल्लो, सुडान रेड 7बी, सुडान ऑरेंज जी आदि जैसे अन्य अवैध रंजकों के विश्लेषण केलिए भी सेवाएं प्रदान कर रही है। प्रयोगशाला ने ओक्राटोक्सिन ए, काली कालीमिर्च में खनिज तेल की खोज, और इलायची में अवैध रंजकों की खोज केलिए भी अपनी विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान की हैं।

वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान, प्रयोगशाला ने एफ्लाटोक्सिन, अवैध रंजकों, नाशीजीव अवशेषों, *सालमोनेल्ला* सहित विभिन्न पैरामीटरों केलिए 98408 नमूनों का विश्लेषण किया, और विश्लेषणात्मक शुल्क के रूप में ₹ 14,96,62,888 की राशि संगृहीत की। विश्लेषण किए गए 98408 नमूनों में से 72070 परेषण नमूने थे।

आ) मानव संसाधन विकास कार्यक्रम

प्रयोगाशाला के कार्मिकों की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के भाग के रूप में वर्ष 2015-16 की अवधि के दौरान प्रयोगशाला के स्टाफ सदस्यों ने निम्नलिखित/राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय/प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं में भाग लियाः

क) 7-18 सितंबर 2015 के दौरान ई यू कमीशन डाइरेक्टरेट्स जेनरल फॉर फूड एंड हेल्थ सेफ़्टी, बेलजियम में माइकोटोक्सिन्स पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम।

ख) यूरोपीय संघ के वित्त पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रमः 15-26 फरवरी 2016 के दौरान ब्रसल्स, बेलजियम में आयोजित सुरक्षित खाद्य केलिए बेहतर प्रशिक्षण

ग) 25-28 मई 2015 को आई एस ओ/आई ई सी 17025-2005 के अनुसार सेंटर फॉर इलेक्ट्रोनिक टेस्ट इंजीनियरिंग, बैंगलूर में प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

घ) 26-28 नवंबर 2015 को आई सी ए आर राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे में जी सी एम एस/एम एस व एल सी एम एस/एम एस के प्रयोग से मसालों में नाशकजीवनाशी विश्लेषण केलिए बहु अवशेष विधि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ङ) 16-19 नवंबर 2015 को आई एस ओ/आई ई सी 17025-2005 के अनुसार सेंटर फॉर इलेक्ट्रोनिक टेस्ट इंजीनियरिंग, बैंगलूर में प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

च) 23-09-2015 को चेन्नई में सेमिनार सीरीस 2015-16 में शिमाड्जू खाद्य सुरक्षा पर सेमिनार

छ) 2-7 जुलाई 2015 को आई एस ओ/आई ई सी 17025-2005 के अनुसार प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ज) 16-19 नवंबर 2015 को आई एस ओ/आई ई सी 17025-2005 के अनुसार एस टी क्यू सी, बैंगलूर में प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

झ) 04-03-2016 को वाटर्स, चेन्नई में मास स्पेक्ट्रोमेट्री सेवा सेमिनार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ञ) 22-04-2015 को एन ए बी एल द्वारा आयोजित आई एस ओ 9001 मानक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ट) 11 - 14 अगस्त 2015 को एन आई टी एस, नोइडा में आई एस/आई एस ओ/आई ई सी 17025 के अनुसार प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ठ) 08-11 सितंबर 2015 को आई आई क्यू एम, जयपुर में आयोजित आई एस/आई एस ओ/आई ई सी 17025:2005 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ड) 25-05-2015 से 28-05-2015 तक फाइन फिनिश ट्रेनिंग स्कूल, तलोजा, मुंबई में आई एस ओ/आई ई सी 17025/2005 के अनुसार प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ढ) 27-10-2015 से 31-10-2015 तक एस टी क्यू सी, हैदराबाद में आई एस ओ/आई ई सी 17025/2005 के अनुसार प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ण) 02-07-2015 से 05-07-2015 तक होटल अबाद प्लाज़ा, कोचिन में आई एस ओ/आई ई सी 17025/2005 के अनुसार प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन व आंतरिक लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

इ. मसाला उद्योग के तकनीकी कार्मिकों केलिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 2015-16 के दौरान प्रयोगशाला ने मसालों व मसाला उत्पादों के भौतिक, रासायनिक, अवशेषात्मक एवं सूक्ष्मजैविक पैरामीटरों के विश्लेषण पर चार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। विभिन्न मसाला उद्योगों के तकनीकी कार्मिकों सहित कुल 24 सदस्यों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया और प्रशिक्षण शुल्क के रूप में ₹ 2,73,600 रुपए की आय प्राप्त की गई। साथ ही प्रयोगशाला ने एम.एससी. अंतिम वर्ष के 17 छात्रों और बी.एससी. अंतिम वर्ष के तीन छात्रों को इंटर्नशिप केलिए शोध प्रबंध सुविधाएं और मार्गदर्शन प्रदान किए।

ई. राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भागीदारी

प्रयोगशाला मसालों/मसाला उत्पादों के गुणवत्ता मामले, विनिर्देशन के सूत्रीकरण से जुड़ी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेती है। वर्ष 2015-16 के दौरान प्रयोगशाला के अधिकारियों ने निम्नलिखित कार्यक्रमों में भाग लिया:

- 10-13 फरवरी 2016 के दौरान न्यूरंबर्ग, जर्मनी में आयोजित बायोफाक 2016
- 26-28 अगस्त 2015 के दौरान पेरु में आयोजित एक्स्पोएलीमेंटारिया 2015
- 11-20 अप्रैल 2015 के दौरान चीन में सम्पन्न कोडेक्स बैठक, सी सी पी आर बैठक।
- 25-27 अप्रैल 2016 को सम्पन्न आई पी सी गुणवत्ता समिति बैठक, मलेशिया।
- 3 से 19 सितंबर 2015 तक के दौरान गोवा में आयोजित

मसालों व पाक शाक पर कोडेक्स समिति के दूसरे सत्र में उपस्थित रहे।

- 28 सितंबर 2015 को इंडिया हाबिटाट सेंटर में एफ़ एस एस ए आई द्वारा यू एस एफ़ डी ए के सहायोग से आयोजित खाद्य सुरक्षा विज्ञान पर एक उच्चस्तरीय तकनीकी परिसंवाद।

उ) आई एस ओ प्रणालियों से जुड़े कार्यकलाप

गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, कोच्ची में 19-20 अक्तूबर, 2015 को ब्रिटीश मानक संस्था द्वारा आई एस ओ 9001:2001 (क्यू एम एस) और आई एस ओ 14001 (ई एम एस) का पुनर्मूल्यांकन पूरा किया गया और 22 व 23 अगस्त, 2015 को एन ए बी एल द्वारा आई एस ओ 17025:2005 का पुनर्मूल्यांकन पूरा किया गया। प्रयोगशाला के सभी उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए। गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, चेन्नई में 30 व 31 जनवरी 2016 को एन ए बी एल द्वारा आई एस ओ 17025:2005 का पुनर्मूल्यांकन पूरा हुआ। मुंबई में, 16 व 17 जनवरी 2016 को एन ए बी एल द्वारा आई एस ओ 17025:2005 का पुनर्मूल्यांकन पूरा हुआ। गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, गुण्टूर ने 23 मार्च 2016 को 17025:2005 के अधीन सफलतापूर्वक डेस्कटॉप लेखापरीक्षा पूरी की। गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, नरेला ने 18 फरवरी 2016 को एन ए बी एल द्वारा आई एस ओ 17025:2005 सिस्टम प्रत्यायन का पुनर्मूल्यांकन पूरा किया। गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, तूतिकोरिन अभी 17025:2005 सिस्टम के अधीन प्रत्यायन प्राप्त होने की प्रक्रिया में है।

ऊ) आस्टा (ए एस टी ए) नमूना जांच कार्यक्रम

प्रयोगशाला अमेरिकन स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन द्वारा चलाए गए ए एस टी ए नमूना जांच कार्यक्रम में नियमित रूप से भाग ले रही है। वर्ष के दौरान कोच्ची, मुंबई, गुण्टूर, चेन्नई, तूतिकोरिन और नरेला की प्रयोगशालाओं ने मिर्च में रंग मूल्य कैप्सेइसिन और जल सक्रियता; ओरीगेनो में कुल राख़, एसिड अघुलनशील राख, वाष्पशील तेल और नमी; कालीमिर्च में नमी; पिपेरीन घटक और जल सक्रियता पैरामीटरों केलिए कार्यक्रम में भाग लिया। विश्लेषण केलिए कुल 128 नमूने प्राप्त हुए और प्राप्त परिणाम "Z" स्कोर की मंजूर सीमाओं के बिलकुल अंदर पाए गए।

ऋ) स्पाइसेस बोर्ड जांच नमूना/प्रवीणता जांच कार्यक्रम

अंतरप्रयोगशाला जांच नमूना कार्यक्रम के अधीन गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला ने विविध भौतिक, रासायनिक, अवशेष व सूक्ष्मजैविक पैरामीटरों केलिए 26 कार्यक्रम चलाए गए और प्राप्त परिणाम "Z" स्कोर की मंजूर सीमाओं के बिलकुल अंदर पाए गए।

एफ़ ए पी ए एस, यूरोफिन्स जर्मनी जैसे विविध अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा चलाए गए प्रवीणता जांच कार्यक्रम के अधीन सभी प्रयोगशालाओं ने एफ़्लाटोक्सिन, ओक्राटोक्सिन, सुडान रंजक, पैरा रेड, रोड़ामीन बी और भारी लोह जैसे विभिन्न पैरामीटरों केलिए कुल 28 कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया और प्राप्त परिणाम संतोषजनक रहा।

ए) आई एस ओ मानकों के साथ भारतीय मानकों का तालमेल

प्रयोगशाला के स्टाफ ने आई एस ओ मानकों के साथ भारतीय मानकों के तालमेल में भाग लिया जो भारतीय मानक ब्यूरो (बी आई एस), एफ़ एस एस ए आई और आई एस ओ सचिवालय के सहयोग से किया जा रहा है। प्रयोगशाला स्टाफ ने विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप (कालीमिर्च, जीरा, ओरेगानो एवं थाइम केलिए प्रारूप मानक और मसालों के सामूहिक मानकों पर चर्चा के कागज़ात) के नेतृत्व करते हुए मसाले व पाक शाक पर कोडेक्स समिति में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस समिति का दूसरा सत्र 13 - 19 सितंबर, 2015 को गोवा में सम्पन्न हुआ। मसालों के विनिर्देशों/गुणवत्ता मामलों से संबन्धित विविध दस्तावेज़ों पर टिप्पणियों/सुझावों को बी आई एस, आई एस ओ, आई पी सी और कोडेक्स

सचिवालयों को जिस तरह इन राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों/अभिकरणों द्वारा मांग किया था उसी रूप में प्रदान किया गया।

ऐ) ली गई परियोजनाएं

- प्रयोगशाला सूक्षजैविक विश्लेषण केलिए नवीनतम आधुनिक उपकरण प्राप्त करते हुए एक "सेंटर ऑफ एक्सलेन्स इन माइक्रोबयोलजी" की स्थापना कर रही है। इस परियोजना के अधीन ज़्यादातर उपकरणों को प्राप्त किया गया है और स्थापित किया जा रहा है।

- स्पाइसेस बोर्ड ने प्रणाली विकास, तकनोलजी अंतरण और QuEChERS तकनीक के प्रयोग से नाशीजीवनाशी अवशेष के उच्च संवेदनशीलता विश्लेषण केलिए प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय अंगूर रेफेरल प्रयोगशाला, एन आर सी जी, पुणे के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन में तीन मसाले नामतः मिर्च, इलायची और जीरा को शामिल किया गया है। एन आर सी जी, पुणे ने प्रणाली विकास भाग को पूरा किया है और स्पाइसेस बोर्ड की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं के स्टाफ को अपनी प्रयोगशाला में प्रशिक्षण दिया गया। बोर्ड की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं में प्रणाली का कार्यान्वयन प्रगति पर है।

- स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची में सम्पन्न एफ़ ए डी 9, मसाले व मिश्रण, के 14 वें सत्र द्वारा अनुमोदित अनुसार सात उत्तर पूर्वी राज्यों में बढ़ाई जानेवाली हल्दी के करक्यूमिन घटक पर अध्ययन कार्य गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, तूतिकोरिन द्वारा चलाया जा रहा है। यह अध्ययन पूरा होने को है।

- काण्डला में नई प्रयोगशाला का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और प्रयोगशाला के कार्यकरण केलिए आवश्यक सभी उपकरण आदि खरीद लिए गए हैं और उन्हें स्थापित किया जा रहा है।

- मुंबई प्रयोगशाला केलिए नए भवन का निर्माण पूरा हो रहा है।

11. निर्यातोन्मुख अनुसंधान

भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान, स्पाइसेस बोर्ड में उपजातियों के सुधार, जैव प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप, एकीकृत पोषक तत्व, नाशीजीव और रोग प्रबंधन जैसे विभिन्न पहलुओं पर छोटी इलायची (*Elettariacardamomum* (*L*) *Maton*) और बड़ी इलायची (*Amomum subulatumRoxb.*) पर अनुसंधान कार्य चलता है। समन्वित नाशीजीव प्रबंधन पर सलाहकार सेवा, मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरक सिफ़ारिशें, स्पाइस क्लिनिक, मसाले उत्पादन प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण, जैव अभिकारकों का उत्पादन और छोटी व बड़ी इलायची रोपण सामग्रियों की आपूर्ति जैसी विस्तार गतिविधियां भी शामिल हैं।

अ) फसल सुधार

(क) छोटी इलायची

आई सी आर आई मैलाडुंपारा में छोटी इलायची की पाँच किस्मों/चयनों, जैसेकि आई आई एस आर विजेता, आई आई एस आर अविनाश, अर्जुन, पप्पालु और तिरुडाली, को एकत्रित किया गया और जर्मप्लासम कंसर्वेटरी में संरक्षित है। संपुटिका आकार, संपुटिका आकृति और उपज आदि जैसे विभिन्न गुणों केलिए 346 जर्मप्लासमों का मूल्यांकन कार्य ज़ारी रखा। कट्टे वाइरस, प्रकन्द सड़न और आर्द्र पतन के खिलाफ इलायची की बहूरोग रोधी किस्म के विकास केलिए नई प्रजनन कार्यक्रमों की पहल की गई। आर आर एस सकलेशपुर में इलायची जर्मप्लासम की कुल 234 प्राप्तियों को सुरक्षित रखा गया। इलायची की कट्टे सहिष्णु किस्म (के ई 2) की आंचलिक किस्म निर्मोचन समिति के द्वारा लिए निर्णय के अनुसार सहिष्णुता की जांच और पुष्टि केलिए ज़ेड ए एच आर एस, मुड़िगेरे (यू ए एच एस शिमोगा) में आपूर्ति की गई। पारंपरिक क्षेत्रों में किसानों को वितरित करने केलिए इलायची की रोग सहिष्णु क़िस्मों (के ई 2, आई आई एस आर अविनाश और आई आई एस आर विजेता) का गुणन किया जा रहा है। इलायची के एफ़1 संकरों (2008-2009) में से आई सी आर आई 3 x एस के पी 184 से अधिकतम उपज (1633.0 कि.ग्रा./हे.) और उसके बाद एस के पी 189 x पालकुडी से 1564.1 कि.ग्रा./हे. प्राप्त हुई। मसालों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (ए आई सी आर पी एस) के तहत सूखा सहिष्णु केलिए इलायची के आठ चयनित जीनोटाइपों का खेत मूल्यांकन जारी है।

(ख) बड़ी इलायची

नए जर्मप्लासमों को एकत्रित करने केलिए सिक्किम के पूर्वी व पश्चिम जिलों व अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के विभिन्न इलाकों में सर्वेक्षण चलाया गया। बेलक, बेबो, ताली और जाकर से अमोमम प्रजाति के सहित 22 जर्मप्लास प्राप्तियों को एकत्रित करके आई सी आर आई, आर आर एस, स्पाइसेस बोर्ड, तादोंग, गान्तोक अनुसंधान फार्म में सुरक्षित रखा गया। उच्च उपजवाली लाइनों और अन्य विशेष गुणों पर आधारित 287 प्राप्तियों सहित पाँथांग और काबी (सिक्किम) के आई सी आर आई, अनुसंधान फार्मों में स्थापित व बनाए रखे गए जर्मप्लासम संरक्षणालय में जीनोटाइपों का मूल्यांकन जारी रहा। बरलाँगे और गोलसे के बीच के संकरों को तैयार किया गया और एफ़ 1 संकरों का उत्पादन किया गया। बड़ी इलायची की छह क़िस्मों के विभिन्न गुणों का अध्ययन किया गया।

आ) जैव प्रौद्योगिकी

आणविक और आकृति विज्ञान उपकरणों के प्रयोग से छोटी इलायची की 100 तथा बड़ी इलायची के 50 चयनित प्राप्तियों, दोनों की

निर्मोचित सभी क़िस्मों सहित, की आनुवंशिक विविधता विश्लेषण जारी रहा। मलाबार प्रजाति विशेष स्कार मार्कर विकसित किया गया। इलायची पादपों को इन विट्रो बीज संवर्धन से सफलतापूर्वक बढ़ाया गया। इलायची में प्रभावित *फ्यूसेरियम ऑक्सीस्पॉरम* में अपने डी एन ए घटकों का क्लोनिंग व अनुक्रमण सफलतापूर्वक किया गया। जायफल में लिंग विशेष आण्विक मार्करों के चयन की जांच के परिणाम में बैंडिंग पैटर्न में नर व उभयलिंगी विशेषतायुक्त आई एस एस आर मार्कर आए। घटकों का क्लोनिंग व अनुक्रमण प्राप्त किया गया। बड़ी इलायची में माइक्रो साटलाइटों को तैयार करने केलिए जैवसूचना विज्ञान उपकरणों का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया। कालीमिर्च में सी एम वी और पी वाई एम ओ वी (CMV & PYMoV), छोटी इलायची में सी डी एम वी (CdMV) और बड़ी इलायची में एल सी सी वी जैसे विभिन्न विषाणु रोगों का आण्विक निदान किया गया। वाइरल निदान डी एन ए व आर एन ए विषाणु अलगाव व विश्लेषण पर पी जी टी यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। "Report on Archaeobotanical inquiries - 9th season Pattanam Excavation Report, 2015 (ISBN: 81-854999-58-6)" शीर्षक पुरातात्विक सस्यविज्ञान संबन्धित पूछताछों पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई। छोटी इलायची एलेटेरिया कार्डमम मेटन जर्मप्लासम का आण्विक लक्षण और किस्म विशेष स्कार मार्करों का विकास शीर्षक थिसीस पर आंध्र विश्वविद्यालय, वाल्टयर के अधीन जैवप्रोद्योगिकी प्रभाग के एस आर एफ़ को डाक्टरी डिग्री प्रदान की गई। 'कार्डमम ट्रांस्क्रिप्टोम प्रोजेक्ट' पूरा हो गया है और रोग संबंधी मार्करों पर सूचना तैयार करने केलिए दित्ता विश्लेषण का कार्य प्रगति पर है।

इ) कृषि विज्ञान और मृदा विज्ञान

(क) छोटी इलायची

फसल उत्पादकता बढ़ाने केलिए मिट्टी की ऊर्वरता आकलन और सूचना प्रबंधन पर केरल राज्य परियोजना के भाग के रूप में ग्राम पंचायत स्तर पर केरल के इडुक्की जिले के पूरे कार्डमम हिल रिज़र्व (सी एच आर) को शामिल करते हुए प्रमुख, माध्यम व सूक्ष्म पोषकों के विश्लेषण केलिए आई सी आर आई मैलाडुंपारा द्वारा 20000 से भी अधिक मृदा नमूनों को लिया गया। इन विवरणों से मृदा उर्वरता मैप तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार करने में सहायता मिलती है। इनका मुख्य निष्कर्ष, 80% से भी अधिक मृदा के गुण अम्लीय से अति अम्लीय (<5 पीएच) है और उपलब्ध फॉस्फोरस घटक अधिक से बहुत अधिक (>3 एम जी /100 ग्राम) है। काफी क्षेत्रों में मृदा में उपलब्ध मग्नीशियम और सल्फर की कमी रिपोर्ट की गई। बहुतेरे इलायची बढ़ाई जानेवाले इलाकों में बोरॉन और ज़िंक जैसे सूक्ष्म पोषकों की कमी रिकॉर्ड की गई। बेहतर उत्पादकता केलिए उच्च अम्लीयता स्तर को लाईम/डोलोमाइट के प्रयोग से ठीक किया जा सकता है। माध्यम व सूक्ष्म पोषकों की कमी को ज़िंक सल्फेट, बोराक्स एवं मग्नीशियम सल्फेट (250 ग्राम प्रति 100 लीटर जल) के मिश्रित पर्णीय प्रयोग के द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। इसी प्रकार जहां कहीं मिट्टी में फॉस्फोरस की मात्रा अधिक से बहित अधिक हो, फॉस्फोरस मिश्रित खादों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। 20 किलोग्राम मौलिक सल्फर जोड़ने से न केवल उत्पादन में वृद्धि होती है बल्कि गुणवत्ता (तेल, स्वाद और सुगंध बढ़ाता है) भी बढ़ती है। दीर्घकालीन खाद उपयोग पर हुई एक खेती जांच से सूचना मिलती है कि इलायची संपुटिकाओं (उच्चतर लीटर भार) की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने केलिए कंपोस्ट और केंचुआ कम्पोस्ट का प्रयोग बहुत ज़रूरी है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान केरल व तमिलनाडु के इलायची किसानों से प्राप्त 1599 मृदा नमूनों का वैज्ञानिक रूप से विश्लेषण किया गया और बेहतर उत्पादन केलिए उचित उर्वरण और मृदा संशोधन की संस्तुति दी गई। केरल व तमिलनाडु क्षेत्र के 500 से अधिक किसानों को इस सलाहकार सेवा का लाभ मिला।

(ख) बड़ी इलायची

खेती जांच से सूचित होता है कि बोरॉन, ज़िंक और मांगनीस जैसे

सूक्ष्म पोषकों का संयुक्त प्रयोग बेहतर विकास और उपज केलिए सहायक है। स्वस्थाने मृदा नमी संरक्षण कार्य, नामतःऊपरी सतह पर पतवार बिछाना, पर अध्ययन ने बड़ी इलायची के सूखी उपज सबसे अधिक रिकॉर्ड की गई।

ई) रोग विज्ञान

(क) छोटी इलायची

इडुक्की जिले के विभिन्न स्थानों पर छोटी इलायची में रोग निगरानी कार्य चलाया गया। चार सौ बयालीस मृदा नमूनों को मृदा जन्य कवक और मृदा सूक्ष्म-वनस्पति की जांच केलिए इडुक्की जिले से एकत्रित किए गए। मैलाडुम्पारा के आई सी आर आई जर्मप्लासम संरक्षणालय में रखे गए 346 छोटी इलायची जेनोटाइपों में विभिन्न कवकीय और विषाणु जन्य रोगों की घटनाओं की सावधिक रिकार्डिंग किया गया। इलायची संपुटिका में नाशीजीवनाशी अवशेष पर ओज़ोन के प्रभाव पर अध्ययन के अधीन इलायची पर इनविट्रो उपचार लगाया गया और गुणवत्ता पैरामीटरों केलिए नमूनों का विश्लेषण किया गया। क्षेत्र व्यापक एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन परियोजना (ए डबल्यू आई पी एम) के तहत राजाक्काड पंचायत में काली कालीमिर्च केलिए पाँच प्रदर्शन प्लॉटों का विकास किया गया। राजक्काड पंचायत के पचास बागानों में कालीमिर्च की बीमारियों पर एक सर्वेक्षण चलाया गया। छोटी इलायची, कालीमिर्च, वैनिला, जायफल और अदरक सहित 156 संख्या में रोगग्रस्त पादप नमूनों का निदान किया गया और प्रगतिशील किसानों को खेती सलाह सेवा प्रदान की गई। प्रकंद सड़न (खेत में रोग लगने से बचे) केलिए सहिष्णु पाँच जर्मप्लासम को आई सी र आई फार्म, मैलाडुम्पारा में एकत्रित और बनाए रखा गया। सकलेशपुर में खेत मूल्यांकन के आधार पर प्रकन्द सड़न सहिष्णु 15 जर्मप्लासम प्राप्तियों को इन्विवो छंटाई केलिए पॉली बैगों में लगाया गया। मैलाडुम्पारा में ट्राइकोड़ेर्मा लिक्विड (2242 ली.), ट्राइकोड़ेर्मा सॉलिड (3249 किलोग्राम), स्यूडोमोनास लिक्विड (4645 ली.) जैसे कवकीय और जीवाणु जैवकारकों और ब्यूवेरिया का द्रव सूत्रीकरण (29 ली.) का बड़े पैमाने पर गुणन किया गया और प्रगतिशील किसानों को आपूर्ति की गई। आई सी आर आई, मैलाडुम्पारा में स्यूडोमोनास फ्लूरासेन्स और ट्राइकोड़ेर्मा हर्ज़ियानम् जैसे जैवनियंत्रण अभिकारकों के उत्पादन पर प्रगतिशील कृषक, बेरोजगार युवा और गैर सरकारी संगठन को शामिल करते हुए सात बैचों में व्यक्तिगत प्रशिक्षण (हैन्ड्स ऑन ट्रेनिंग) दिया गया। सकलेशपुर में, ट्राइकोडेर्मा (सॉलिड) का 3249 किलोग्राम, ट्राइकोडेर्मा हर्ज़ियानम् (लिक्विड) का 235 लीटर और स्यूडोमोनास फ्लूरासेन्स (लिक्विड) का 1489 लीटर तैयार किया गया और कर्नाटक के ज़रूरतमंद इलायची कृषकों को सप्लाई किया गया।

(ख) बड़ी इलायची

आई सी आर आई फार्म, सिक्किम में चलाए गए एक अध्ययन से पता चला है कि पर्ण चित्ती प्रभाव को कम और नियंत्रित करने में छाछ (5%) के छिड़काव की तुलना में स्यूडोमोनास फ्लोरेसेन्स (5%) का छिड़काव सबसे अधिक प्रभावशाली है। सिक्किम राज्य और पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले के 10 स्थानों को शामिल करते हुए 52 बगानों में बड़ी इलायची के रोगों पर एक सर्वेक्षण चलाया गया। सिक्किम के दो हॉट स्पॉट इलाकों में चित्ती रोग रोधी लाइनों की छह प्राप्तियों, जैसेकि एससीसी 12, एससीसी 22, एससीसी 179, एससीसी 2, एससीसी 8, एससीसी 8, एससीसी 11 और आई सी आर आई सिक्किम 2 की खेत सहिष्णु केलिए जांच की गई। किसी भी प्राप्ति को चित्ती प्रकोप से मुक्त नहीं पाया गया। सिक्किम राज्य पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले के किसानों को बड़ी इलायची, अदरक, हल्दी और अन्य मसालों के रोग प्रबंधन केलिए 720 लीटर स्यूडोमोनास फ्लोरेसेन्स को उत्पादित करके वितरित किया गया। सिक्किम के किसानों केलिए जैव अभिकारक उत्पादन और खेत प्रदर्शन पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण चलाए गए।

उ) कीट विज्ञान

